2 फरीदाबाद
आखिर बरसात में ही क्यों आती है नालों और हार्वेस्टरों की याद?

6 अभिमत
मदांधता में खुदकुशी करने का 'सौभाग्य'

9 देश/विदेश
काशी, मथुरा मंदिरों के मूल स्थलों को हासिल करने पर काम करेगी विहिप

12 कसौटी
भूपेंद्र हुड्डा की गारंटी फेल अपने ही घर में हारे

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 139
फरीदाबाद, रविवार, 26 जून, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



हरमनप्रीत की अगुवाई में भारत ने श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला जीती

पेज - 11

## जितनी धन-संपदा आईएएस-आईपीएस अफसरों के पास, उतनी किसी के पास नहीं : केंद्रीय मंत्री

## भ्रष्टाचार में गिरफ्तार पंजाब के आईएएस संजय पोपली के घर रेड

# 12.5 किलोग्राम सोना मिला, आरोपी के बेटे ने खुद को गोली से उड़ाया

**तलाशी के दौरान सोने के 49 बिस्किट, चार आई फोन, दो स्मार्ट वॉच मिली**

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**भ्रष्टाचार** के आरोप में गिरफ्तार आईएएस ऑफिसर संजय पोपली के घर से शनिवार को तलाशी के दौरान साढ़े 12 किलो सोना बरामद हुआ है। पोपली के घर से सोने की एक किलो वाली नौ ईंटें, सोने के 3.16 किलो के 49 बिस्किट और 356 ग्राम के 12 सोने के सिक्के मिले हैं। इसके अलावा चांदी की एक-एक किलो की तीन ईंटें भी मिली हैं। चांदी के 10-10 ग्राम के सिक्के भी बरामद हुए हैं। इसके साथ ही चार आईफोन, एक सेमसंग का फोल्डर फोन, दो स्मार्टवॉच और 3.50 लाख रुपये कैश भी मिला है।

यह बरामदगी पोपली के सेक्टर 11बी स्थित मकान नंबर 520 के स्टोर रूम में पड़े काले रंग के लेदर बैग से हुई। उसे छिपाकर रखा गया था। इसी बरामदगी के दौरान पोपली के बेटे कार्तिक पोपली की गोली लगने से मौत हो गई। विजिलेंस अफसरों का कहना है कि कार्तिक ने खुद को गोली मारी है, जबकि कार्तिक की मां ने विजिलेंस टीम पर हत्या का आरोप लगाया है।



**इकलौते बेटे की मौत से दुखी मां को सहारा देते परिजन।**

बता दें, संजय पोपली ने करनाल के ठेकेदार से नवांशहर में 7.30 करोड़ के सीवरेज प्रोजेक्ट में एक फीसद कमीशन मांगा था। ठेकेदार ने विभाग के सुपरिटेंडिंग इंजीनियर संजय वत्स के जरिए 3.50 लाख दे दिए। इसके बाद पोपली का सीवरेज बोर्ड से तबादला हो गया। इसके बावजूद वह बाकी 3.50 लाख रुपये का दबाव डालने लगे, जिसकी रिकॉर्डिंग कर ठेकेदार ने सीएम हेल्पलाइन पर कंप्लेंट कर दी, जिसके बाद पोपली को चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया।

उधर, इकलौते बेटे की मौत के बाद मां ने कहा कि उसके बेटे की मौत के लिए पुलिस जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि जब तक इन पुलिस वालों की वर्दी न उतरवाई, वह बेटे के खून लगे हाथ को नहीं धोएंगी।

कार्तिक की मां ने कहा कि तलाशी के दौरान, जब वह ऊपर गई तो विजिलेंस वाले ने उनके बेटे पर पिस्टल तान रखी थी। इसके बाद उन्हें नीचे भेज दिया। इसके बाद उन्होंने गोली की आवाज सुनी। बाद में पता चला कि गोली उनके बेटे को लगी है। उन्होंने कहा कि उन्हें झूठे केस में फंसाया गया है। पंजाब के सीएम भगवंत मान वाहवाही के लिए छोटे मामले को भी बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहे हैं। घटना के बाद कार्तिक की डेड बॉडी को सेक्टर 16 के जीएमएचएच में रखवाया गया है। पोपली की गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस ने उनके चंडीगढ़ के सेक्टर 11 स्थित घर से 73 कारतूस भी बरामद किए हैं। इनमें 7.65एमएम के 41, .32 बोर के दो और .22 बोर के 30 कारतूस शामिल हैं। पोपली पर आर्म्स एक्ट का भी केस दर्ज कर लिया गया है।

इस प्रकरण के बीच चंडीगढ़ निवास पर पायनियर संवाददाता से भेंट के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जितनी धन-संपदा आईएएस-आईपीएस अफसरों के पास है, उतनी किसी के पास नहीं है। नेता तो बेवजह बदनाम होते हैं। यदि हरियाणा में अफसरों पर इसी तरह का शिकंजा कसा जाए तो न जाने कितने भ्रष्टाचारियों के चेहरे बेनकाब होंगे। केंद्रीय मंत्री ने फरीदाबाद नगर निगम में सामने आए 200 करोड़ के घोटाले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अब तक सिर्फ निचले स्तर पर कार्रवाई चल रही है, ऊपरी स्तर के अधिकारियों को छूआ तक नहीं है।

## गुजरात दंगों की साजिशकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ गिरफ्तार : एटीएस

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**गुजरात** में 2002 में हुए दंगे के मामले में गुजरात एटीएस ने एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड़ और गुजरात के पूर्व डीजीपी आरबी श्रीकुमार को हिरासत में ले लिया है। सीतलवाड़ को उनके मुंबई के घर से हिरासत में लिया गया। उन्हें सांताक्रूज पुलिस स्टेशन लाया गया है। इसके बाद गुजरात एटीएस उन्हें अहमदाबाद ले जाने की तैयारी कर रही है।

गुजरात दंगों के मामले में अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने तीस्ता सीतलवाड़, पूर्व आईपीएस संजीव भट्ट और गुजरात के पूर्व डीजीपी आरबी श्रीकुमार के खिलाफ फर्जी दस्तावेज बनाकर साजिश करने का मामला दर्ज किया है। इस मामले में संजीव भट्ट पहले से जेल में हैं, जबकि तीस्ता और श्रीकुमार को अब हिरासत में लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, तीस्ता के खिलाफ शनिवार को ही एफआईआर दर्ज



की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों के मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को क्लीन चिट देने वाली एसआईटी रिपोर्ट के खिलाफ याचिका को 24 जून को खारिज कर दिया था। यह याचिका जकिया जाफरी ने दाखिल की थी।

जकिया जाफरी के पति एहसान जाफरी की इन दंगों में मौत हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जकिया की याचिका में मेरिट नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा था कि मामले में को-पेटिशनर सीतलवाड़ ने जकिया जाफरी की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया। कोर्ट ने तीस्ता की भूमिका की जांच की बात कही थी।

## दंगों के डर से गुवाहाटी में 28 जून तक रहेंगे बागी विधायक

**एजेंसी।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के सियासी घमासान में उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे गुट अब आर-पार के मूड में दिख रहे हैं। मुंबई में शिवसेना की मीटिंग के बाद संजय राउत ने कहा कि बालासाहब नहीं, अपने बाप के नाम पर वोट मांगें। वहीं शिंदे गुट के विधायक दीपक केसरकर ने प्रेसवार्ता कर दावा किया कि असली शिवसेना अब उन्हीं लोगों के पास है। केसरकर ने कहा- हम लोग अभी गुवाहाटी में ही रहेंगे। अगर महाराष्ट्र गए, तो वहां दंगा हो सकता है। पॉलिटिकल ड्रामे के पांचवें दिन शनिवार को शिवसेना के कार्यकर्ता हिंसा पर भी उतर आए। शिवसैनिकों ने पहले पुणे में बागी विधायक तानाजी सावंत के घर पर तोड़फोड़ की। इसके बाद शिंदे के बेटे व कल्याण से सांसद श्रीकांत शिंदे के दफ्तर पर पत्थरबाजी की। शिवसेना की हाईलेवल मीटिंग में उद्धव ने शिंदे पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा- शिंदे पहले नाथ थे, लेकिन अब दास हो गए हैं। उद्धव ने कहा कि सुलगते बम पर बागी बैठे हुए



हैं। बालासाहब का नाम लेकर कोई पॉलिटिक्स नहीं कर पाएंगे। उद्धव की मीटिंग में छह प्रस्ताव पास किए गए।

शिवसेना बालासाहब की है और रहेगी और किसी को भी बालासाहब के नाम का इस्तेमाल नहीं करने दिया जाएगा। बागी गुट के नेता एकनाथ शिंदे से शिवसेना संगठन में से नेता का पद छीन लिया जाए। बागी विधायकों पर कारवाई करने का अधिकार शिवसेना चीफ उद्धव ठाकरे को दिया गया है। मराठी अस्मिता और हिंदुत्व के मुद्दे पर आगे शिवसेना और आक्रामक रवैया अपनाएगी। कोरोना काल में उद्धव ठाकरे किए काम और धारावी मॉडल की सराहना को लेकर धन्यवाद पेश किया गया। मुंबई महानगरपालिका के चुनाव में फिर से शिवसेना की जीत का संकल्प लिया गया।

## कानपुर महिला दारोगा चला रही थी सेक्स रैकेट

**कानपुर।** हनीट्रैप का षड्यंत्र रचकर वसूली करने वाली महिला दरोगा कानपुर में सेक्स रैकेट चला रही थी। उसके कई गुर्गे इस काम में लगे थे। वह बाहर से आने वालों को निशाना बनाने के साथ शहर के लोगों को लड़कियों की सप्लाई करती थी। उसके साथ गिरफ्तार किए गए होमगार्ड और अन्य युवकों से कई खुलासे हो रहे हैं। महिला दारोगा समेत सभी छह लोगों को शनिवार को स्पेशल रिमांड मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

ANIL GENERATOR
SILENT GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1250 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
Surendra Kapoor, Prop.
Add.: 20/6, Mathura Road, Nuchem compound Faridabad
Ph. 0129-4873365,
Mob.: 9811056365, 9311056365
Email : anil.kapoor74@yahoo.com
surendra.kapoor@gmail.com

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 37.00°C
न्यूनतम 28.00°C

D.A.V. COLLEGE MANAGING COMMITTEE
ओ३म्
ESTD. 1886

D.A.V. PUBLIC SCHOOL
Sainik Colony, Sector-49, Faridabad
A SENIOR SECONDARY SCHOOL AFFILIATED TO C.B.S.E., NEW DELHI
(Under the Direct Control of D.A.V. College Managing Committee, New Delhi)
Ph: 0129-2418539, 2415808
Email: dav_sec49@hotmail.com website: www.davsec49.org.in

International Dimension in Schools 2020-23

FOSTERING LEARNER-ORIENTED EDU SYSTEMS
AN EDUCATIONAL INSTITUTION ... WHERE SMILES AND SCORES GO HAND IN HAND



REGISTRATION OPEN FOR ADMISSION

LKG : 3½ yrs plus
UKG : 4½ yrs plus
Class I : 5½ yrs plus
Class II : 6½ yrs plus
As on 01.04.2022
Class XI : Medical
Non Medical
Commerce
and Humanities

Limited Seats for Classes III to IX









FORTE
- A prolific co-educational Senior Secondary institution par excellence affiliated to CBSE.
- Scientific pedagogy and well-designed curriculum.
- Team of dedicated and motivated teachers equipped with futuristic information technologies to impart knowledge cognitively, comprehensively and holistically.
- Smart class rooms, learner centric multiple intelligence learning, interdisciplinary approach.
A plethora of projects sum up the school's pedagogic initiatives.
- Providing quality education at an affordable fee.
- Structured sports training programmes and activities for physical fitness.
- Highly qualified and experienced coaches to train students in various sports discipline.
- Stress on curricular, co-curricular and extra-curricular activities. Inter class, inter house activities, inter-school competitions, special assemblies and celebrations of special days to instil confidence in children.
- Well-equipped Science, Maths and Computer labs with latest educational software.

CHISELING CREATIVE THINKERS
Guided and shepherded by DAV Managing Committee, the school earnestly and persistently reinforces the idea which says, 'Set your goals high and make them happen'. The school believes in setting the right path in education that would nurture life-long learners and create a community of tomorrow's leaders.
D.A.V- A temple of learning, which has been igniting and encouraging young minds for years, believes in providing high quality value education in a supportive, friendly, dynamic, reflective and challenging learning environment. The key responsibility is to provide myriad opportunities and standout in terms of qualitative infrastructure and approach to education. The school is aesthetically equipped and designed to maximize the potential of each student and provides an intellectually challenging ambience best suited for learning needs.

ADMISSION OPEN 2022-23

MADHU OMCHERY
Chairperson
N.K. UBEROI
Vice Chairman
SATISH AHUJA
Manager
BIMAL KUMAR DAS
Manager

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 36.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 27.00 डिग्री सेल्सियस

## शहर में आज

- सेक्टर-22-23 स्थित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में योग शिविर और हवन: सुबह 5 बजे।
- न्यू जनता कालोनी में रक्तदान शिविर का आयोजन : सुबह 9 बजे।
- सेक्टर-37 स्थित कश्मीर भवन में वैक्सीनेशन: सुबह 10 बजे।
- क्यूआरजी में नि:शुल्क मेगा हेल्थ चेकअप कैम्प: सुबह 10 बजे।
- डबुआ कालोनी स्थित जैन कांवेंट स्कूल में नेत्र जांच शिविर और ऑपरेशन: सुबह 9 बजे।
- नीलम-बाटा रोड स्थित ब्रह्मकुमारीज भवन में रक्तदान शिविर: सुबह 10 बजे।
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन: सुबह 9 बजे।

## निवेश गुरु

**म्यूचुअल** फंड में आप 500 रुपये या कहीं-कहीं तो 100 रुपये से भी निवेश कर सकते हैं। हालांकि इसमें एसआईपी यानी हर महीने एक तय रकम को निवेश करने से आप लंबे समय में एक बड़ा पैसा तैयार कर लेते हैं। देश के सभी वित्तीय निवेश में सबसे ज्यादा सुरक्षित और औसत रिटर्न म्यूचुअल फंड में मिलता है।

## यूटीलिटी न्यूज

### निगमायुक्त और विधायक ने किया दौरा

**फरीदाबाद।** निगमायुक्त यशपाल यादव ने ओल्ड फरीदाबाद क्षेत्र के डिस्पोजलों का निरीक्षण किया। जिसमें मुख्यत सेक्टर 17, सेक्टर 18, सेक्टर-7 और सीही के डिस्पोजल थे। इस निरीक्षण के दौरान उनके साथ नरेन्द्र गुप्ता, एमएलए, अधीक्षण अभियंता, कार्यकारी अभियंता व सहायक अभियंता थे। निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाईपास रोड पर ग्रीन बेल्ट का इस्तेमाल करते हुए ग्रीन बेल्ट पर एसटीपी लगाने बारे हुड्डा के अधिकारियों से बातचीत करें, जिसके फलस्वरूप बाईपास रोड पर जलभराव समस्या से निजात मिल सके। इसके साथ-साथ जिन डिस्पोजलों पर कुछ कमी पाई गई। उसको शीघ्र दुरुस्त करने के लिए निगमायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। निगमायुक्त ने आगे बताया कि आने वाले मानसून में पानी की निकासी के लिए निगम ने पूरे प्रबन्ध किए हुए हैं।

## क्विक न्यूज

### खेल मैदान के लिए मिली धनराशि

**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले के खेल गांव मुंढाल के मैदान को पूर्ण रूप से विकसित करने के लिए वरिष्ठ समाजसेवी डाक्टर एसएस मान और उनकी पुत्रवधू डाक्टर साक्षी मान ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए अपने निजी कोष से एक लाख रुपये की सहयोग राशि खेल मैदान प्रबंधक समिति को सौंपी। डाक्टर एसएस मान ने कहा कि हरियाणा राज्य में खेल के क्षेत्र में मुंढाल गांव ने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर खेल पहचान दिलाई हुई है। डाक्टर साक्षी मान ने कहा कि यह राशि खेल उपकरणों और खेल मैदान को सुसज्जित रखने के लिए दी गई है और भविष्य में इस खेल मैदान का कोई भी खिलाडी अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक लाता है तो उसके सम्मान के साथ नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

# बेखबर की खबर : तो तेज तर्रार साहब की पटकनी से चित्त हुए हैं...मलाईखोर ?



**वरिष्ठ संवाददाता**
**राजेश दास**

**धनवान** निगम के दो और मलाईखोरों को दबोचने की वजह से चौकसी विभाग एक बार फिर वाहवाही लूटने लगा, क्योंकि चौकसी विभाग धनवान निगम के कालू ठेकेदार और मास्टर माइंड मलाईखोर को दबोचने के बाद काफी समय से शांत नजर आ रहा था।

उधर धनवान निगम के दो मलाईखोर जमानत के लिए लगातार हाथ पैर मार रहे थे, लेकिन चौकसी विभाग उन्हें दबोचने में चौकसी दिखाता हुआ नजर नहीं आ रहा था। ऐसे में धनवान निगम के दोनों मलाईखोर जमानत हासिल करने में कामयाब हो गए। जिसके कारण चौकसी विभाग की कार्यशैली को भी संदेह की नजर से देखा जा रहा था। लेकिन किसी को यह नहीं पता कि चौकसी विभाग की सबसे बड़ी कुर्सी पर तैनात तेज तर्रार साहब यूं शांत नहीं बैठने वाले। उधर जमानत मिलते ही दोनों मलाईखोर बेफिक्र होकर घूमने लगे। ठीक उसी समय तेज तर्रार साहब के आदेश पर चौकसी विभाग के अधिकारियों ने कुंडली खोली और धनवान निगम के पिटारे से मलाई खाने का एक और मामला खंगाल कर निकाल लिया। चौकसी विभाग ने तुरंत मुकदमा दर्ज कर डाला और बेफ्रिक घूम रहे दोनों मलाईखोरों को दबोच कर सलाखों के पीछे भेज दिया। उम्मीद है जल्द अन्य मलाईखोर भी दबोचे जाएंगे।

### तो पुलिस सम्भालेगी बरसात की कमान

**मलाईखोरी** के चक्कर में धनवान निगम के कुछ बड़े और छोटे सिपाही तो जेल की हवा खा रहे हैं। वहीं कुछ पकड़े जाने के डर से छिपे छिपे फिर रहे हैं। ऐसे में शहर के बड़े साहबों को चैमासे की चिंता सताने लगी है, क्योंकि धनवान निगम के सिपाहियों की मलाईखोरी के कारण शहर का पहले बुरा हाल है। ज्यादातर स्थानों पर सड़क गायब हैं और उनकी जगह गड्ढे बने हुए हैं। शहर भर में अनेक स्थानों पर सड़कें अधूरी पड़ी हैं। ऐसे में बरसात में जलभराव हुआ तो स्थिति बेकाबू हो सकती है। लेकिन इसके बावजूद धनवान निगम के सिपाही सिर्फ दिखावे की तैयारियां ही कर रहे हैं। धनवान निगम की कार्यशैली से जिले के बड़े साहब काफी अच्छी तरह परिचित हैं। इसलिए उन्होंने बरसात में जलभराव के दौरान स्थिति संभालने की जिम्मेदारी पुलिस को सौंपने के लिए आला अधिकारियों को पत्र लिखा है।




### नजर आई सिर्फ धनवान निगम की पार्किंग

**बेशक** धनवान निगम में मलाई के मटके बंटते रहे हों, लेकिन सूबे के मुखिया का कोई वजीर धनवान निगम के मुख्यालय में झांकने नहीं आया। जिससे धनवान निगम के छोटे बड़े सिपाही बेखौफ होकर मलाई चाट रहे हैं। भाग्य से दो दिन पहले धनवान निगम की देखरेख कर रहे वजीर अचानक मुख्यालय में आ धमके। जिन्हें देखकर हड़कंप मच गया। मुख्यालय में आते ही उन्होंने छोटे-बड़े सिपाहियों की हाजिरी रजिस्टर की जांच पड़ताल तो शुरू कर दी। लेकिन उन्होंने यह नहीं देखा कि कौन अपनी कुर्सी पर मौजूद है और कौन नहीं। औचक निरीक्षण की खानापूर्ति करने के बाद वजीर साहब कार्यालय से बाहर आए तो पार्किंग में खड़े बेतरतीब वाहनों को देखकर खूब आग बबूला हुए और पार्किंग की व्यवस्था को दुरूस्त करने के आदेश दिये। शुक्र है वजीर साहब एनआईटी के बाजारों की तरफ नहीं गए, क्योंकि एनआइटी के बाजारों में पार्किंग व्यवस्था नाम की कोई चीज ही नहीं है। यहां सड़कों पर जाम लग जाए तो एम्बुलेंस को निकालना भी बेहद मुश्किल काम हो जाता है।

# आखिर बरसात में ही क्यों आती है नालों और हार्वेस्टरों की याद?

### शोपीस से कम नहीं हैं करोड़ों की लागत से बनाए गए हार्वेस्टर सिस्टम

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**हर** साल बरसात आने के बाद ही नगर निगम के अधिकारियों को नालों की सफाई और रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को दुरुस्त करने की याद आती है। लेकिन इसके बावजूद शहर में जलभराव की समस्या कभी खत्म नहीं हुई। इस बार नालों की सफाई के नाम पर दिखावा किया गया है। वहीं अब जलभराव की समस्या दूर करने के लिए वर्षों से बंद पड़े दिखावटी रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टमों की मरम्मत करवाने की योजना बनाई जा रही है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि विकास कार्य सिर्फ निजी स्वार्थो की पूर्ति के लिए करवाए जाते हैं।

जिन ठप पड़े रेन वॉटर हार्वेस्टरों की मरम्मत करवाने की बात की जा रही है, यदि उनकी खुदाई करवाई जाए तो नया घोटाला उजागर हो सकता है। जबकि नगर निगम में एक आयुक्त, तीन संयुक्त आयुक्त, दो चीफ इंजीनियर, दो एसई, कई एक्सईएन के साथ इंजीनियरों और कर्मचारियों की लंबी चौड़ी फौज मौजूद है। इसके अलावा शहर में विकास कार्य करवाने के लिए स्मार्ट सिटी, एफएमडीए, एचएसवीपी और पीडब्ल्यूडी भी काम कर रही है। लेकिन इसके बावजूद शहर की लगातार दुर्गति होती जा रही है। पिछले दिनों हुई मामूली बरसात ने तो निगम अधिकारियों के दावों के साथ साथ विकास कार्यों में किये गए घोटालों की भी पोल खोल कर रख दी है।



सेक्टर-25 के जलघर में दुर्दशा का शिकार हार्वेस्टिंग सिस्टम।

### यहां भी घोटाला मिलने की प्रबल सम्भावना

**रेन** वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बरसाती पानी से जमीन को रिचार्ज करने अथवा जलभराव की समस्या को दूर करने का एक बेहतरीन साधन है, लेकिन नगर निगम की तरफ से वर्ष 2012 में शहर के विभिन्न हिस्सों में बनाए गए सभी हार्वेस्टिंग सिस्टम शोपीस से ज्यादा कुछ नहीं हैं। इनका निर्माण करने वाली कंपनी ने न तो कनेक्टिविटी और न ही लेबल का ध्यान रखा है। यदि इन हार्वेस्टिंग सिस्टमों की गहनता के साथ जांच करवाई जाए तो नगर निगम का एक और बड़ा घोटाला सामने आ सकता है। क्योंकि हारवेस्टर में पाइप जमीन में मौजूद भूजल स्तर तक डाला जाता है। हार्वेस्टर के जानकारों का कहना है कि यदि इनकी खुदाई करवाई जाए तो निगम अधिकारियों की पोल खुल जाएगी, क्योंकि कंपनी द्वारा 20 से 30 फुट के पाइप सिर्फ दिखावे के लिए ही डाले गए है। इसी वजह से निगम द्वारा बनवाए गए हार्वेस्टर कामयाब नहीं हुए। जिससे जहां एक तरफ लोगों को जलभराव की समस्या को झेलने के लिए मजबूर होना पड़ता है।



बल्लभगढ़ सोहना पुल के पास बना हार्वेस्टिंग सिस्टम।

### सिर्फ दिखावे के हार्वेस्टर

**बिल्डिंग** बायलॉज के मुताबिक 150 वर्गगज जमीन पर बने मकानों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टर लगाना जरूरी होता है। लेकिन लोग दिखावटी सिस्टम लगाकर कम्पीलीशन ले लेते हैं। हार्वेस्टिंग सिस्टम पार्क, सरकारी इमारतों और ऐसे स्थानों पर लगाना होता है, जहां पानी साफ होता है और बरसात आने पर ज्यादा मात्रा में इकट्ठा होता। लेकिन ऐसी जगह पर हार्वेस्टर नहीं हैं। निगम ने जेनएनएनयूआरएम परियोजना के तहत 181 रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए थे। यह सभी पूरी तरह से ठप पड़े हैं। शहर के विभिन्न स्थानों पर निगम की तरफ से बनवाए गए हारवेस्टरों के आसपास पानी इक्ट्ठा आम देखा जा सकता है। हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने से पहले निगम ने जगह का चयन करने की जरूरत भी महसूस नहीं की। कुछ सिस्टम बिना जरूरत के बनाए गए है। इस लापरवाही से ज्यादातर सिस्टम ठप पड़े हैं। ऐसे में बरसात का पानी दोबारा जमीन में रिचार्ज नहीं हो पाता। गत वर्ष एक समाजसेवी अपने खर्च पर पार्क में हार्वेस्टर बनवा रहे थे।



गाद और कूड़े से भरी गौंछी ड्रेन का दृश्य।

### व्यर्थ हो रहा बरसाती पानी बरसाती पानी नहीं हो रहा रिचार्ज

**नगर** निगम की लापरवाही से बरसात आने पर लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। इससे शहर का भूजल स्तर तो गिर ही रहा है। साथ ही सड़कों पर बरसाती पानी जमा होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। जल भराव के कारण सबसे ज्यादा एनआईटी इलाका प्रभावित होता है। इलाके की जवाहर कालोनी, पर्वतीय कालोनी और डबुआ कालोनी में सबसे ज्यादा बरसात का पानी भरता है। यहां निगम द्वारा बनाए गए ज्यादातर हारवेटर सिस्टम पूरी तरह ठप पड़े हुए हैं।

### बदहाल है शहर की हालत

**नगर** निगम और अन्य संबंधित विभागों की लापरवाही के कारण शहर में सबकुछ अस्त-व्यस्त हो चुका है। शहर के कई महत्वपूर्ण बड़े नालों पर लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ है। जिसके कारण इन नालों की सफाई नहीं हो पाती। साथ ही शहर की सबसे बड़ी गौंछी ड्रेन की सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही की जाती है। शहर के ज्यादातर बाजारों में दोनों तरफ नालियां हैं। लेकिन दुकानदारों ने अतिक्रमण किया है। ज्यादातर रिहायशी कालोनियों की गलियों में नालियों को बंद कर दिया गया है। सीवर लाइनें जाम होने से गंदा पानी ओवरफ्लो होता रहता है। करोड़ों रुपये की लगात से बनाए गए नालों को कनेक्ट करने की जरूरत महसूस नहीं की गई। निगम की तरफ बनाए गए सभी रेन वॉटर सिस्टम दिखावटी होने की वजह काम नहीं कर रहे हैं। ऐसे में बरसाती पानी की न तो निकासी हो पाती है और न ही वह जमीन में जाकर भूजल को रिचार्ज कर पाता है। जिसके कारण शहर डार्क जोन में शामिल हो चुका है। लेकिन नगर निगम अथवा अन्य संबंधित विभाग को कोई लेना देना नहीं है।

# स्लेजहैमर परिवार के सदस्यों का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर-24** स्थित स्लेजहैमर ऑयल टूल्स कंपनी की तरफ से स्लेजहैमर परिवार के सदस्यों का जन्मदिन शनिवार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर जून माह में जन्मे सभी सदस्यों ने केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया।

स्लेजहैमर ऑयल टूल्स के सदस्यों के जन्मदिन पर विशेष रूप से एक पार्टी का आयोजन भी किया गया। कंपनी के एमडी प्रदीप मोहंती, डायरेक्टर केसी मोहंती और अंकुर कौशिक ने स्टाफ से कहा कि स्लेजहैमर एक परिवार है। हमारी तरक्की भी साझी है और हमारे सुख-दुख भी साझे हैं। इसी टीम स्पिरिट के कारण स्लेजहैमर समूह लगातार प्रगति कर रहा है। इस अवसर पर कंपनी के एमडी व डायरेक्टर ने सभी सदस्यों, जिनका बर्थडे था, उन सभी को शुभकामनाएं दीं। बर्थडे केक काटने वालों में जून माह में जन्मे चंदरप्रकाश, पिंकू सिंह राठौर, विनायक जैना, मुकेश पांडे, चंदर भूषण, ऋषभ भारद्वाज, शिव कुमार, अमित कुमार, छाता सिंह, कुलदीप कुमार, अनुज, शिल्पा सिंह, दीप सिंह, तपेन्द्र सिंह, जीत सिंह, राकेश कुमार, मोहित पोसवाल सम्मिलित रहे। एमडी व डायरेक्टर ने सभी सहकर्मियों को बधाई देते हुए कार्यस्थल में गुणवत्तापूर्ण उत्पादकता और कार्मिक संबंधों में परस्पर स्नेह एवं माधुर्य बनाए रखने का संदेश दिया।



केक काट कर जन्मदिन मनाते स्लेजहैमर ऑयल टूल्स कंपनी के कर्मचारीगण।

# अग्निपथ के खिलाफ कांग्रेस करेगी सत्याग्रह : मनोज अग्रवाल

### भाजपा सरकार को अग्निपथ योजना को रद्द करना ही पड़ेगा: मनोज अग्रवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भाजपा** सरकार द्वारा लाए गए अग्निपथ योजना का विरोध पूरे देश में हो रहा है। इसी कड़ी में आगामी 27 जून सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस पार्टी द्वारा बल्लभगढ़ में पंचायत भवन के सामने सत्याग्रह का आयोजन किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के मद्देनजर युवाओं का समर्थन लेने के लिए बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल ने बल्लभगढ़ के विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क कर युवाओं को इस योजना के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। इस दौरान हरियाणा कांग्रेस के स्टेट सोशल मीडिया इंचार्ज व बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल ने कहा की यह निर्णय कहीं न कहीं तीनों सेनाओं की कार्यक्षमता, निपुणता, योग्यता, प्रभावशीलता और सामर्थ्य पर समझौता करने वाला है। उन्होंने कहा कि सबसे चिंता का विषय है कि चार साल के बाद इन युवा सैनिकों के भविष्य का क्या होगा? यह सब तब किया जा रहा है, जब भारत के दो एक्टिव बॉर्डर हैं तथा देश पाकिस्तान और चीन के साथ जुड़ी सीमा पर लगातार संघर्षरत है। हरियाणा में घर-घर में सैनिक हैं। यहां हर साल लाखों युवा सेना भर्ती की तैयारी करते हैं। युवाओं का सपना होता है कि वह सेना में जाकर देश की सेवा करें। भारत माता के लिए मर मिटने को तैयार नौजवानों को कॉन्ट्रैक्ट लेबर की संज्ञा देकर इस सरकार ने अपनी दूषित मानसिकता का प्रदर्शन किया है। सैन्य पराक्रम के क्षेत्र में हमारा फरीदाबाद हमेशा से अग्रणी रहा है। फरीदाबाद की माटी अनेकों शौर्य गाथाओं से सुशोभित है। आज भी फरीदाबाद के विभिन्न गावों व इलाकों में हजारों की तादाद में युवा भारत माँ की सेवा करने के लिए भारतीय सेना में जाने की तैयारी करते हैं। क्या इन युवाओं के भविष्य की कोई कीमत नहीं है? क्या इन युवाओं के परिश्रम का मोल सिर्फ 4 वर्ष की अल्प नौकरी है? जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 15 लाख रुपए खातों में आने का जुमला देकर देश को ठगने का काम था, ठीक उसी तरह यह सरकार अग्निपथ स्किम के माध्यम से एक बार फिर युवाओं को छलने का षड्यंत्र रच रही है। हमारे मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी ने 4 वर्ष के बाद अग्निवीरों को गारंटी के साथ नौकरी देने की बात कही है, लेकिन मैं माननीय मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहता हूं की 8 साल मे कितने भूतपूर्व सैनिकों को हरियाणा सरकार ने नौकरी दी है?



बल्लभगढ़ में जनसंपर्क करते हरियाणा कांग्रेस स्टेट सोशल मीडिया इंचार्ज वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

## नज़रिया



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

न सुन पाया धरा पर पीर जब परमात्मा उनकी
हुआ फिर ज़िंदगानी का ही आखिर खात्मा उनकी
नदी में तैरते शव कह रहे हैं आज ये शायद
जो बैठे कुसिज्यों पर मर गई है आत्मा उनकी

# 23वें दिन हुआ नाटक उधमी राम का मंचन

### नाटक के माध्यम से दिखाई 1857 की क्रांति में शहीद हुए गुमनाम शहीदों की कहानी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



सेक्टर-8 स्थित सर्वोदय अस्पताल के सभागार में नाटक उधमी राम का मंचन करते कलाकार।

**आजादी** का अमृत महोत्सव के तहत फरीदाबाद में आयोजित किए जा रहे 75 दिवसीय मेगा इवेंट के तहत शुक्रवार देर शाम सेक्टर 8 स्थित सर्वोदय अस्पताल के सभागार में नाटक उधमी राम का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से 1857 की क्रांति में शहीद हुए गुमनाम क्रांतिकारियों की कहानी दिखाई गई। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर यशपाल यादव मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद रहे।

संभार्य फाउंडेशन, सर्वोदय फाउंडेशन व नगर निगम फरीदाबाद मिलकर जुनेजा फाउंडेशन व एफआईए के सहयोग से फरीदाबाद में आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में 75 दिवसीय मेगा इवेंट आयोजित कर रहे हैं। इसके तहत हर वीकएंड पर बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार शाम को नाटक उधमी राम का मंचन किया गया। नाटक का निर्देशन कृष्ण नाटक ने किया और कलर गैलरी फिल्म थिएटर प्रमोशन सोसायटी की तरफ से इसकी प्रस्तुति दी गई। नाटक हरियाणा के सोनिपत जिले में पड़ने वाले गांव लिबासपुर निवासी उधमीराम व उनके साथियों की है, जिन्होंने 1857 की क्रांति में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ाई लड़ शहादत को प्राप्त किया, लेकिन इतिहास के पन्नों में उनकी शहादत का जिक्र नहीं है। नाटक में दिखाया गया कि किसानों व मजदूरों को साथ लेकर उधमी राम ने कम संसाधन होते हुए भी अंग्रेजों को धूल चटाने का काम किया। एक गांव से दूसरे गांव रोटी भेजकर लोगों को साथ जोड़ा और अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी। कुछ चुगलखोर व गद्दारों की वजह से उनकी टोली पकड़ी गई और अग्रेजों ने बेरहमी से उन्हें मार दिया। नाटक की शानदार प्रस्तुति देखकर सभागार देशभक्ति के गीतों व नारों से गूंज उठा। नाटक में उधमी राम की भूमिका अविनाश चौहान ने निभाई। इसके अलावा सुजाता, मधु, गोविंदा, बलजीत मौर, अमित, दीपक, समर्थ, अजय कौशिक, गौरव, निकिता, शकीना, अजीत, भगवत, अजीत जांगड़ा व अजहर ने अलग-अलग भूमिकाएं निभाईं। मौके पर नगर निगम कमिश्नर यशपाल यादव ने कहा कि इतिहास के पन्नों में इस तरह की कई कहानियां दफन हैं, जिन्हें यह कलाकार नाटक के माध्यम से जनता के सामने लगाने का काम कर रहे हैं। यह बहुत अच्छी पहल है। उन्होंने नाटक की टीम के साथ 75 दिन के मेगा इवेंट को आयोजित करने वाली टीम को भी बधाई दी। संभार्य फाउंडेशन के डायरेक्टर अभिषेक देशवाल ने बताया कि 15 अगस्त तक चलने वाले इस इवेंट के तहत हर वीकएंड पर इसी तरह की प्रस्तुतियां होती रहेंगी। इसके साथ ही शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरुकता के लिए नुक्कड़ नाटक आयोजित होते रहेंगे। मौके पर जज यशीका यादव, अंशु गुप्ता, मनमोहन गुप्ता, कुलदीप सिंह, अजय यादव, आंनद सिंह भाटी, बृजमोहन, दीपक पुष्पदीप, अंकुश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# रक्तदान शिविर का किया आयोजन



सेक्टर-23 में आयोजित शिविर में रक्तदान करते समाज सेवी।

**फरीदाबाद।** वुमेन्स पावर एंड रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद सिटी के सहयोग से सेक्टर 23 हिमाचल स्वीट के सामने 1 रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जहां वार्ड नम्बर 4 की पार्षद शीतल खटाना के सहयोग से 27 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ।

वुमेन्स पावर की प्रेसीडेंट चांदनी आजाद अली का कहना है कि हमारे लिये गिनती कोई मायने नहीं रखती रक्तदान महादान है। जिसके जरिये से हम कई लोगों की जान बचा सकते हैं। रक्तदान करते रहना चाहिए। साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि वो रक्त दान करने और करवाने में हमेशा आगे रहेंगी। साथ ही वार्ड नंबर-3 के पार्षद जयवीर खटाना ने पहुंचकर डोनर्स का हौसला अफजाई की और हिमाचल स्वेट के जो ऑनर है आशु कपूर वो भी मौजूद रहे। आशु कपूर का कहना है कि वो हर 4 महीने में कोशिश करेंगे कि एक ब्लड कैंप जरूर लगवाएं।

पायनियर
हरियाणा, रविवार, 26 जून, 2022



ड्रग एब्यूज डे पर विशेष...

# दवाओं के अभाव में ओएसटी सेंटर में कम हुए मरीज

कविता। फरीदाबाद

**शहर** में इंजेक्शन से नशा करने वाले लोगों को इससे निजात दिलाने के लिए जिले के सिविल अस्पताल में नौ मई 2013 को ओएसटी (ओपियो सब्सीट्यूट थैरेपी) सेंटर का शुभारंभ किया गया था। ओएसटी सेंटर में इंजेक्शन से नशा करने वाले लोगों को गोलियों द्वारा इंजेक्शन के नशे की लत से दूर किया जाता है। लेकिन स्वास्थ्य मुख्यालय की तरफ से दो साल से दवा न आने पर यहां मरीजों की संख्या घट गई। ऐसे में मार्च 2022

## दो वर्ष दवाईयों का स्टॉक आने पर अब स्वास्थ्य विभाग कर रहा जागरुक

से एक बार फिर दवा आने पर जिला स्वास्थ्य विभाग मरीजों को जागरूक कर रहा है। जिसके कारण यहां आने वाले मरीजों की संख्या करीब 50 हो गई है।

जानकारी के मुताबिक शहर के लोगों को नशे की लत से दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा खूब प्रयास किए जा रहे हैं। नौ मई




2013 को इंजेक्शन से नशा करने वाले लोगों के लिए एक ओएसटी सेंटर का शुभारंभ किया था। पहले यहां मरीजों की संख्या 109 थी। जिसमें सात-आठ मरीज पूरी तरह से नशे की लत से छुटकारा पा चुके थे। लेकिन कोरोना काल में करीब दो साल से दवा न आने से यहां मरीजों की संख्या कम हो गई। अब मार्च 2022 से मरीजों की संख्या एक बार फिर बढ़नी शुरू हुई है। जिसे देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग एक बार फिर लोगों को जागरूक करने का काम कर रहा है। ताकि अधिक से अधिक संख्या में मरीज यहां इलाज को पहुंच सके।

**अधिकारी का कथन :** जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. शीला भगत ने बताया कि ओएसटी सेंटर में आने वाले लोग जो इंजेक्शन से नशा लेने के आदी है। उन्हें इस नशे की लत से छुटकारा दिलाया जाता है।

उन्होंने बताया कि यहां आने वाले लोगों को ऐसी गोलियां दी जाती है। जिनमें इंजेक्शन जितना ही नशा होता है। लेकिन इनका कार्य लोगों के नशे की लत को कम करना होता है।


डॉ. शीला भगत

जब मरीज इन गोलियों का सेवन करता है तो उसकी डोज धीरे-धीरे कम कर दी जाती है। जिससे एक समय ऐसा आता है कि वह नशे की बुरी तल को पूरी तरह से भूल जाता है। उन्होंने बताया कि इसके लिए लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक संख्या में लोग यहां आकर नशे की लत से मुक्ति पा सके।

# भ्रष्टाचार को लेकर निकाय मंत्री ने कांग्रेस को लिया आड़े हाथों

## मंत्री कमल गुप्ता ने शहर में हर जगह मार्किंग में पार्किंग करने का दिया संदेश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शहरी** स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता शुक्रवार को फरीदाबाद के नगर निगम कार्यालय में अचानक पहुंचे। वहीं मंत्री डाक्टर कमल गुप्ता ने नगर निगम कार्यालय में पहुंच कर नगर निगम में पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया। अव्यवस्थित पार्किंग को लेकर नाराज दिखे मंत्री कमल गुप्ता ने नगर निगम कमिश्नर यशपाल यादव के सामने अधिकारियों को फटकार लगाई।

उन्होंने मीडिया से की अपील है कि उनके पार्किंग की मार्किंग के नारे को सफल बनाने के लिए लोगों तक खबर पहुंचाएं। शहर में हर जगह मार्किंग में पार्किंग हो। वहीं नगर निगम में हुए दो सौ करोड़ के घोटाले पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि सभी भ्रष्टाचारियों की लिस्ट तैयार कर ली गई है। किसी भी भ्रष्टाचारी को नहीं बख्शा जाएगा। कांग्रेस विधायक द्वारा भ्रष्टाचार के मुद्दे पर उठाए गए


नगर निगम मुख्यालय का निरीक्षण करते शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता।

सवाल पर बोलते हुए शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने कहा कि नीरज शर्मा द्वारा जितने भी सवाल किए गए हैं। सभी का एक-एक कर मैंने जवाब दिया है। कैबिनेट मंत्री कमल गुप्ता ने कसा दीपेंद्र और भूपेंद्र हुड्डा पर तंज। बोले छाज तो बोले छन्नी भी बोले जिसमे छत्तीस छेद। डाक्टर कमल गुप्ता बोले कि लड़ने में उनका दम नहीं। कोई कैंडिडेट उन्होंने उतारा ही नहीं। दीपेंद्र और भूपेंद्र हुड्डा पर तंज कसते हुए बोले लड़ते हैं सह सवारे मैदान में वह तो घुटनों के बल चल रहे हैं। उनके तो कंट्रोल में कांग्रेस के विधायक भी नहीं है। जीता लिया उन्होंने राज्यसभा के मैम्बर। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद मेरा घर है, यहां पर मेरे माता पिता, भाई-बहन सहित पूरा परिवार रहता है। उन्होंने कहा कि वे जहाँ भी जाते है। वहां पर निरीक्षण अवश्य करते है। एक तरीके से इससे सेमी ओचक निरीक्षण कह सकते हैं। कैबिनेट मंत्री डाक्टर कमल गुप्ता ने कहा कि जिस-जिस जिला में जाता हूं। वहां के नगर निगम व नगर पालिका का निरीक्षण अवश्य करता हूं। जब से मेरे पास ये जिम्मेदारी आई है। तब से वे स्वयं जाकर निरीक्षण करते है और जो भी कमिया होती है, उनको दूर करवाने का प्रयास करते है।

# सीएम फ्लाइंग ने की जीएसटी चोरी के शक में गहन जांच

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सीएम** फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि आईएमटी एरिया में पकड़े जीएसटी चोरी के संदिग्ध तीन ट्रकों में भरे माल की सप्लाई प्लाट नम्बर 792 सेक्टर 69 आईएमटी बल्लबगढ़ एरिया में पान मसाला बनाने की कंपनी से थी। प्लॉट नम्बर 137 सेक्टर 68 में गोदाम बनाया हुआ है। इन दोनों स्थानों से गाड़ियों में समान लोड होकर जाता है। जिनमे जीएसटी चोरी कर सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

इस सूचना के आधार पर सचिन शर्मा एफएसओ फरीदाबाद, मंजीत डबास आईईओ, डीआईसी फरीदाबाद व जीएसटी सम्बंधित जांच पड़ताल के लिए लव कुमार ईटीओ व जितेंद्र कुमार फरीदाबाद तथा अन्य सम्बंधित विभागों की टीम गठित कराई गई। संयुक्त टीम प्लॉट नम्बर 792 सेक्टर 69 आईएमटी पहुची। जहां पर राजश्री व कमला पसन्द मार्का का पान मसाला तैयार किया जाता है।



डॉ सचिन द्वारा तैयार शुदा माल के अलग-अलग सेम्पल लिए गए। जिन्हें परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा। मंजीत डबास औद्योगिक विस्तार अधिकारी ने दस्तावेज चेक करने उपरांत बताया कि कार्यालय रिकार्ड से मिलान करके रिपोर्ट उपलब्ध करा दी जाएगी। जीएसटी विभाग की टीम द्वारा कंपनी में तैयारशुदा पान मसाला के बॉक्स व अन्य सामान की इन्वेंट्री तैयार की गई। मौका पर कंपनी में दो गाड़ियां खड़ी हुई थी। जिनमे तम्बाकू उत्पाद लोड किये जा रहे थे। बेसमेंट सहित तीन मंजिला कम्पनी में कच्चा माल, तैयार माल तथा सेल और परचेज का पूरा रिकॉर्ड लिया गया। इस सम्बध में नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# डीसीपी ने ग्रामीणों को नशा न करने की दिलाई शपथ


गांव धौज में नशे के दुष्प्रभाव के लिए जागरूक करते पुलिस अधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम नरेंद्र कादियान की अगुवाई में आज फरीदाबाद पुलिस गांव धौज पहुंची जहां पर नाटकीय रूपांतरण के माध्यम से पुलिस ने वहां पर मौजूद नागरिकों को नशे के मानव जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में अवगत कराते हुए उन्हें नशा छोड़कर स्वस्थ जीवन जीने के बारे में जागरुक किया।

इस अवसर पर उनके साथ एसीपी क्राइम सुरेंद्र सिंह, थाना धौज प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र पाठक, सीनियर सिटीजन सेल इंचार्ज इंस्पेक्टर सविता, ट्रैफिक ताऊ सहित अन्य पुलिसकर्मी के साथ वहां के स्थानीय लोग इरशाद, उस्मान, मंसूर अली, वसीम, सूरजभान, भगत प्रसाद, जैन भी मौजूद रहे जिन्होंने करीब 400 से 500 नागरिकों को जागरुक किया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कल पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने सर्वोदय हॉस्पिटल से नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत की थी। जिसमें एक वैन शहर के मुख्य स्थानों पर जाकर आमजन को नशा छोड़ने के लिए जागरूक करेगी। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत आज डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान व एसीपी क्राइम अपनी टीम के साथ गांव धौज पहुंचे। जहां उन्होंने आमजन से नशे से शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें नशा न करने की शपथ दिलवाई।

## मनाया विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस

**फरीदाबाद।** सुधा रुस्तगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च, फरीदाबाद ने 19 से 25 जून तक राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य दंत चिकित्सा सप्ताह मनाया। इस कार्यक्रम का आयोजन लोक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग द्वारा धर्मवीर गुप्ता, अध्यक्ष के मार्गदर्शन में किया गया था दीपक गुप्ता, सचिव डॉ. सीएम मड़िया, प्राचार्य और डॉ. विशाल जुनेजा, सीईओ टेंडर हार्ट स्कूल फरीदाबाद में डॉक्टरों की टीम ने कैंप लगाया।

डॉ प्रतिभा तनेजा, डॉ पारुल और डॉ स्वातिश्री ने स्नातक छात्रों और प्रशिक्षुओं के साथ नियमित दंत चिकित्सा जांच की और विशेष बच्चों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए ओरल हेल्थ टॉक दिया। उन्हें स्वच्छता, हाथ धोने और ब्रश करने की तकनीक के बारे में सिखाया गया। वार्ता में प्रमुख निवारक उपायों पर जोर दिया गया। सकारात्मक मौखिक स्वास्थ्य व्यवहार को सुदृढ़ करने के लिए उनमें मौखिक स्वच्छता किट भी वितरित की गईं। अंडरग्रेजुएट्स के लिए पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और शॉर्ट मूवी, स्माइल फोटोग्राफी, रील और मीम्स जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, ताकि उन्हें आम जनता के बीच जागरूकता फैलाने के लिए संवेदनशील बनाया जा सके।

# दिव्यांगजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन


सेक्टर-16 स्थित गुर्जर भवन में दिव्यागजनों के लिए आयोजित स्वास्थ्य शिविर का दीप जला कर शुभारंभ करते फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**स्पेशल** अचीवर्स चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शनिवार को सेक्टर-16 स्थित गुर्जर भवन में दिव्यांगजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दीप प्रज्जवल मुख्य अतिथि फरीदाबाद विधायक नरेंद्र गुप्ता एवं भाजपा राष्ट्रीय सचिव सुनील देवधर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि यह अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है और इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए मैं माधवी हंस का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने भारत के दूसरे राज्यों में भी धीरे-धीरे अवेयरनेस फैलाने का काम किया है और मेरा यह प्रयास रहेगा कि मैं कुछ काम उनके लिए कर सकूं। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिव्यांगजन जब तक मेंटली स्ट्रांग नहीं होगा, तब तक वह फिजिकली स्ट्रांग भी नहीं हो सकता। अगर वह मेंटली स्ट्रांग है तो उसको कोई भी प्रॉब्लम हरा नहीं सकती।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में महाअभियान संपर्क प्रमुख संदीप जोशी, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गौड, सेवा भारती सम्पर्क प्रमुख दिल्ली प्रांत वृंदा खन्ना एवं भाजपा दिल्ली प्रदेश की प्रवक्ता नेहा शालिनी दुआ ने शिरकत की। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में 250 दिवयागंजनों का मेडिकल हेल्थ चैकअप किया गया।

## सीएचसी कुराली में ऑक्सीजिन प्लांट व आईसीयू का उद्घाटन

**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव ने सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में गत सायं सीएचसी कुराली में ऑक्सीजन प्लांट तथा आईसीयू व वेंटीलेटर सेंटर का उद्घाटन किया गया।

उपायुक्त जितेंद्र यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि ऑक्सीजिन प्लांट तथा आईसीयू व वेंटीलेटर सेंटर ग्रामीण आँचल में स्वस्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने व आपात स्थिति में मरीजों के उपचार करने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि अब यह चिकित्सा सुविधा सीएचसी कुराली के आस पास कई गांवों के नजदीक ही स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। इस मौके पर गांव कौराली के कुराली निवर्तमान सरपंच सुरेंद्र बोहरे और गणमान्य नागरिकों द्वारा आए हुए मेहमानों का पुष्प गुच्छे भेंट कर सम्मानित भी किया गया। उद्घाटन अवसर पर उपायुक्त जितेंद्र यादव, हरियाणा स्टेट सीएसआर ट्रस्ट के चेयरमैन बोधराज सीकरी, वाईस चेयरमैन गौरव सिंह, अतिरिक्त सीईओ, अमित दुबे व समाज सेवी सुधीर नागर, पवन शर्मा, नैसकॉम फॉउन्डेक्शन तथा सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता उपस्थित रहे।

# सोहना टोल रोड का काम शुरू

## विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा में टोल पर उठाया था सवाल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बल्लभगढ** सोहना टोल रोड का काम आज शुरू हो गया है। वाहन चालकों को इस सड़क पर टोल टैक्स देने के बाद भी सुविधाएं नहीं मिल रही थी। लोगों की परेशानियों को देखते हुए विधायक निरंतर संघर्ष कर रहे थे। उपरोक्त सडक की हालत काफी जर्जर अवस्था में है जिसको लेकर उन्होंने विधानसभा सत्र के दौरान अतारांकित प्रश्न 186 भी पूछा गया था। जिसपर उप मुख्यमंत्री द्वारा खुद माना गया था कि किमी 4.00 से किमी 6.00 तक यानी गौंछी नाले से सरूरपुर तक एक खंड को छोड़कर, मरम्मत की आवश्यकता है।

विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि सडक पर सीवर लाइन डालने के लिए नगर निगम द्वारा लोक निर्माण विभाग से अनुमति ली गई थी। जिसमें निगम द्वारा कहा गया था कि कार्य उपरांत उपरोक्त टूटे हुए हिस्से को बनवा दिया जाएगा। लेकिन कई वर्षो से टूटा हिस्सा नही बनवाया गया है। विधायक ने बताया कि 11 अक्टूबर


बल्लभगढ़ सोहना टोल रोड की सड़क के निर्माण र्का का शुभारंभ करते एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा।

2021 को उप मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में ग्रीवेंस कमेटी फरीदाबाद की बैठक हुई थी। परिवारवाद पर सुनवाई करते हुए आयुक्त नगर निगम को आदेश दिए गए थे कि सडक के निर्माण के लिए राशि उपलब्ध कराएं। इस कार्य के लिए एसई लोक निर्माण विभाग गुरूग्राम को आदेश दिए कि निर्धारित समय सीमा अनुसार निविदा पूरी करने के बाद सड़क का निर्माण कार्य महीने के अन्त तक शुरू करवा दिया जाए। सडक से पानी की निकासी के कार्य के लिए रिलाइंस को आदेश दिए कि सरकार से दस्ती अनुमति लेकर 15 दिन के अन्दर-2 इसको करवाएं। 21 जनवरी 2022 को ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में सुनवाई करते हुए उप मुख्यमंत्री ने जल्द से जल्द उपरोक्त सडक बनाने के आदेश जारी किए। जिसपर उनके द्वारा अधिकारियों को आदेश दिए गए थे कि वह दस्ती चण्डीगढ आकर फाईल की अनुमति ले तथा इसी मामले को लेकर उप मुख्यमंत्री ने 24 जनवरी 2022 को मीटिंग की थी। जिसमें निर्णय हुआ था कि लगभग 3.84 करोड रुपये की लागत से सड़क बनवाया जाएगा।

विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि आज इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। सरूरपुर से लेकर नगला तक के हिस्से को आरएमसी का बनाया जाएगा। इसके इलावा बाकि एरिया में रिपेंयरिंग की जाएगी तथा सडक पर जहा-2 पानी खड़ा है, उसको सही करवाया जाएगा।

## नशे के दुष्प्रभाव को लेकर चलाया जागरुकता अभियान

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों पर लोगों को नशा के प्रति जागरुक करने के अभियान के तहत एसएचओ बीपीटीपी इंस्पेक्टर अर्जुन देव, सीनियर सिटीजन सेल इंचार्ज इंस्पेक्टर सविता टीम के साथ केएलजे सोसाइटी में पहुंचकर डीके और पीके सोसाइटी प्रधान के साथ मिलकर लोगों को नशा के प्रति जागरूक किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसएचओ बीपीटीपी और सीनियर सिटीजन सेल की टीम ने केएलजे सोसाइटी में एक सभा का आयोजन कर लोगों को समाज में नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया है। उन्होंने बताया की आधुनिक समय में नशा का प्रचलन बहुत बढ़ गया है। जानकारों की मानें तो पूर्व में भी नशा किया जाता था। हालांकि, इसका उद्देश्य समाज को दूषित करना कतई नहीं था, लेकिन आजकल नशा की परिभाषा बदल गई है। आजकल बच्चे-बड़े सभी नशे करते हैं। बच्चे तो कई प्रकार के नशा करने लगे हैं, जिनमें शराब, ड्रग्स और हेरोइन शामिल हैं। बच्चों का नशे में रहना गंभीर चिंता का विषय है।

# कैबिनेट मंत्री ने दी करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात


बल्लभगढ़ सेक्टर-3 में आयोजित शिविर में जांच करवाते मंत्री मूलचंद शर्मा।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद/बल्लभगढ़

**प्रदेश** के कैबिनेट मंत्री पं मूलचंद शर्मा ने शनिवार को बल्लभगढ़ वासियों को करोड़ों रुपये की धनराशि के विकास कार्यों की सौगात दी। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा सुबह सबसे पहले सेक्टर-55 पहुंचे और सेक्टर- 55 की मुख्य सड़क जो सोहना रोड से जेसीबी चौक व सेक्टर -25,सेक्टर-58 और राजीव कालोनी को जाती है, उसका स्थानीय निवासियों और एनआईटी से विधायक नीरज शर्मा के हाथों नारियल फुड़वाकर कार्य शुरू करवाया। इस सड़क को हरियाणा शहरी प्राधिकरण द्वारा बनाया फोर लेन रोड बनाया जा रहा है, जो जल्दी बन कर तैयार होगी। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में करीब 110 करोड़ के विकास कार्य प्रगति पर चले हुए हैं। सड़क के बनने से सबसे ज्यादा फायदा सेक्टर- 55 और औद्योगिक क्षेत्र के लोगों को होगा। साथ ही साथ यह मुख्य सड़क एनआईटी बल्लभगढ़ के लोगों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगी। इसके उपरांत कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ की फ्रेंड्स कॉलोनी में सीवर की लाइन, पीने के पानी की लाइन के साथ आरएमसी सड़क के कार्य का भी स्थानीय लोगों के हाथ नारियल तोड़कर के शिलान्यास किया।

# संक्षिप्त समाचार

## बिल्डर की मानमानी के खिलाफ बीपीटीपी थाने का घेराव



**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-88 स्थित कुंजीयन हाइट्स सोसायटी के लोगों ने बिल्डर के खिलाफ मनमानी करने का आरोप लगाते हुए बीपीटीपी थाने का घेराव किया। लोगों का कहना है कि बिल्डर ने बगैर सूचना दिए उनके अकाउंट से 2980 रुपये काट लिए। लोगों ने बिल्डर के खिलाफ शिकायत दी लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। इस दौरान बिल्डर के प्रतिनिधि भी थाने पहुंचे हुए थे। लोगों का आरोप है कि बिल्डर की ओर से बिना किसी इनवॉइस के चार्ज लिया जा रहा है। यह सिलसिला पिछले पांच सालों से चल रहा है। पांच दिन पहले बिल्डर की ओर से मीटर निकाल लिए गए और उसमे एक सॉफ्टवेयर फिट कर दिया गया है। इस सॉफ्टवेयर के लिए सोसाइटी में रहने वाले करीब 65 फ्लैट ऑनर के अकाउंट से 2980 रुपये काट लिए। लोगों का यह भी आरोप है कि बिल्डर बिजली बोर्ड से 6.50 पैसे की दर से बिजली खरीदकर उन्हें 13 रुपए प्रति यूनिट की दर से बेचा जा रहा है। लोगों का कहना है कि बिल्डर ने सोसाइटी के लिए अभी तक कनेक्शन तक नहीं लिया है। सोसाइटी बनाते समय जो कनेक्शन लिया था, उसी कनेक्शन से लोगों को बिजली बेची जा रही है।

## केजीपी पर तीन वाहनों की टक्कर से छह लोग घायल

**फरीदाबाद।** कुंडली-गाजियाबाद-पलवल (केजीपी) एक्सप्रेस-वे पर तीन वाहनों की टक्कर से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। गीता नगर अवधपुरी वल्केश्वर आगरा उत्तर प्रदेश के रहने वाले अनिल चौहान ने थाना छांयसा पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक उद्योग में नौकरी करता है। 23 जून को आधी रात के बाद एक बजे वह और उसके साथी अत्येंद्र आजाद, अनुपम, धीरज सिंह चालक एक्सप्रेस-वे पर पलवल कुछ सामान छोड़ने जा रहे थे। आधी रात के बाद तीन बजे छांयसा मौजपुर टोल प्लाजा से करीब एक किलोमीटर पलवल की तरफ पहुंचे, तो सड़क पर सब्जी भरा हुआ एक ट्रक खड़ा हुआ था, जो पहले से ही दुर्घटनाग्रस्त था। इसका चालक अंदर फंसा हुआ था और कंडक्टर घायल अवस्था में सड़क पर खड़ा होकर मदद मांग रहा था। उन्होंने उसे देख कर अपने ट्रक को रोक लिया और साइड में खड़ा कर दिया। फंसे हुए चालक को बाहर निकाल कर एक साइड में बैठा दिया। वे उनकी मदद कर रहे थे, तभी एक कैंटर नोएडा की तरफ से तेज गति से आया और पहले से खड़े दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में उसे व उसके दोस्तों को भी चोट लगी। तभी उन्होंने 1033 नंबर पर काल करके पुलिस को बुलाया। पुलिस ने एंबुलेंस से उन्हें बल्लभगढ़ के एक निजी अस्तपाल में भेजा, जहां पर उपचार किया गया। थाना छांयसा प्रभारी कुलदीप सिंह का कहना है कैंटर चालक और एक अन्य अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही व तेज गति से वाहन चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## बिना ऑपरेशन बदला बुजुर्ग के दिल का वॉल्व



**फरीदाबाद।** मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल में दिल की गंभीर बीमारी के साथ आये फरीदाबाद के 70 वर्षीय जगदीश कुमार का बिना ऑपरेशन किए दिल का वॉल्व बदल नया जीवन दिया। मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल से हृदय रोग विभाग के डायरेक्टर डॉ. राकेश राय सपरा ने बताया कि हमारे पास एक ऐसा मरीज आया जिसकी सांस फूल रही थी और हाथ-पैरों में सूजन थी। जांच करने पर पता चला कि उसे गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस की बीमारी थी। मरीज के एओर्टिक वॉल्व में सिकुड़न थी। इसके अलावा मरीज का दिल बहुत कमजोर था। दिल का फंक्शन 25 प्रतिशत था। इस कारण मरीज को बार-बार हार्ट फेलियर हो रहा था। ऐसे में वॉल्व बदलना जरूरी था। आमतौर पर ऐसी स्थिति में मरीज की ओपन हार्ट सर्जरी करनी पड़ती है। लेकिन इस मरीज की उम्र और हृदय के ज्यादा कमजोर होने की वजह से ऑपरेशन में ज्यादा जोखिम था इसलिए ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वॉल्व इम्प्लांटेशन (टीएवीआई) तकनीक से, बिना ऑपरेशन किए, मरीज के दिल का वॉल्व बदल दिया गया।

## दोस्ती की मिसाल है अशोक तंवर : भड़ाना



**फरीदाबाद।** बीजेपी सरकार युवाओं को अग्निपथ के माध्यम से अग्नि में झोंकने का काम कर रही है। जिस प्रकार सरकार को किसानों के सामने झुकने को मजबूर होना पड़ा था, उसी तर्ज पर युवाओं को बर्बाद करने वाला ये अग्निपथ कानून भी वापस लेना होगा। ये विचार आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉक्टर अशोक तंवर ने शुक्रवार को फरीदाबाद में पार्टी कार्यकर्ता के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने से पूर्व गुड़गांव बड़खल रोड पर स्थित जिला कार्यालय पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहे। अशोक तंवर ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में आम आदमी पार्टी का कुनबा लगातार बढता जा रहा है और हरियाणा में दूसरी पार्टियों के दिग्गज आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। पंजाब की जीत ने कार्यकर्ताओं के जोश को दोगुणा कर दिया है और आज पूरे हरियाणा में आम आदमी पार्टी की धूम मची हुई है। वर्तमान समय में हरियाणा में अगर विपक्ष की भूमिका में कोई है, तो वह केवल आम आदमी पार्टी है। उन्होने कहा की भाजपा की दमनकारी नीतियों, बढती मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के चलते आज प्रदेश की जनता त्राहिमाम-त्राहिमाम करने को मजबूर है। उन्होंने कहा की पार्टी में लगातार लोगों की आस्था बढ़ती जा रही है, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व एवं डॉ. सुशील गुप्ता के मार्गदर्शन में लोग अधिक से अधिक आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा की हम उम्मीद करते है की आने वाली सरकार हरियाणा में आम आदमी पार्टी की होगी। इस मौके पर उनके साथ मंजू गुप्ता, प्रवेश मेहता, गुलशन बग्गा, सौरव राघव, ओ पी वर्मा, चंचल तवर, शिवकुमार, राजेंद्र शर्मा, परमजीत कोर, विनोद भाटी, खैमी ठाकुर, ब्रजेश नागर, मुल्कराज भड़ाना, मनीष भाटिया आदि मौजूद रहे।

## जेआरसी की एकल उपयोग की प्लास्टिक मुक्त कैंपेन

**फरीदाबाद।** एक जुलाई से एकल उपयोग की प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया जा रहा हैं। जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी नंबर तीन फरीदाबाद में विद्यालय के प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा के निर्देशन में एकल उपयोग की प्लास्टिक का प्रयोग न करने हेतु जागरुकता अभियान चलाया। ब्रिगेड अधिकारी, जूनियर रेडक्रॉस काउन्सलर व प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक से अभिप्राय ऐसी प्लास्टिक से है जिस का उपयोग केवल एक बार ही किया जा सकता है। सामान्य भाषा में इस प्रकार की प्लास्टिक को डिस्पोजेबल प्लास्टिक कहा जाता है। सिंगल यूज प्लास्टिक के अन्तर्गत प्लास्टिक की थैलियां, प्लास्टिक के गिलास व चम्मच, पानी की बोतलें, खाद्य पदार्थों में प्रयोग होने वाली पैकिंग एवम प्लास्टिक सम्मिलित हैं। इस प्रकार की प्लास्टिक का उपयोग रिसाइकिल में भी नहीं किया जाता। प्रयोग के बाद इस प्लास्टिक को कचरे में डाल दिया जाता है। जोकि पर्यावरण के लिए हानिकारक सिद्ध होता है। सरकार द्वारा एकल उपयोग की प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। एकल उपयोग की प्लास्टिक अभियान के संचालन का मूल उद्देश्य देश के सभी नागरिकों की स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरुकता बढाना है। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि पॉलीथिन के उपयोग के कारण पर्यावरण में पैदा होने वाला प्रदूषण नियंत्रण करना बहुत कठिन है। यह समस्या संपूर्ण विश्व के लिए चिंता का विषय है। पॉलीथिन के कचरे में डलने तथा जलने से जो धुआं निकलता है वह हवा में विषैली गैस के रूप में फैलता है।

# कामयाबी के लिए किताबी ज्ञान के साथ अनुभव और प्रशिक्षण जरूरीः मनोहर लाल

### गुरुग्राम में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला में पहुंचे सीएम



वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला में बोलते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की रेवेन्यू कोर्ट लगाने को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जीवन में किताबों के ज्ञान के साथ-साथ अनुभव और प्रशिक्षण जरूरी है। उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने जीवन में आखिर तक सीखता है, आगे बढ़ने के लिए प्रशिक्षण और मेहनत जरूरी है।

गुरुग्राम के मंडलायुक्त राजीव रंजन द्वारा दिए जा रहे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त तथा एसडीएम स्तर के अधिकारियों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुग्राम के लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को देखने के लिए पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने कहा कि सन 1980 से लेकर 2014 तक लगभग 34 वर्षों के दौरान ट्रेनिंग उनका रुचिकर विषय रहा है। उन्होंने कहा कि केवल किताबी ज्ञान से ही सफलता नहीं मिलती, बल्कि कम से कम संसाधनों के साथ कम से कम समय में ज्यादा आउटपुट कैसे मिले, उसके लिए ट्रेनिंग जरूरी है। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग लगातार चलने वाला विषय हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीखने की कोई आयु नहीं होती। उन्होंने स्वयं 40 वर्ष की आयु में कम्प्यूटर चलाना सीखा। यह कहते हुए उन्हें आज प्रसन्नता हो रही है कि उसकी उपयोगिता यह हुई है कि जब भी वे अधिकारियों के साथ बैठक करते हैं तो अधिकारी पूरी तैयारी के साथ आते हैं। क्योंकि उन्हें लगता है कि कहीं उनकी गलती पकड़ी ना जाए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों से दो सवाल पूछे और उनके जवाब लिखकर गुप्त रूप से उन्हें देने को कहा। उस कागज पर चाहे वे अपना नाम ना लिखें। इसमें एक सवाल यह था कि आपने जब से ज्वाइन किया है, आपको सरकार की कौन सी योजना अच्छी लगी, जिससे जनता को लाभ मिल रहा हो और उसे आगे बढ़ाने की जरूरत है। दूसरा सवाल यह था कि योजनाओं से अलग कोई और काम क्या किया जाना चाहिए, जिसकी जनता को जरूरत है। इन दोनों सवालों के जवाब मुख्यमंत्री अपने साथ ले गए। इसके अलावा मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों से कहा कि वे भी उनसे कोई दो सवाल या संशय पूछ सकते हैं। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों से यह भी कहा कि पानी बहुत कीमती है, जिसे बचाना जरूरी है। इसके लिए आम जनता को जागरूक करते हुए उनमें जिम्मेदारी की भावना पैदा करनी है और बर्ताव में परिवर्तन लाना है। उन्होंने ये भी कहा कि जो पानी हम उपयोग में लाते हैं उसके 80 प्रतिशत भाग को पुनः प्रयोग में लाना होगा।

इससे पहले मंडलायुक्त राजीव रंजन ने कहा कि दिमाग रूपी कुल्हाड़ी को तेज करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के इस प्रशिक्षण में हम बैस्ट प्रैक्टिसिज पर चर्चा करते हैं, ताकि उनसे दूसरे अधिकारी भी प्रेरणा ले सकें।

# हाउस टैक्स प्रणाली को बनाया गया है आसानः सुधीर सिंगला


गुरुग्राम के सेक्टर-15 पार्ट-2 में हाउस टैक्स सर्वे के बिलों में त्रुटि शिविर का शुभारंभ करते विधायक सुधीर सिंगला।

### सेक्टर-15 पार्ट-2 में लगाया गया हाउस टैक्स सर्वे के बिलों में त्रुटि सही करने का शिविर

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने शनिवार को सेक्टर-15 पार्ट-2 में हाउस टैक्स सर्वे के बिलों में त्रुटि दुरुस्त करने के लिए शिविर का शुभारंभ किया। यह शिविर क्षेत्र की आरडब्ल्यूए ने विधायक के सहयोग से लगाया।

इस दौरान उनके साथ सीएम विंडो के सदस्य अमित गोयल, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अमीर सिंह यादव, अरूण बंसल, पीएस गहलोत, जेपी सिंघल, अनिल गुप्ता, विनोद शर्मा, रोशन लाल मककड़, डॉ. चंद्रपाल वर्मा, केसी अग्रवाल व अन्य वरिष्ठ लोग मौजूद रहे। शिविर का शुभारंभ करने उपरांत विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि सरकार द्वारा टैक्स प्रणाली को दुरुस्त किया गया है। पहले हाउस टैक्स सरकारी कार्यालयों में जाकर जमा कराया जाता था। लोगों को लाइनों में लगकर परेशानी उठानी पड़ती थी। अब ऐसा नहीं करना पड़ता। अब कार्यालयों के अलावा लोगों के डोर स्टैप पर ही टैक्स भुगतान की सुविधा दी जाती है। जगह-जगह पर टैक्स भरने के शिविर लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स के सर्वे में जिन लोगों के बिलों में कोई गलती हैं, वे सभी रेजीडेंट्स के लिए आरडब्ल्यूए ने हरियाणा सरकार के सहयोग से आपके बिलों को ठीक करवाने के लिए कैम्प का आयोजन किया है। आप अपने साथ नए नोटिस के साथ पुराने बिल की कापी व आधार कार्ड और जो जरूरी कागज प्रॉपर्टी से संबंधित हैं, वे लेकर आएं। विधायक सुधीर सिंगला ने लोगों से कहा कि वे अपने सही कागजों को सही रखें, ताकि सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाएं और योजनाओं का लाभ उन्हें बिना किसी बाधा के मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर परिषद के उपचेयरमैन बनाने को लेकर हलचल शुरू

**सोहना।** नगर परिषद चेयरमैन व पार्षद पद चुनाव के बाद अब उपचेयरमैन चयन को लेकर राजनीति एक बार फिर से गरमाने लगी है। उपचेयरमैन किस गुट का होगा। यह तो आने वाला समय ही बताएगा। चेयरपर्सन समेत 21 पार्षद उपचेयरमैन, विधायक और सांसद का वोट शामिल होता है। शहर में एक बार फिर चुनावी चर्चाएं धीरे-धीरे जोर पकड़ने लगी हैं। इस बार नगर परिषद के उपचेयरमैन पद का चुनाव होना है। उपचेयरमैन हाल ही में बने 21 पार्षदों से चुना जाना है। उपचेयरमैन प्रदेश में सत्तारुढ़ पार्टी का होगा या विरोधी पार्टी का होगा। यह तो आने वाला समय ही बताएंगा। लेकिन इतना तय है कि उपचेयरमैन का पद पुरुष पार्षद को ही सौंपा जाएगा। उपचेयरमैन पद के चयन को लेकर अभी तक किसी विशेष पार्षद का नाम खुलकर सामने नहीं आया है। लेकिन अभी तक गुप्त रुप से दो ही नाम सामने आ रहे है। जिन्होने पार्षदों का समर्थन पाने के लिए फोन के माध्यम से अपने स्तर से लेकर राजनीति लोगों के माध्यम से फोन कराने शुरू कर दिए है। फोन के माध्यम से पार्षदों के मन की नवज टटोल रहे हैं। इस बार नगर परिषद के पार्षद पद चुनाव में 21 में से 4 पार्षद फिर से चुनाव जीतकर आए हैं। 17 पार्षद पहली बार चुनकर आए है। उपचेयरमैन का पद किस गुट के पक्ष में जाएगा। यह तो आने वाला समय ही बताएगा। वैसे फिर से चुने गए पार्षद यह पद अपने कब्जे में ले सकते हैं।

### स्कूल का दर्जा न बढ़ने से विद्यार्थी और अभिभावक परेशान

**सोहना।** खंड के गांव दमदमा के राजकीय मिडिल स्कूल का दर्जा 12वीं तक किए जाने का पत्र न आने से यहां के विद्यार्थी और अभिभावकों के माथे पर एक बार फिर चिंता की लकीरें खिंचनी शुरू हो गई हैं। एक जुलाई से गर्मी के छुट्टियों के बाद स्कूल फिर से खुलने जा रहे हैं। मई माह में दमदमा के करीब 130 विद्यार्थियों द्वारा अपने की गांव के राजकीय मिडल स्कूल का दर्जा बढ़ाने के लिए किया गया संघर्ष पर फिर पानी फिरता नजर आने लगा है। प्रदेश शिक्षामंत्री कंवरपाल सिंह समेत सांसद राव इन्द्रजीत सिंह, विधायक संजय सिंह और जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदु बोकन ने 15 जून तक स्कूल का दर्जा बढ़ाने का पत्र ग्रामीणों को मिल जाएगा, लेकिन दिए गए आश्वासन को लगभग 25 दिन हो गए है। ग्रामीणों के पास न तो कोई पत्र आया है। न ही प्रशासनिक अधिकारी या मंत्री ने ग्रामीण तथा कक्षा 9 से 12वीं की कक्षाओं में दूसरे गांव जाकर पढ़ने वाले विद्यार्थियों को आश्वासन मिला है। सोमवार को ग्रामीणों की गठित कमेटी जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदु बोकन से मिलेंगे। ग्रामीण जिला अधिकारी सरकार और शिक्षा विभाग द्वारा की गई अब तक की कार्रवाई की जानकारी लेंगे। कमेटी के सदस्य समाज सेवी श्योराज खटाना ने बताया कि सांसद राव इन्द्रजीत सिंह की तरफ से भी शिक्षा विभाग और वित्तमंत्रालय से स्कूल का दर्जा बढ़ाया जाने की मंजूरी दिए जाने की जानकारी मिल रही है। ग्रामीण और अभयपुर के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा 9 से 12वीं की कक्षाओं में विद्यार्थी गांव से बाहर शिक्षा प्राप्ति के लिए जाने का तैयार नहीं हो रहे हैं। समाज सेवी विरेन्द्र खटाना ने बताया कि उन्हें शिक्षा विभाग, प्रदेश सरकार और जिले के शिक्षा अधिकारियों पर पूरा विश्वास है। एक जुलाई से गांव के ही राजकीय स्कूल में कक्षा 12वीं तक कक्षाएं लगने लगेंगी।

### स्वास्थ्य विभाग चलाएगा डायरिया रोकथाम के लिए अभियान

**सोहना।** स्वास्थ्य विभाग एक से 14 जुलाई के बीच डायरिया पखवाड़ा मनाएगा। नागरिक अस्पताल में डायरिया काउंटर बनेगा। आशा वर्कर्स को डायरिया रोगियों की पहचान करने की जिम्मेदारी सौंपी। बरसात का मौसम शुरू होने से पहले डायरिया का रोग पनपने लगता है। स्वास्थ्य विभाग ने डायरिया के रोग को पनपने से पहले ही रोकने की योजना बनाई है। जिसके लिए विशेष अभियान एक से 14 जुलाई के बीच शुरू किया जा रहा है। जिससे डायरिया को पहले से की काबू किया जा सके। नागरिक अस्पताल में विशेष रूप से डायरिया जांच का काउंटर स्थापित होगा। यह काउंटर 24 घंटा डायरिया रोगियों के लिए उपलब्ध होगा। जिसमें तुरन्त प्रभाव से रोगी का टेस्ट डायरिया जांच किया जाएगा।

# हाइराइज इमारतों में सलाहकारों से स्ट्रक्चरल ऑडिट कराएगा प्रशासन

### प्रशासन ने स्ट्रक्चरल ऑडिट सलाहकारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए

### जिला प्रशासन एक सप्ताह के भीतर सलाहकारों को करेगा सूचीबद्ध



पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जिला** की 60 हाइराइज सोसायटियों का स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कंसल्टेंट का पैनल तैयार किया जा रहा है। ऑडिट पैनल में सलाहकारों को शामिल करने के लिए विभिन्न एजेंसियों व फर्म से निर्धारित शर्तों व नियमों के आधार पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन प्राप्त होने के पश्चात जिला प्रशासन एक सप्ताह के भीतर सलाहकारों को सूचीबद्ध कर देगा।

उन्होंने बताया कि जिला गुरुग्राम में पिछले दो वर्ष में इमारत के निर्माण में अनियमितता संबंधी 60 कॉलोनियों व ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों से शिकायत प्राप्त हुई हैं। उन्होंने बताया कि इन शिकायतों के स्थाई समाधान तथा प्राप्त शिकायतों के स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा ऑडिट कंसल्टेंटस का पैनल तैयार किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि उंची इमारतों में रहने वाले लोग उनके स्ट्रक्चर को लेकर सुरक्षित महसूस करें और वहां शान्ति से रह सकें, इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए यह पूरी प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है। उपायुक्त ने ऑडिट सलाहकार पैनल में शामिल किए जानी वाली एजेंसियों व फर्मों के लिए निर्धारित मापदंडों की जानकारी देते हुए बताया कि कंसल्टेंट/फर्म को स्ट्रक्चरल डिजाइनिंग और ऑडिटिंग और स्ट्रक्चरल एनालिसिस में कम से कम 10 साल का अनुभव होना जरूरी है। सलाहकार फर्म के पास बहुमंजिला इमारतों के स्ट्रक्चरल डिजाइनिंग और ऑडिटिंग में न्यूनतम 5 वषज़ का अनुभव होने के साथ साथ कम से कम 3 पूर्णकालिक योग्य स्ट्रक्चरल इंजीनियर (एम.टेक/ एम.ई/ एम.एससी/ एम.एस इन स्ट्रक्चर इंजीनियरिंग) होना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि एजेंसी अथवा फर्म के पास आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए स्ट्रक्चरल डिजाइनिंग और ऑडिटिंग का कार्य करने का पूर्व अनुभव और क्षमता होनी जरूरी है। उपायुक्त ने कहा कि आमजन का जिला प्रशासन पर विश्वास है ऐसे में जरूरी है कि स्ट्रक्चरल ऑडिट के लिए ऐसी टीम तैयार की जाए जो निष्पक्ष रूप से कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा भविष्य में किसी प्रकार की अप्रिय घटना का दोहराव ना हो इसके लिए निर्णायक कदम उठाए जा रहे हैं।

# मानेसर पहुंचे सीएम का विधायक जरावता के साथ सरपंच सुंदर लाल ने किया स्वागत

### ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ मास्टर प्रिंटर्स के कार्यक्रम में पहुंचे सीएम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


मानेसर में विधायक सत्यप्रकाश जरावता के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल का स्वागत करते सरपंच सुंदर लाल।

**शनिवार** को मानेसर में ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ मास्टर प्रिंटर्स के भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल का विधायक सत्यप्रकाश जरावता के साथ सरपंच सुंदर लाल ने स्वागत किया। इस अवसर पर मानेसर आरडब्ल्यूए सेक्टर-1 के पूर्व प्रधान शशि यादव भी मौजूद रहे।

विधायक सत्यप्रकाश के सम्मान में सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता के प्रयासों से मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने क्षेत्र को कई सौगातें दी हैं। मानेसर को नगर निगम बनाने के साथ क्षेत्र को सरकारी कालेज दिया गया। अनेक स्कूलों को अपग्रेड किया गया। युवाओं को रोजगार की दिशा में भी सकारात्मक काम हो रहे हैं। निजी क्षेत्र में यहां पर अनेक कंपनियों के वेयर हाउस व अन्य संस्थान स्थापित हो चुके हैं। अब क्षेत्र का विकास और तेजी से होगा। पटौदी नगर पालिका और हेलीमंडी को मिलकर अब पटौदी-मंडी नगर परिषद बनाई जा रही है। शुक्रवार को इसके लिए अधिसूचना भी जारी की गई। इस पर लोगों के दावों और आपत्तियों के बाद इसे अमलीजामा पहनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पहले क्षेत्र विकास के लिए तरसता था, लेकिन मनोहर सरकार में यहां विकास के ऐतिहासिक काम हुए हैं। विधायक सत्यप्रकाश जरावता के कार्यकाल में तो यहां पर पहले की तुलना में अधिक कार्य हो रहे हैं। सुंदर लाल ने कहा कि मानेसर में औद्योगिक संरचना का भी विस्तार किया जा रहा है। इसका दायरा भी काफी बढ़ाया गया है, ताकि अधिक से अधिक उद्योग यहां पर लग सकें।

# गुरुग्राम पहुंची 44वें चैस ओलिंपियाड की ऐतिहासिक मशाल रिले का हुआ स्वागत

### एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने मशाल रिले को किया रिसीव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम पहुंची 44वें चैस ओलंपियाड की ऐतिहासिक मशाल रिले का स्वागत करते एडीसी विश्राम कुमार मीणा।

**आगामी** 28 जुलाई से 10 अगस्त के बीच तमिलनाडु के महाबलिपुरम में होने जा रहे 44वें चैस ओलंपियाड की ऐतिहासिक मशाल रिले का गुरुग्राम जिला में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

तय रुट के अनुसार गुरुग्राम के खेड़की टोल प्लाजा से हीरो होंडा चौक, राजीव चौक व साइबर हब होते हुए डीएलएफ फेज एक स्थित मुख्य आयोजन स्थल शिव नादर स्कूल पहुंचने पर मशाल रिले में शामिल सभी लोगों का पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत सत्कार किया गया। आयोजन स्थल पर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित गुरुग्राम के अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मशाल रिले को रिसीव करने के उपरांत अपने संबोधन में कहा कि 28 जुलाई से 10 अगस्त के बीच तमिलनाडु के महाबलिपुरम में 44वें चैस ओलंपियाड का आयोजन किया जा रहा है। चैस ओलंपियाड में 187 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। वर्ल्ड चैस फैडरेशन ने पहली बार मशाल रिले की शुरुआत की है। चूंकि चैस खेल की शुरूआत भारत से हुई थी। इसलिए फैडरेशन ने यह निणज़्य भी लिया है कि भविष्य में होने वाले सभी चैस ओलंपियाड की टार्च रिले भारत से ही शुरू होगी।

# सांस्कृतिक कार्यशाला में प्रशिक्षुओं को सिखाए जा रहे रंगमंच के गुर


गुरुग्राम में जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यशाला में प्रस्तुति देते प्रतिभागी।

**गुरुग्राम।** जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम कार्यालय गुरुग्राम द्वारा आयोजित 10 दिवसीय जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यशाला के चौथे दिन जिला खेल अधिकारी सन्धू बाला ने समस्त कार्यशाला का निरीक्षण किया।

कार्यशाला में प्रतिभागी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके विभाग द्वारा समय-समय पर इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहा है। आगे भी किया जाएगा। इसलिए प्रतिभागियों को अपनी पूर्ण रुचि अनुसार इस कार्यशाला में सिखाए जाने वाली हरियाणवी संस्कृति, नृत्य, गायन व रंगमंच को पूर्ण रूप से सीखना व इसमें सिखाई जाने वाली बारीकियों पर अपना पूर्ण ध्यान केंद्रित करना हैं, ताकि बच्चे अधिक से अधिक सीख सकें, आज बच्चों को हरियाणवी नृत्य, गायन व नाटक के पात्रों का चयन व डायलॉग बोलना व भावमुद्रा सिखाई गई, संगीत में बच्चों को हरियाणवी गीत सिखाया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को जलपान करवाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता ममता धवन द्वारा भी बच्चों को कार्यशाला में अधिक से अधिक सीखने का आग्रह किया गया।

# अमेजन प्राइम वीडियो ने एएमसी नेटवर्क्स के साथ भारत में प्राइम वीडियो चैनल्स पर एएमसी+ और एकॉर्न टीवी लॉन्च करने के लिए सहभागिता की

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई/न्यूयॉर्क




**भारत** के सबसे पसंदीदा मनोरंजन केंद्र अमेजन प्राइम वीडियो और प्रमुख वैश्विक मीडिया एंटरटेनमेंट कंपनी एएमसी नेटवर्क्स ने आज भारत में प्राइम वीडियो चैनल्स पर एएमसी+ और एकॉर्न टीवी लॉन्च करने का ऐलान किया है। एएमसी+ ऊंची गुणवत्ता के साथ स्क्रिप्ट किए गए ड्रामों, प्रशंसकों की पसंदीदा फ्रेंचाइजीज तथा यूएस और दुनिया भर की विज्ञापन-रहित एक्सक्लूसिव सीरीज और फिल्मों की एक विस्तृत रेंज पेश करने वाली प्रीमियम सब्सक्रिप्शन सर्विस है।

एएमसी+ की सदस्यता लेने वाले प्राइम मेंबर एकॉर्न टीवी तक भी पूर्ण पहुंच बना सकेंगे, जो ब्रिटेन और अन्य देशों के विज्ञापनरहित ड्रामा और मिस्ट्रीज दिखाता है। प्राइम मेंबर्स की सहूलियत के लिए प्रीमियर ओरिजिनल प्रोग्रामिंग हिन्दी, तमिल और तेलुगु में सबटाइटलों के साथ उपलब्ध होगी। आज से प्राइम मेंबर प्राइम वीडियो चैनलों के माध्यम से 349 रुपए में एएमसी+ का एक वर्ष के लिए सब्सक्रिप्शन लॉक करने हेतु सीमित-समय के 50त्न वाले एक्सक्लूसिव आरंभिक लॉन्च ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। इसके साथ उपभोक्ता एएमसी+ और एकॉर्न टीवी, इन दोनों का कंटेंट primevideo.com पर तथा आईओएस एवं एंड्रॉइड वाले स्मार्ट फोन, स्मार्ट टीवी, कनेक्टेड एसटीबीज और फायर टीवी स्टिक के प्राइम वीडियो ऐप पर देख सकते हैं। इंट्रोडक्टरी ऑफर के बाद, सब्सक्रिप्शन सालाना 699 रुपये में उपलब्ध होगा। वैकल्पिक रूप से, प्राइम मेंबर केवल एकॉर्न टीवी के लिए 249 रुपए के आरंभिक वार्षिक मूल्य पर एक एड-ऑन सब्सक्रिप्शन भी खरीद सकते हैं। इस आरंभिक ऑफर के बाद जो ग्राहक केवल एकॉर्न टीवी को सब्सक्राइब करना चाहते हैं, वे 499 रुपये का वार्षिक मूल्य चुका कर ऐसा कर सकते हैं। नवीनतम, सराहनीय और लोकप्रिय इंटरनेशनल कंटेंट की मंजिल होने के नाते अमेज़न प्राइम वीडियो में हम अपने ग्राहकों की पसंद, पहुंच और सुविधा के अनुसार उन्हें आला दर्जे की सेवाएं प्रदान करने में यकीन रखते हैं। पिछले साल लॉन्च होने के बाद से प्राइम वीडियो चैनल्स ने ग्राहकों के लिए उपलब्ध इंग्लिश और इंटरनेशनल कंटेंट के चयन का विस्तार किया है और प्राइम वीडियो वाले उनके सारे पसंदीदा फीचर्स के साथ, उन्हें एक ही स्थान पर अपने पसंदीदा शो और फिल्मों का आनंद लेने की सुविधा प्रदान करते हुए कई स्ट्रीमिंग सेवाओं की तरफ से इक्सक्लूसिव, उच्च-गुणवत्ता वाली विस्तृत प्रोग्रामिंग रेंज तक उनकी पहुंच बनाई है।- कहना है अमेज़न प्राइम वीडियो इंडिया के प्राइम वीडियो चैनल्स एंड स्पोर्ट्स हेड चैतन्य दीवान का। वह आगे बताते हैं, हम एएमसी नेटवर्क्स के साथ साझेदारी करके बेहद खुश हैं तथा अपने दर्शकों को लोकप्रिय और ब्लॉकबस्टर इंग्लिश कंटेंट का पहले से ज्यादा व्यापक चयन उपलब्ध कराते हैं। एड-ऑन सब्सक्रिप्शन के रूप में उपलब्ध प्रीमियम इंटरनेशनल कंटेंट के हमारे व्यापक चयन को प्राइम मेंबर्स ने बहुत पसंद किया है और हम उनकी विविधतापूर्ण एंटरटेनमेंट जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# जीयू के जरूरतमंद, मेधावी व गरीब विद्यार्थियों को मिली आर्थिक मदद


गुरुग्राम विवि के इन विद्यार्थियों को मिली है छात्रवृति।

### विद्यार्थियों की पढ़ाई का 50-70प्रतिशत रुपये खर्च मिशन वहन करेगा

**गुरुग्राम।** जो विद्यार्थी आर्थिक कमजोरी के चलते अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते हैं, ऐसे गरीब मेधावी विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए गुरुग्राम विश्वविद्यालय ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। गुरुग्राम विश्वविद्यालय ने जरूरतमंद, मेधावी व साधन विहीन विद्यार्थियों को विश्व प्रकाश मिशन की तरफ से छात्रवृति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस छात्रवृति योजना के अंतर्गत विवि के 5 विद्यार्थियों का चयन किया गया, जिनमें तीन बी.फार्मा के विद्यार्थी अंजलि, मैनु, जयदेव, दो एमबीए के विद्यार्थी नीतू यादव, कीर्ति गांधी शामिल है। इन सभी विद्यार्थियों की पढ़ाई का 50-70 प्रतिशत रुपये खर्च जीयू के प्रयासों से मिशन द्वारा वहन किया जाएगा। जीयू के डीन अकादमी अफेयर्स डॉ. सुभाष कुंडू ने बताया कि छात्रवृति के लिए मिशन की और से 5 विद्यार्थियों का चयन किया गया। सभी छात्रों का चयन अकादमिक रिकॉर्ड, व्यक्तिगत साक्षात्कार, आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए किया गया, आगे सुभाष कुंडू ने बताया कि नया शैक्षणिक सत्र 2022-23 जल्द ही शुरू होने वाला है। गुरुग्राम विवि के प्रयासों से विश्व प्रकाश मिशन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर विश्वविद्यालय के और अधिक छात्रों को आर्थिक रूप से सहायता दी जाएगी।

# 'क्रम्बॅल बेकरी एंड कैफे' का भव्य शुभारंभ लजीज व्यंजनों के स्वाद ने मोहा मन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

### मेरठ के प्रसिद्ध ब्रांड 'द केक फैक्ट्री' ने नोएडा में की नयी शुरूआत

**वेस्ट** यूपी के प्रमुख शहर मेरठ में अपने स्वादिष्ट और गुणवत्तापूर्ण बेकरी प्रोडक्टस के जरिये प्रसिद्धि हासिल करने वाले प्रख्यात ब्रांड 'द केक फैक्ट्री' ने अब नोएडा के लोगों को भी अपने व्यंजनों का स्वाद चखाने के लिये नयी शुरूआत की है। नोएडा के सेक्टर 104 मार्केट में शनिवार को 'क्रम्बॅल बेकरी एंड कैफे' का भव्य शुभारंभ किया गया। ग्रांड ओपनिंग में आये सभी अतिथिगणों व ग्राहकों ने 'क्रम्बॅल बेकरी एंड कैफे' के लजीज व्यंजनों की बेहद प्रशंसा की।

'क्रम्बॅल बेकरी एंड कैफे' की संचालिका गरिमा मित्तल ने बताया की 'क्रम्बॅल बेकरी एंड कैफे' की विशेषता गुणवत्ता को ध्यान में रखकर बनाये गये लज़ीज़ और पौष्टिक व्यंजन हैं। अपने ग्राहकों के स्वाद के साथ स्वास्थ को ध्यान में रखते हुए यहां के बेकरी प्रोडक्ट में किसी भी प्रकार के केमिकल का उपयोग नहीं किया जाता। छोटी फैमिली की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 300 से 400 ग्राम तक के केक भी उपलब्ध कराये गये हैं। 'क्रम्बॅल बेकरी एंड कैफे' में ग्राहकों को सभी फ़ूड प्रोडक्ट बिल्कुल फ्रेश मिलेंगे जो उन्हें लजीज स्वाद की अनुभूति करायेंगे। 'द केक फैक्ट्री' से 'क्रम्बॅल बेकरी एंड कैफे' तक का सफर गृहणी होने के साथ गरिमा मित्तल ने अपने प्रोफेशनल करियर को भी बेहतर तरीके से मैनेज किया है। आईसीआईसीआई बैंक में प्रबंधक, डीएसए ऋण के पद पर कार्य कर चुकी गरिमा मित्तल ने वर्ष 2001 में टैम्पा, फ्लोरिडा से विल्टन पेस्ट्री कोर्स किया। वर्ष 2009 में ललित होटल, नई दिल्ली से एंटरप्रेन्योर बेकरी कोर्स करने के बाद गरिमा मित्तल ने अपना कारोबार स्थापित करने की ठानी और अक्टूबर 2009 में मेरठ के पॉश एरिया साकेत में 'द केक फैक्ट्री' बेकरी आउटलेट का शुभारंभ किया। लोगों को रूचिकर व्यंजनों का स्वाद चखाया तो मांग बढ़ती गयी। मार्च 2013 में बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए फैक्ट्री यूनिट (बेस किचन) खोली गई। प्रसिद्धी के साथ आवश्यकता बढ़ती गयी तो नवंबर 2015 में बॉम्बे बाज़ार, मेरठ में 'केक फैक्ट्री कैफे एंड रेस्टोरेंट' की शुरूआत की गयी। 'द केक फैक्ट्री' को प्रोफेशनल तरीके से संचालित कर गरिमा मित्तल ने आम समझे जाने वाले बेकरी व्यवसाय को खास बना दिया। 'द केक फैक्ट्री' आज एक ब्रांड के रूप में स्थापित हो चुका है। न केवल मेरठ बल्कि अनेक जिलों के लोग भी मेरठ आने पर यहां के लज़ीज़ व्यंजनों का स्वाद चखने के लिये आउटलेट अवश्य पहुंचते हैं। मेरठ में 'द केक फैक्ट्री' के दोनों आउटलेट को मिली अपार सफलता के बाद अब नोएडा के लोगों को स्वादिष्ट, गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक व्यंजनों का लज़ीज़ स्वाद चखाने के लिये 'क्रम्बॅल बेकरी एंड कैफे' तैयार है। पहले दिन उमड़ी ग्राहकों की भीड़ इसके सुनहरे भविष्य की झलक दिखा रही है।

# नाली निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के प्रयोग से भड़के ग्रामीण

## पंचायत विभाग व जिला उपायुक्त सहित कई अधिकारियों को शिकायत कर जांच की मांग की




धुलावट में नाली निर्माण के दौरान ही हटी हुई ईंट। दूसरे चित्र में टूटी नाली।

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

**उपमंडल** के ग्राम पंचायत धुलावट में नाली निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के प्रयोग करने का मामला सामने आया है। घटिया सामग्री के प्रयोग से गुस्साए ग्रामीणों ने ठेकेदार और पंचायत अधिकारियों पर मिलीभगत कर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है, साथ ही पंचायत विभाग व जिला उपायुक्त को शिकायत देकर संबंधित ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

धुलावट निवासी व यूनिटी वेलफेयर सोसाइटी संस्था से जुड़े अध्यक्ष मौहम्मद साजिद, सचिव निसार अहमद, सूबे खान नंबरदार, मुस्ताक खान, राशिद खान, इरशाद, हाजी फकरुद्दीन सहित आदि ने बताया कि हरियाणा सरकार की हरियाणा ग्रामीण विकास योजना और स्पेशल डेवलपमेंट वर्क योजना के तहत गांव में कम्युनिटी हॉल, सीवर सिस्टम, रास्ते और नालियों, बाउंड्री वॉल और तालाबों के नवीनीकरण, पार्क व व्यायामशाला आदि बनाने के लिए लगभग 86 लाख रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है। आरोप है कि कुछ भ्रष्ट अधिकारी और संबंधित ठेकेदार मिलकर स्वीकृत विकास राशि का दुरुपयोग करना चाहते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नाली निर्माण के कार्य में ईंट, रोड़ी सहित बेहद घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। इसके अलावा निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। निर्माण कार्य के दौरान नाली दीवार में लगाई गई ईंट जगह-जगह से उखड़ रही है।

कई जगहों से नालियों को पूरी तरह से नहीं बनाया जा रहा। गुस्साए ग्रामीणों ने मौके पर एकत्रित होकर निर्माण कार्य में प्रयोग सामग्री का निरीक्षण कर उसके गुणवत्ता पर सवाल उठाया। उन्होंने बताया कि इस बारे में पंचायत विभाग व जिला उपायुक्त सहित कई अधिकारियों को शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही मांग की है कि निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता सामग्री का प्रयोग कर पूरी तरह पारदर्शिता बरती जाए।

### कर्मचारी को मौके पर भेज कर कराएंगे निरीक्षण : नंदलाल

**इस** बारे मे तावडू खंड एवं पंचायत विकास अधिकारी नंदलाल अग्रवाल ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है। सोमवार तक विभागीय कर्मचारी को मौके पर भेज निर्माण कार्य का निरीक्षण कराया जाएगा।

# केएमपी मार्ग पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

## अवैध रूप से तेल बेचने वाले ढाबों पर चली जेसीबी मशीन

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू



जिले के केएमपी मार्ग पर जमाए खोखे व ढाबों को हटाती पुलिस टीम।

**उपमंडल** की सीमा में शनिवार को जिला ट्रैफिक पुलिस द्वारा कुंडली-मानेसर-पलवल मार्ग पर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। जिला यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक सतबीर सिंह की टीम ने जिला मेवात के केएमपी मार्ग पर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को उखाड़ फेंका।

यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक सतबीर ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के दिशा-निर्देशों के मुताबिक केएमपी मार्ग पर पिछले कई दिनों से अवैध रूप से खोखे व ढाबा खोलकर उन की आड़ में अवैध रूप से डीजल खरीद-फरोख्त की शिकायतें मिल रही थी। बिना अनुमति के केएमपी मार्ग पर खोले गए इन खोखे व ढाबों के कारण कई दुर्घटनाएं होने के मामले भी सामने आ रहे थे। उन्होंने बताया कि यह अवैध ढाबे संदिग्ध लोगों के ठिकाने बनते जा रहे थे। जिनसे अपराध बढ़ने की संभावना थी। जिन पर संज्ञान लेते हुए यातायात पुलिस ने शनिवार को करीब 40 खोखे व झोपड़ियां हटा दी गई। इस मार्ग के अतिक्रमण मुक्त होने से जहां यातायात सुरक्षित व सुगम होगा, वहीं गैर कानूनी गतिविधियों पर भी लगाम लगाई जा सकेगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ उनका यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। जिले के सभी राजमार्गों के आसपास किए गए अतिक्रमण को हटा कर यातायात सुगम व सुरक्षित कराना उनका मकसद है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक छात्रा की मौत, दूसरी घायल

**होडल।** होडल-गढी रोड पर ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक छात्रा की मौत हो गई जबकि उसकी बहन घायल हा गई। ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को मौके पर छोडकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए पलवल के सिविल अस्पताल में भेज दिया है। घायल युवती को पास के अस्पताल में अपचार के लिए भर्ती कर दिया है। पुलिस ने मृतक छात्रा के परिजनों की शिकायत पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव गढी बरवारी निवासी अमर सिंह की दोनों पुत्रियां शीतल व नीशू होडल कॉलेज के लिए गांव से चली थी। उसने बताया कि वह गढ़ी पट्टी के निकट पहुंचकर रोड किनारे वाहन लेकर आ रहे अपने चाचा के लड़के के इंतजार में खडी थी। उन्होंने बताया कि तभी होडल की ओर से तेज स्पीड में आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने उन्हें अनदेखा करते हुए दोनों बहनों को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर की टक्कर से शीतल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि उसकी बहन नीशू घायल हो गई। मौके का फायदा उठाकर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को घटनास्थल पर छोड़कर मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने मामले की सूचना होडल थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए पलवल के सिविल अस्पताल में भेज दिया और घायल को पास के निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। पुलिस ने मृतक छात्रा के परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### तावडू में मकान के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी, केस दर्ज

**तावडू।** शहर के जटवाड़ा मोहल्ला में स्थित एक मकान के सामने बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भरतपुर सोनेरा निवासी विजेंद्र ने बताया कि वह फिलहाल तावडू के जटवाड़ा मोहल्ले में स्थित एक एक मकान में रहता है।गत 21 जून सुबह 10 बजे के करीब उन्होंने बाइक में लॉक लगाकर मकान के बाहर खड़ी की थी। शाम 4:00 बजे के करीब जब वह बाहर आए तो उनकी बाइक वहां से गायब थी, जिसकी उन्होंने अपने स्तर पर छानबीन शुरू कर दी लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। तावडू शहर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### पशुचारे में लगी आग, पुलिस को दी शिकायत



गांव तुमसरा में पशु चारे में लगी आग को बुझाता दमकल कर्मी।

**होडल।** गांव तुमसरा में पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने घर के निकट बने नौहरे में रखे पशुचारे में आग लगा दी। आग लगने की सूचना लिमते ही आसपास के ग्रामीण व दमकल की गाडी मौके पर पहुंच गई। दमकल की गाड़ी ने ग्रामीणों की मदद से लगभग डेढ घंटे में आग पर काबू पाया। दमकल विभाग ने जब तक आग पर काबू पाया तब तक पशुचारा जलकर राख हो चुका था। पीड़ित ने मामले की सूचना मुंडकटी थाना पुलिस को दी है। गांव तुमसरा निवासी अनिल कुमार ने मुंडकटी थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि शुक्रवार देर सायं उसके परिवार की महिलाएं घर के ऊपर कपड़े उतारने गई थी। उसने बताया कि उन्होंने देखा कि गांव निवासी उमेश व सुन्दर ने उनके नौहरे में रखे पशु चारे में आग लगा दी। महिलाओं ने नीचे पहुंचकर अपने परिजनों को आग की सूचना दी। जब तक परिजन मौके पर पहुंचे तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। आग लगाने वाले भी मौके से फरार हो गए थे। ग्रामीणों ने दमकल विभाग को आग की सूचना दी। सूचना मिलते ही होडल दमकल विभाग की गाडी मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से डेढ घंटे में आग पर काबू पाया। अनिल कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके नौहरे में पुरानी रंजिश के चलते आग लगाई गई है। इससे पहले भी इन्होंने उनके मकान में आग लगाई थी। जिसमें उनका काफी नुकसान हुआ था। इस मामले में मुंडकटी थाना प्रभारी वेदराम का कहना है कि उन्हें शिकायत मिल चुकी है। वह मामला दर्ज कर जांच करेंगे।

### चोरी के आरोपी से सोने की 4 झुमकी, एक अंगूठी व 1 चेन बरामद

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी नितीश अग्रवाल के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्यवाही करते हुए थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता सेक्टर 21डी चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर ओमप्रकाश की टीम ने घर में चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अमन खान उत्तर प्रदेश के आगरा जिले की जिनकी मंडी का रहने वाला है। आरोपी हाल में फरीदाबाद के बड़खल में किराए पर रहता है। पुलिस टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से बड़खल चौक से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पेंटर का काम करता है। आरोपी लेबर चौक sec wvd पर काम करने के लिए खड़ा रहता है। आरोपी को सेक्टर 21डी में रहने वाले मकान मालिक अपने घर में पेंट करवाने के लिए लेकर गए थे। आरोपी ने पेंट करते समय घरवालों से कहा की पेंट में दुर्गंध आती है जिसे आप सहन नहीं कर सकते। घर का दरवाजा बंद कर दो, में पेंट कर देता हूं। आरोपी ने घर से सोने की 2 जोड़ी झुमकी, एक अंगुठी और एक चेन चोरी कर ली थी। बाद मे घर वालों के द्वारा घर का सामान चेक करने पर पाया कि घर से सोने के जेवरात चोरी हो गए हैं। जिसकी शिकायत मकान मालिक ने सेक्टर 21डी चौकी में पेंट करने वाले रोहित के खिलाफ दी ।

# एनएचएम कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जताया रोष




सरकार के खिलाफ रोष प्रकट करते कर्मचारी।

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह

## कर्मियों ने कार्यस्थल से दमनकारी पत्र की प्रतियां जलाकर रोष प्रकट किया

## वित्त विभाग ने एनएचएम कर्मी वेतनमान को समाप्त कर निश्चित वेतन का दिया है निर्देश

**नूंह** में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया। इस दौरान नूंह सीएचसी में कर्मचारियों ने एकत्रित होकर जिला प्रधान रिहान रजा की अध्यक्षता में अपने कार्यस्थल से इस दमनकारी पत्र की प्रतियां जलाकर रोष प्रकट किया।

जिला प्रधान रिहान रजा ने कहा कि हम वहीं एनएचएम कर्मचारी हैं। जिन्हें सरकार द्वारा कभी फूल बरसाकर, कभी तालियां बजाकर तो कभी दोगुना वेतन देकर सम्मानित किया। मगर इन कर्मचारियों ने इस महामारी काल में सरकार के दोगुने वेतन को जमीर का हवाला देकर लेने से मना कर दिया। आज सरकार उनके हितों की उपेक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों ने कोरोना महामारी में लोगों को अपने खर्चे से दवाइयां पहुचाई, खाना उपलब्ध करवाया, रक्तदान किया, प्लाज्मादान किया ओर लोगों की उस समय सेवा की जब उन्हें अपनों ने त्याग दिया था। इसी दौरान न जाने कितने ही योद्धा सेवा करते करते काल का ग्रास बन गए। लेकिन सरकार इसके बावजूद उनके हितों की उपेक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि अब वित्त विभाग के अधिकारियों ने उनके वेतनमान को समाप्त कर एक निश्चित वेतनमान का निर्देश मिशन निदेशक कार्यालय को दिया है। इसलिए जिले के एनएचएम कर्मचारी संघ हरियाणा मिशन निदेशक कार्यालय, वित्त निदेशालय और हरियाणा सरकार को चेताना चाहता है कि सरकार कर्मचारियों के सब्र की परीक्षा न ले। यदि सरकार ने इस तुगलकी फरमान को वापस नहीं लिया तो कर्मचारी हितों की रक्षा के लिए किसी भी बड़े कदम को उठाने से हिचका नहीं जाएगा। अत: सरकार को सलाह है कि वह टकराव से बचते हुए कर्मचारियों के साथ बैठकर उनकी समस्याएं सुलझा ले अन्यथा टकराव का नतीजा सरकार के लिए सुखद नहीं होगा और सरकार को इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

# ऊषा दीदी की दूसरी पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा

## सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** होडल



ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व संचालिका की श्रद्धांजलि सभा में मौजूद लोग।

**ब्रह्मकुमारी** ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र होडल की पूर्व संचालिका ऊषा दीदी की दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में दूरदराजों से पहुंची ब्रह्मकुमारी आश्रम की बहन व भाईयों ने ऊषा दीदी को पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में शहर की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

लक्ष्मीनारायण मंदिर में उषा दीदी की दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में दिल्ली केंद्र से पहुंची शुक्ला दीदी ने कहा कि होडल में स्व. ऊषा बहन द्वारा लगाया गया विश्वविद्यालय का उनकी मेहनत व परिश्रम से एक विशाल वृक्ष का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि उनके नरम स्वभाव ने एक-दूसरे को माला में पिरोकर संगठित करने का कार्य किया है। स्व. बहन ऊषा ने गांवों में जाकर पदयात्रा व जन सपर्क कर लोगों को शांति का पाठ पढाया।

उन्होंने कहा कि हमें ऐसे महान के लोगों के द्वारा बताए गए रास्तों पर चलकर देश की सेवा करनी चाहिए वहीं मान टापू से पहुंचे सुधीर भाई ने कहा कि बहन उषा व उनके बिचार आज भी हमारे दिलों में जिंदा है। वक्ताओं ने स्व. बहन उषा की तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर होडल केंद्र की संचालिका पूनम दीदी, बहन शालू, मदन भाई, ओमप्रकाश भाई, श्रीनिवास से उषा बहन, पलवल से राज बहन, दिल्ली से उन्नसूर्या, नारनौल केंद्र संचालिका कमल दीदी, ओआरसी गुडगांव से भाई अशोक व संजय, हसनपुर से इंद्रा दीदी, पुन्हाना से योगिनी दीदी, तावडू से निर्मल बहन, सुभाष भाई, पूर्व विधायक उदयभान, अनिल भाई कोसी, नरेश नागल, सीआइए इंचार्ज जंगशेर, मोनू कालडा, सुभाष खन्ना, रूपा ठुकराल के अलावा अन्य धार्मिक व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अब जिले की नई शिक्षा अधिकारी होंगी डा मुनेश चौधरी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

## डा मुनेश का शिक्षा स्तर को सुधारने का होगा प्रयास

**जिला** मौलिक शिक्षा अधिकारी डा मुनेश चौधरी अब जिले की शिक्षा अधिकारी हो गई हैं। सरकार ने जिला शिक्षा अधिकारी के आर्डर शुक्रवार को किए और उन्होंने शनिवार को पदभार संभाल लिया।

खंड शिक्षा अधिकारी बल्लभगढ़ सतीश चौधरी, फरीदाबाद खंड शिक्षा अधिकारी मनोज मित्तल, मुकेश सौरोत सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने उनका स्वागत किया। दरअसल मुनेश चौधरी जिले में साइंस मास्टर से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी तक पहुंची हैं। वे प्रिंसीपल भी रही। खंड शिक्षा अधिकारी रही। डिप्टी डीईओ भी रही। इसके बाद जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा भी रही। इसके बाद वे जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के पद पर नियुक्त हो गई, लेकिन पिछले महीने जिला शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी का तबादला हो गया था। इसके चलते शिक्षा अधिकारी का पद खाली था। हालांकि शिक्षा अधिकारी का काम मुनेश चौधरी देख रही थी, लेकिन अब सरकार ने शिक्षा अधिकारी के तौर पर उनके ऑर्डर कर दिए हैं। टीचर से लेकर शिक्षा अधिकारी तक पहुंची मुनेश जिले की शिक्षा व्यवस्था को बेहद नजदीकी से समझती हैं।

# एंजल पब्लिक स्कूल ने आठ रन से जीता मैच

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**रविंद्र** फागना इंटर अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट का यह मैच का मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी एंजेल पब्लिक स्कूल मैदान पर खेला गया। यह मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी एंजेल पब्लिक स्कूल और रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंदर फागना ने बताया की यह मैच 40-40 ओवर का था और यह मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी एंजेल पब्लिक स्कूल ने रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी को 8 रन से हराया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी एंजेल पब्लिक स्कूल टीम की और बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 40 ओवर में 2 विकेट पर 286 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए देवांश भदोला ने 133 रन, सोहिल ने 54 रन, उदय ने 50 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली टीम की और से गेंदबाजी करते हुए अफ्फान और मोहम्मद ने 1-1 विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली ने 40 ओवर में 6 विकेट पर 278 रन बनाकर हार का समाना पड़ा। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए सहज ने 74 रन, पार्थ ने 44 रन, कनव शर्मा ने 41 रन, शिवम्म ने 26 रन बनाए।

# लाखों हरियाणा पुलिस जवानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना है इरफान

## हरियाणा पुलिस कांस्टेबल रहते शिक्षा क्षेत्र में हासिल किए कई मुकाम

## तेजतर्रार पुलिस अधिकारी पंकज नैन भी कांस्टेबल की तारीफ करने को हुए मजबूर

**रिजवान कासिम।** मेवात

**कौन** कहता है कि आसमां में छेद नहीं हो सकता एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारो, ये बात सही साबित कर दिखाई है हरियाणा के शैक्षणिक रूप से सबसे पिछड़े इलाके नूंह जिले के नीमका गांव के 28 साल के इरफान ने बतौर कांस्टेबल रहते हुए शिक्षा के क्षेत्र में ऐसा मुकाम हासिल किया है की हरियाणा पुलिस के तेजतर्रार अधिकारी पंकज नैन भी इस कांस्टेबल की तारीफ करने से अपने आप को नहीं रोक पाए आपको बताते हैं कि इरफान पुत्र नसरुद्दीन उम्र 28 वर्ष 2019 में हरियाणा पुलिस में कांस्टेबल के पद पर तैनात हुआ था। कांस्टेबल के पद पर रहते हुए इरफान ने अपनी पढ़ाई जारी रखी।

देश के प्रतिष्ठित आईआईएम इंदौर जम्मू से फैलोशिप के लिए निमंत्रण आ गया इरफान अब हरियाणा पुलिस की नौकरी छोड़ कर आईआईएम इंदौर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। बड़े भाई के नक्शे कदम पर चलते हुए छोटे भाई एहसान ने भी उम्र 25 साल में भी इसी साल हरियाणा पुलिस में सिलेक्शन कराने के बाद ही दम लिया। राजेश कांस्टेबल की हरियाणा ही नहीं बल्कि देशभर में तारीफ हो रही है कि अगर कुछ कर गुजरने का जुनून व जज्बा हो तो कोई भी बाधा पार की जा सकती है। नौकरी में रहते हुए भी बड़े से बड़ा मुकाम हासिल किया जा सकता है। लाडले की इस उपलब्धि से नीमका गांव में जश्न का माहौल है तो माता-पिता व भाई बहनों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है।

**परिचय :** नसरूदीन पुत्र सुगड़ा किसान गांव नीमका के पुत्र इरफान 28 वर्ष नसरूद्दीन हरियाणा पुलिस में 2019 में लगे थे। आईआईएम इंदौर पीएचडी, छोटा भाई अहसान वर्ष 25 हरियाणा पुलिस में 2022 में सलेक्शन हो गया। परिवार में पांच भाई, 7 बहन हैं। 12 बहन-भाई का बड़ा परिवार भी इरफान की सफलता के पीछे बड़ी वजह है।

**शिक्षा :** कला पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल होडल से 82 प्रतिशत अंकों के साथ 10वीं पास की। उसके बाद जीवन ज्योति पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल पलवल से 94 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं पीसीएम-साइंस उत्तीर्ण की।

श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (दिल्ली विश्वविद्यालय) से बीकॉम (एच) में 70 फीसदी अंकों के साथ स्नातक किया। 2017 में जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय से एमबीए (पूर्णकालिक) 78.8 फीसद के साथ क्लीयर किया। नौकरी के साथ 2022 में जामिया मिलिया इस्लामिया से एम.कॉम (डिस्टेंस मोड) में किया।

**कार्य अनुभव :** सिटी ग्रुप में यूएस आधारित एमएनसी में फंड अकाउंटिंग ऑफिसर के रूप में शामिल हुए। उसके बाद 2019 में हरियाणा पुलिस विभाग में शामिल हुए और बैंक धोखाधड़ी मामलों की जांच के लिए आर्थिक प्रकोष्ठ, एसपी कार्यालय जींद में काम किया। प्रबंधन और वाणिज्य दोनों विषयों में जेआरएफ (नेट) उत्तीर्ण किया है। ये एग्जाम जॉब के साथ साथ क्लीयर किए।

हाल ही में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), इंदौर और आईआईएम जम्मू में प्रबंधन में फेलो प्रोग्राम के लिए चुना गया है। उन्होंने आईआईएम इंदौर को चुना। जो भारत के शीर्ष बी-स्कूलों में से एक है और दुनिया में अपनी प्रतिष्ठा का संस्थान भी है। अब इरफान इंदौर में मेवात जिले का नाम रोशन कर लाखों पुलिस के जवानों के लिए आगे बढ़ने की प्रेरणा का संदेश दे रहा है।

# पीएम किसान सम्मान निधि है कृषकों के लिए लाभकारी कदम : डीसी

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह

## पंजीकृत किसान 3 जून तक करवाएं ई-केवाईसी का कार्य

## शिकायत दर्ज करवाने के लिए पीएम किसान टोल फ्री नंबर 181155266 पर संपर्क करें

**जिला** उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के आर्थिक विकास में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लागू करते हुए लाभकारी कदम उठा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को खेती करने के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है। योजना का लाभ निर्बाध रूप से जारी रहे इसके लिए 30 जून तक पंजीकृत किसानों का ई- केवाईसी का कार्य किया जा रहा है।

जिला उपायुक्त अजय कुमार ने जिला के किसानों से आह्वान किया है कि वे अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। यह कार्य पीएम-किसान पोर्टल तथा संबंधित ऐप के माध्यम से निशुल्क रूप में किया जा रहा है। साथ ही कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से भी वैरिफिकेशन का कार्य किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिला के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत सालाना 6,000 रुपये दिए जाते हैं। इसका भुगतान 2000-2000 रुपये की तीन किस्तों में किया जाता है। ये पैसा सरकार द्वारा सीधा किसानों के खाते में ट्रांसफर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा अभी तक इस योजना के तहत 11 किश्तें जारी की जा चुकी हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अगर किसान के खाते में अभी तक पीएम किसान योजना की 11 वीं किश्त का पैसा नहीं आया है, तो आपको केंद्र सरकार की वेबसाइट पर अपनी डिटेल्स चेक कर लेनी चाहिए ताकि किश्त निरन्तर चलती रहे।

किसान राशि की अपग्रेडेशन की करें जांच: कृषि अधिकारी के अनुसार पीएम किसान सम्मान निधि योजना का स्टेटस चेक करने के लिए सबसे पहले किसान को डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटपीएमकिसानडॉटगोवडॉटइन वेबसाइट पर जाना होगा। इस वेबसाइट की दाएं तरफ किसान कॉर्नर पर क्लिक करें। इसके बाद आपको बेनिफिशियरी स्टेटस पर क्लिक करना है। यहां पर आपको आधार नंबर, मोबाइल नंबर जैसी डिटेल्स दर्ज करनी है। इसके बाद आप लिस्ट में अपना नाम आसानी से चेक कर सकते हैं। इसके साथ ही आप अपनी शिकायत दर्ज करवाने के लिए पीएम किसान टोल फ्री नंबर 18001155266 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Kamla Passi W/o Rajesh Chander Passi R/o 76, FF, Sec-15A, Faridabad have changed my name to Kamla Kumari Pasi.

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका तावडू की कर शाखा के सम्पत्ति कर रिकार्ड में प्रोपर्टी आई.डी. नम्बर 051511133/1/06 पर रिक्त स्थान है। जिस पर किसी भी व्यक्ति का नाम दर्ज नहीं है। जिसे परमेश्वरी पत्नी राजेंद्र ने अपने नाम दर्ज कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। यदि किसी भी जनसाधारण को सन्दर्भित आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज होने में कोई आपत्ति है तो वह 10 दिन के अन्दर नगरपालिका तावडू (नूंह) में अपनी आपत्ति दर्ज कराएं, अन्यथा यह प्रोपर्टी आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज कर दी जायेगी। जिसके लिए नगरपालिका तावडू व आवेदक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

आवेदक
परमेश्वरी पत्नी राजेन्द्र निवासी
भरथल गांव साउथ वेस्ट दिल्ली।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## महाराष्ट्र की स्थिति
### उद्धव का संघर्ष

**महाराष्ट्र** में व्याप्त संकटपूर्ण परिस्थिति उद्धव ठाकरे के लिए एक झटका हो सकती है, लेकिन इससे उनका भविष्य का रास्ता बंद नहीं हुआ है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे बुधवार रात अपने आधिकारिक निवास 'वर्षा' से अपने पारिवारिक निवास 'मातोश्री' चले गए। इसे भले ही उनके कॅरियर की समाप्ति नहीं तो भी पार्टी पर उनके परिवार के कब्जे में गिरावट की तरह देखा जा रहा है जिसे उनके पिता बाल ठाकरे ने बनाया था। यह काफी भावनात्मक क्षण था और बड़ी संख्या में शिवसैनिक उनके साथ अपनी एकजुटता प्रदर्शित कर रहे थे। भावनाओं से भरे संभवत: अपने विदाई भाषण में मुख्यमंत्री ने कहा, 'यदि एक भी असंतुष्ट विधायक आकर मुझसे कहे कि वह मुझे मुख्यमंत्री के रूप में नहीं देखना चाहता है तो मैं मुख्यमंत्री का पद और आधिकारिक आवास छोड़ दूंगा।' कोरोनावायरस से संक्रमित होने के कारण उनका भाषण फेसबुक पर था। उन्होंने अपने भाषण में तीन मुख्य बिंदुओं पर जोर दिया। पहला, उन्होंने स्वयं को अलग किस्म के नेता की तरह पेश करते हुए कहा कि वे उन लोगों में नहीं हैं जो किसी भी कीमत पर सत्ता पर कब्जा करना चाहते हैं, 'मैंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे का पत्र तैयार रखा था और मैं किसी भी क्षण इसे दे सकता था।' दूसरा, पार्टी अब भी उनके साथ है, 'मुझे एकनाथ शिंदे के साथ गए विधायकों के फोन आ रहे हैं जो दावा कर रहे हैं कि उनको जबरन ले जाया गया है।' उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वे हिंदू राष्ट्रवाद के साथ हैं और 'शिवसेना



को हिंदुत्व से अलग नहीं किया जा सकता है।' उनके अनुयायी व समर्थक उनसे सहमत हो सकते हैं, पर दूसरे लोग इस पर कुछ सवाल उठा सकते हैं। शिवसेना ने 2019 का विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन में लड़ा और जीता जिसमें भाजपा के देवेंद्र फडनवीस मुख्यमंत्री उम्मीदवार थे। फिर सवाल है कि शिवसेना ने देश में एकमात्र अन्य हिंदुत्ववादी शक्ति भाजपा को धोखा क्यों दिया तथा उन पार्टियों के साथ चली गई जो अंतर्निहित रूप से हिंदुत्व-विरोधी थीं? क्या शिवसेना विधायक मासूम या बच्चे हैं जिनको जबरन सैकड़ों मील दूर ले जाया जा सकता है?

यदि ऐसा है ता उद्धव ठाकरे को इस दोष से मुक्त नहीं किया जा सकता है कि आखिर उन्होंने पार्टी के सर्वोच्च नेता के रूप में इतने कमजोर लोगों को टिकट क्यों दिया। इसके बावजूद ऐसे नेता से कोई हमदर्दी जता सकता है जिसके अनुयायी उसे छोड़ कर चले गए हों, लेकिन इससे पार्टी व सरकार संचालित करने की उसकी क्षमता पर काफी सवाल स्वाभाविक रूप से उठते हैं। स्पष्ट रूप से वे अपनी पार्टी में विरोध की गहनता को ठीक से समझने में विफल रहे। यह इस तथ्य से भी स्पष्ट होता है कि उनके हर तीन में से दो विधायक शिंदे के साथ थे। विधायकों की भगदड़ जारी है। गुरुवार सवेरे शिवसेना के तीन और विधायक-दीपक केसाकर, मंगेश कुदालकर व सदा सारवंकर विमान से असम पहुंच गए जहां विद्रोही इकट्ठा थे। सवाल है कि क्या उद्धव या ठाकरे परिवार की राजनीति का अंत हो गया है? यदि ऐसा होता तो इसका अर्थ था कि एक राजनीतिक पार्टी उस परिवार से पल्ला झाड़ने में सफल हुई जिसने उसे जन्म दिया था। लेकिन अभी यह नतीजा निकालने का समय नहीं आया है कि ठाकरे परिवार का राजनीतिक कॅरियर समाप्त हो गया है। भले ही उसमें गिरावट आई हो, पर यह समाप्त नहीं हुआ है। यह स्थिति चिराग पासवान जैसी है जिनका लोजपा पर नियंत्रण समाप्त हो गया है, पर वे अभी भी राम विलास पासवान की विरासत का दावा करते हैं। देखें और प्रतीक्षा करें कि महाराष्ट्र में घटनाक्रम क्या मोड़ लेता है।

# मदांधता में खुदकुशी करने का 'सौभाग्य'

**भारतीय जनता पार्टी के दो प्रवक्ताओं का जिन्होंने जाने-अनजाने देश में ऐसा माहौल बना दिया, जिसका असर भारत के साथ कई अन्य देशों पर भी पड़ा और जिनसे हमारे आर्थिक और सामाजिक सरोकार-संबंध थे।**



**निशिकांत ठाकुर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीति विश्लेषक हैं)




**यदि** आप देशहित में कुछ सोचते हैं, अपने देश के लिए आपका कोई सपना है और आपकी सोच में भारत विश्व का सर्वश्रेष्ठ लोकतांत्रिक देश है, तो निश्चित रूप से भारत की वर्तमान स्थिति को देखकर आप विचलित हो गए होंगे। आप किसी राजनीतिक दल से जुड़े हैं या नहीं, यहां यह सवाल नहीं है। इन बातों को आप भूल जाइए और सोचिए कि पिछले कुछ दिनों से दिल को दहलाने वाली जो घटनाएं देश में घट रही हैं, क्या वह आपके मन और आपके समाज को प्रभावित नहीं कर रहा है? एक-एक कर यदि पिछली घटनाओं का उल्लेख करें तो सबसे पहले जिक्र आता है भारतीय जनता पार्टी के दो प्रवक्ताओं का जिन्होंने जाने-अनजाने देश में ऐसा माहौल बना दिया, जिसका असर भारत के साथ कई अन्य देशों पर भी पड़ा और जिनसे हमारे आर्थिक और सामाजिक सरोकार-संबंध थे, वे सब-के-सब बिखर गए। ऐसे लोग सत्तारूढ़ दल का भला कभी नहीं कर रहे थे, लेकिन ऐसा विष वमन जरूर कर रहे थे जिसने हमारे साथ रहने की सारी स्थितियों को तहस-नहस कर दिया। एक वही बात बार-बार सामने आती है कि जब तक हमारा समाज पूर्णत: शिक्षित नहीं होगा, हमारा देश भी हिंदू-मुस्लिम, गाय-गोबर जैसे मुद्दों से ऊपर उठ नहीं पाएगा। इन मुद्दों के लिए यदि हम अंतर्मन में झांकें तो पाएंगे कि यह सारा खेल, सारी बातें सत्ता हथियाने के लिए होती हैं और यह सब सियासतदानों द्वारा ही किया ही नहीं, कराया भी जाता है।

किस आक्रोश, किस उकसावे, किस ज्ञान रूपी अधभरी कलश को छलकाते हुए देश की तथाकथित सबसे बड़ी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता ने एक धर्म विशेष के गुरु के लिए अनर्गल आपत्तिजनक बातें कहीं। किसी के धर्म पर टिप्पणी करना उनके धर्मगुरुओं के प्रति अभद्र और अपमानजनक शब्द बाणों का प्रयोग करने को किस सोच के तहत सही ठहराया जा सकता है? वैसे यह विषय इतना मथा जा चुका है कि इसके लिए कुछ कहना अब उचित नहीं लगता, लेकिन इतना तो कहा ही जा सकता है कि मामला आखिर है क्या...? भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता (अब फ्रिंज) नुपुर शर्मा ने एक खबरिया टेलीविजन चैनल पर 27 मई को बनारस स्थित ज्ञानवापी मसजिद मामले में हिंदू-मुस्लिम के बहस में मुस्लिम धर्मगुरु के लिए अनर्गल तथा आपत्तिजनक बातें कहीं, जिन बातों को नवीन जिंदल ने स्वीकारोक्ति के रूप में ट्यूटर पर भी डाल दिया। हालांकि, इन दोनों नेताओं में एक को भारतीय जनता पार्टी ने निकाल बाहर किया, वहीं दूसरे को छह वर्ष के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया। यह तो जो हुआ, उसका उल्लेख है, लेकिन उसके बाद देश ही नहीं, विदेशों में जो माहौल खराब हुआ, वह अब तक ठीक नहीं हो पाया है। अपने देश में दंगे होने लगे और जिन अन्य देशों से वर्षों से हमारे बेहतर व्यापारिक और राजनीतिक संबंध थे, सबने भारतीय राजदूतों को बुलाकर उन्हें अपमानित किया और भारतीय सामग्री को अपने यहां से निकलकर उसकी बिक्री बंद कर दी। बताने की जरूरत नहीं कि खाड़ी के इन देशों में कितने भारतीय रोजगार कर रहे हैं और उनके ही कारण हमारे देश में कितनी विदेशी मुद्रा भारतीय खजाने में प्रतिवर्ष आता है। समझ में नहीं आता कि क्या ऐसे प्रवक्ता इतने धर्म मर्मज्ञ होते हैं कि वह हर विषय पर और यहां तक कि किसी धर्म के प्रति भी अपने ज्ञानरूपी भंडार का मुंह खोल दे। यदि ऐसा नहीं है तो फिर तथाकथित भाजपा के फ्रिंज प्रवक्ता नुपुर शर्मा और नवीन जिंदल ने मुस्लिम धर्मगुरु के प्रति घटिया आरोपं क्यों लगाए? क्या खबरिया चैनल पर बैठकर इस प्रकार का आरोप-प्रत्यारोप लगाने के लिए ऐसे लोग स्वतंत्र हैं? यदि नहीं तो भारतीय जनता पार्टी ने स्वयं इनलोगों कें खिलाफ मुकदमा दर्ज करा कर उन्हे जेल भेजने का इंतजाम क्यों नहीं किया।

नुपुर शर्मा और नवीन जिंदल द्वारा पैंगबर मुहम्मद पर की गई टिप्पणी के बाद इस्लामिक देशों का गुस्सा थम नहीं रहा है। कतर के विदेश मंत्रालय द्वारा भारतीय राजदूत को तलब करने के बाद दूसरे दिन कतर के डिप्टी अमीर की ओर से भारत के उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू के सम्मान में रखा गया डिनर रद्द कर दिया गया। भारत के उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू दोहा की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे थे। हालांकि बाद में बताया जाने लगा कि उपराष्ट्रपति के साथ कतर के डिप्टी अमीर का डिनर स्वास्थ्य कारणों से रद्द किया गया था। यह भी कहा गया था कि डिप्टी अमीर कोरोना के एक्सपोजर में आए हैं और इस बारे में वेंकैया नायडू के दोहा पहुंचने से पहले ही भारत को बता दिया गया था। पैगंबर के खिलाफ नुपुर शर्मा की टिप्पणी को लेकर भारत के पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान सहित सऊदी अरब, कुवैत, कतर और ईरान ने निंदा की है। इस बीच इन नेताओं पर भाजपा द्वारा निलंबन की कार्रवाई का सऊदी अरब और कतर ने स्वागत किया है। वैसे देश के कई राज्यों के कई थानों में इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुके हैं और वहां की पुलिस पूछताछ के लिए गिरफ्तारी का वारंट लेकर उन्हें ढूंढने के लिए दिल्ली में कैंप कर रही है। अरब देशों पर भारत की सबसे ज्यादा निर्भरता कच्चे तेल और पेट्रोलियम गैस को लेकर है। भारत अब इस निर्भरता को कम करने की कोशिश कर रहा है। इसके लिए भारत रूस और अमेरिका से मदद ले रहा है। हालांकि, मौजूदा समय में अगर आंकड़ों को देखें तो ईंधन को लेकर भारत 70 प्रतिशत अरब देशों पर ही निर्भर है। अगर अरब देशों से रिश्ते बिगड़े तो भारत में ईंधन का संकट उत्पन्न हो सकता है। इससे देश में महंगाई बढ़ जाएगी। हालांकि, यह एकतरफा नुकसान नहीं होगा। अरब देशों को भी खाद्यान्न, खाद्य तेलों और दवाओं को लेकर नुकसान उठाना पड़ जाएगा। क्योंकि, ये अरब देश काफी हद तक इन चीजों के लिए भारत पर ही निर्भर हैं। दूसरा यह भी कि आर्थिक तौर पर भी अरब देशों को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा। मतलब साफ है कि रिश्ते बिगड़े तो दोनों पक्षों को समान रूप से नुकसान उठाना पड़ सकता है।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के सभी छह सदस्य देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2021-22 में उछलकर 154.73 अरब डॉलर का हो गया। 2020-21 में यह 87.4 अरब डॉलर का था। जीसीसी को भारत का निर्यात 2021-22 में 58.26 प्रतिशत बढ़कर लगभग 44 अरब डॉलर हो गया है, जो 2020-21 में 27.8 अरब डॉलर था। इसी के साथ इन छह देशों का भारत के कुल निर्यात में हिस्सा 2020-21 के 9.51 प्रतिशत से बढ़कर 2021-22 में 10.4 प्रतिशत हो गया है। इन खाड़ी देशों में भारतीय नागरिकों की एक बड़ी संख्या कामकाज को लेकर बसी हुई है। करीब 3.2 करोड़ प्रवासी भारतीयों में से लगभग आधे खाड़ी देशों में काम करते हैं, जो अच्छे पैमाने पर अपने घर, यानी भारत में पैसा भेजते है। विश्व बैंक की नवंबर, 2021 को जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में वर्ष 2021 के दौरान विदेशों से 87 अरब डॉलर का धन आया। इसमें से बड़ी मात्रा खाड़ी या जीसीसी देशों की थी। व्यापारिक दृष्टि से भारत और जीसीसी के बीच संबंध इस तरह के हैं। बीते वित्त वर्ष में भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार खड़ी देश ही रहा। 2021-22 में दोनों देशों की बीच व्यापार बढ़कर 43 अरब डॉलर का हो गया, जो 2020-21 में 22 अरब डॉलर था। प्रतिवर्ष 85 लाख टन प्राकृतिक गैस का आयात होता था, बदले में क़तर को अनाज से लेकर मांस, मछली, रसायन और प्लास्टिक दिया जाता है। दोनों देशों के बीच 2021-22 में व्यापार बढ़कर 15 अरब डॉलर का हो गया जो 2020-21 में 9.21 अरब डॉलर था। कुवैत और भारत में द्विपक्षीय लेनदेन बीते वित्त वर्ष में बढ़कर 12.3 अरब डॉलर का हुआ, जो 2020-21 में 6.3 अरब डॉलर का था। वित्त वर्ष 2021-22 में भारत का तीसरा सबसे बड़े व्यापारिक भागीदार बहरीन के साथ भारत का व्यापार 2021-22 में 1.65 अरब डॉलर का हुआ। 2020-21 में यह एक अरब डॉलर था। इसके अलावा भारत ने एक और खाड़ी देश ईरान के साथ बीते वित्त वर्ष में 1.9 अरब डॉलर का द्विपक्षीय कारोबार किया, जबकि 2020-21 में यह आंकड़ा 2.1 अरब डॉलर का था। संबंधों में खटास आने के बाद इन व्यापारों की क्या स्थिति बनेगी, यह कहना कठिन है।

दुर्भाग्य की बात यह है कि सरकार के खिलाफ विपक्ष को खुलकर नेतृत्व देने वाला आज कोई नहीं है। वर्ष 1972 में इंदिरा गांधी के खिलाफ विपक्ष को नेतृत्व देने के लिए लोकनायक जयप्रकाश नारायण जैसे नेता थे, लेकिन आज की तारीख में बिखरे हुए विपक्ष में उन्हें कोई सही दिशा-निर्देश देने वाला लोकनायक जयप्रकाश नारायण व उन जैसा कोई नेता नहीं है। हां, कुछ समय के लिए अन्ना हजारे का उदय हुआ था, लेकिन कुछ ही दिनों बाद उन्होंने अपने आप को समेट लिया और वापस लौट गए। अब वर्तमान राजनीतिज्ञों में केवल एक है जिसमें दूरदर्शिता है और जो समाज को साथ लेकर चल सकता है, लेकिन सत्तारूढ़ ने सबसे पहले उसे ही अपनी मार्केटिंग के माध्यम से जन मानस में पप्पू बना दिया। उससे भी जब उसके प्रभाव को कम नहीं किया जा सका तो अब मनी लांड्रिंग के नाम पर पचास घंटे लगातार पूछताछ कराकर प्रवर्तन निदेशालय के माध्यम से मानसिक रूप से तोड़ देना, उत्पीड़ित करके समाज में बदनाम करने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है कि संसद राहुल गांधी और उनकी मां सोनिया गांधी से भ्रष्ट देश में कोई दूसरा नहीं है। सत्तारूढ़ दल के इस डर को जनता अब समझ चुकी है और अब इस इंतजार में है कि कब अवसर हाथ आए, जिसके जरिये वह आज की सरकार को सबक सिखा सके।

# डब्ल्यूटीओ बैठक में नेता बनकर उभरा भारत



**पी. के. वासुदेव**
(लेखक, अंतरराष्ट्रीय व्यापार के पूर्व प्रोफेसर हैं)

**वि**वादास्पद धाराओं को हटाकर भारत ने भारतीय मछुआरों को सब्सिडी देने के अपने अधिकार का बचाव किया। दशक में पहली बार, 164 सदस्य देशों के विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ)ने 12वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी12) में एक ऐतिहासिक समझौते को अंतिम रूप दिया है। चार दिवसीय इस सम्मेलन को दो दिनों के लिए बढ़ा दिया गया क्योंकि व्यापार मंत्रियों ने जिनेवा झील के बगल में डब्ल्यूटीओ मुख्यालय में रात भर बातचीत की और 18 जून की सुबह तक बातचीत जारी रही। भारत एमसी12 में डब्लूटीओ वार्ताओं के केंद्र में था। भारत विश्व खाद्य कार्यक्रम पर कोई निर्यात प्रतिबंध नहीं लगाने के प्रस्ताव पर सहमत हो गया है। लेकिन आंतरिक खाद्य सुरक्षा चिंताएं प्राथमिकता पर रहेंगी। कृषि पर कोई कार्य आयोजन नहीं है, जो भारत के लिए एक अच्छा परिणाम माना जा सकता है क्योंकि हमारी कृषि-सब्सिडी को किसी और जांच का सामना नहीं करना पड़ेगा। व्यापार से संबंधित बौद्धिक संपदा अधिकार (ट्रिप्स) छूट पर, केवल टीकों पर एक समझौता किया जा सकता है। अधिकारी ने कहा कि विकसित देशों की मांग के मुताबिक डायग्नोस्टिक्स और थैरेप्यूटिक्स के लिए बातचीत छह महीने में शुरू हो जाएगी। इसका मतलब है कि समझौते में डायग्नोस्टिक्स और थैरेप्यूटिक्स को शामिल करने की भारत की मांग को विकसित देशों का समर्थन नहीं मिला। अक्टूबर 2020 में, भारत, दक्षिण अफ्रीका और 63 सह-प्रायोजकों ने मध्यम व निम्न-आय वाले देशों को कोविड -19 टीकों और दवाओं तक पहुंच प्राप्त करने में मदद करने के लिए ट्रिप्स छूट का प्रस्ताव दिया था। हालांकि, समझौते के संचालन की निगरानी के लिए जिम्मेदार निकाय ट्रिप्स काउंसिल में चर्चा गतिरोध की स्थिति में आ गई। मसौदा समझौता मूल प्रस्ताव से कमतर था और इसमें केवल टीके शामिल थे।

भारत ने कोविड -19 और भविष्य की महामारियों से लड़ने के लिए टीकों, चिकित्सा विज्ञान और निदान के लिए ट्रिप्स छूट का आह्वान किया था। भारत ने माना था कि अब बहुत देर हो चुकी थी यदि केवल टीकों को शामिल किया गया था क्योंकि महामारी ने अपना प्रारंभिक क्रम चलाया था। ई-कॉमर्स लेनदेन पर सीमा शुल्क के ऊपर स्थगन पर, देश इसे अगले दो साल तक बढ़ाने पर सहमत हुए। भारत ने पहले की तरह प्रतिक्रियाशील होने के बजाय विश्व व्यापार संगठन वार्ता के सभी स्तंभों में आक्रामक मसौदा ग्रंथों को रखा। भारत मत्स्य पालन, स्वास्थ्य और विश्व




व्यापार संगठन के सुधारों, डिजिटल प्रौद्योगिकी, भोजन और पर्यावरण के भविष्य पर एक सर्वसम्मत समझौते के लिए सदस्यों को एक साथ लाया। विश्व व्यापार संगठन में भारत के सैद्धांतिक रुख ने वैश्विक स्तर पर गरीबों और कमजोर लोगों की आवाज को मजबूत किया। जिनेवा में हुआ समझौता इसे 2013 के बाली मंत्रिस्तरीय के बाद पहला व्यापार सौदा बनाता है, जहां सदस्यों ने खाद्य सुरक्षा उद्देश्यों के लिए सार्वजनिक स्टॉकहोल्डिंग पर शांति खंड और व्यापार सुविधा समझौते पर विश्व व्यापार संगठन के पहले व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। बहुपक्षीय व्यापार संगठन में सर्वसम्मति से संचालित, नियम बनाने की प्रक्रिया का मतलब है कि एक सदस्य भी अंतिम समय में किसी सौदे को विफल कर सकता है। छठे दिन तक पहुंची बातचीत के बाद, विश्व व्यापार संगठन के 164 देशों ने अंतत: 18 जून को जिनेवा में भारत के साथ एक पैकेज डील अग्रसारित की। नौ वर्षों में पहले बड़े समझौते में, इस सौदे में विकासशील देशों के लिए महत्ता के छह प्रमुख मुद्दे शामिल हैं जिनमें खाद्य सुरक्षा, संतुलित परिणाम मत्स्य पालन सब्सिडी, महामारी की प्रतिक्रिया और कोविड -19 टीकों पर पेटेंट छूट शामिल हैं।

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के वार्ता कौशल की परीक्षा लेने वाले सौदे ने मैराथन वार्ता की दो रातों के दौरान विकसित और विकासशील देशों के बीच कई व्यापार-समझौते देखे। गोयल ने समझौते के बाद कहा, ''लंबे समय से लंबित मुद्दों पर अच्छे नतीजे आए हैं।'' उन्होंने कहा कि भारत ने मछुआरों और किसानों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की है। ''कुल मिलाकर, यह एक अच्छा पैकेज है। आज कोई मुद्दा नहीं है जिस पर हमें चिंतित होना है, चाहे वह एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) जैसा कृषि से संबंधित मुद्दा हो, या राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम या पीएम गरीब कल्याण योजना, ट्रिप्स छूट, ई-कॉमर्स स्थगन, कोविड और मत्स्य पालन की प्रतिक्रिया को पूरा करने के लिए सार्वजनिक स्टॉक होल्डिंग कार्यक्रम की प्रासंगिकता को मजबूत करना हो।'' भारत ने अंतिम समय में पाठ से विवादास्पद खंड हटा कर, भारतीय मछुआरों को सब्सिडी देने के अपने अधिकार का बचाव किया। बदले में, भारत इलेक्ट्रॉनिक आयात पर सीमा शुल्क पर स्थगन के 18 महीने के विस्तार के लिए सहमत हुआ, जिसका तर्क है कि यह अमीर देशों के पक्ष में है। हालांकि, अत्यधिक मछली पकड़ने, गहरे समुद्र में मछली पकड़ने पर सहमति बनती है, और इसमें अवैध, गैर-सूचित और अनियमित (आईयूयू) मछली पकड़ने को प्रस्तावित समझौते के जरिए संबोधित किया गया है।

''भारत के आग्रह पर, ईईजेड (विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र) पर संप्रभु स्थलों को मजबूती से स्थापित किया गया है। यह वास्तव में एक बड़ी उपलब्धि है,'' गोयल ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन के 12वें मंत्रि-स्तरीय सम्मेलन द्वारा लिए गए इन 'ऐतिहासिक निर्णयों' से लाभान्वित होने वाले प्रमुख हितधारकों में मछुआरे, किसान, खाद्य सुरक्षा, बहुपक्षवाद, और व्यापार और व्यवसाय, विशेष रूप से डिजिटल अर्थव्यवस्था और एमएसएमई हैं। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों के संयुक्त प्रयासों से एमसी12 ने कई महत्वपूर्ण सफलतायें हासिल की है, स्पष्ट है कि बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। भारत ने आज विभिन्न मुद्दों पर फ्रंट फुट पर बल्लेबाजी की। यह 'न्यू इंडिया' के आत्मविश्वास का नतीजा था।

## आप की बात

### गुरुद्वारे पर हमला

**अफगानिस्तान** में गुरुद्वारा साहिब पर हमला उन पाखंडी सेक्युलरों व भाईचारा गैंग की सच्चाई खोलता है जो भगवा आतंकवाद व देश में डर के माहौल की वकालत करते हैं। कभी हिंदुकुश पर्वत श्रृंखलाओं तक फैली हिन्दू संस्कृति को कितनी बर्बरता के साथ कथित अमन व भाईचारे के मज़हब की दुहाई देने वालों ने कुचला और दमन किया था और कर रहे हैं। 2001 में उन्होंने ही बामियान में शान्ति के देवता महात्मा बुद्ध की विशाल मूर्ति को तोप लगाकर उड़ा दिया था। वह आज नुपुर शर्मा के एक बयान पर भारत के उन तमाम उपकारों को भूल गया जो अफगानिस्तान पर तब किये गए जब अमेरिका जैसी महाशक्ति भी उसे मंझधार में छोड़ चुकी थी। नूपुर को उस बयान के लिए शिवलिंग पर अशोभनीय टिप्पणी कर उकसाया गया था। इंसानियत के मज़हबी ठेकेदारों ने अफगानिस्तान में बचे एक गुरुद्वारे पर हमला कर अपनी घृणित मानसिकता का परिचय दे दिया। भारत में बैठे अनेक कथित उदारवादी व सेक्युलर क्या इस सवाल का उत्तर दे सकेंगे कि अफ़गानिस्तान, पाकिस्तान व बांग्लादेश में अल्पसंख्यक घटते क्यों जा रहे हैं?

**-डॉ नरेन्द्र**, मेरठ

### अग्निपथ का स्वागत

**सेना** में भर्ती की अग्निपथ योजना के विरोध में जिस प्रकार से देश के विभिन्न राज्यों में हिंसक प्रदर्शन हुए वह युवाओं में बढ़ रही विचार-शून्यता एवं अराजकता को दर्शाते हैं। सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा कर कोई कैसे सैनिक बन कर देश की दुश्मन देशों से सुरक्षा का दावा कर सकता है? अग्निपथ के विरोध के पीछे कुछ सियासी राजनीतिक दलों की मंशा भी नेक नहीं कही जा सकती। अग्निपथ योजना भारत सरकार की ओर से देश के युवाओं के लिए एक शानदार अवसर है। योजना में सुधार की कुछ गुंजाइश हो सकती है। अग्नि वीरों को चार पांच साल की सेवा के पश्चात 11-12 लाख का पैकेज भी बुरा नहीं है। भूतपूर्व अग्नि वीरों को सेवाकाल के पश्चात अन्य विभागों में रोजगार प्रदान करने हेतु भी केंद्र एवं अनेक राज्य सरकारों का सकारात्मक प्रस्ताव उत्साह बढ़ाने वाला है। दुनिया के शक्तिशाली देश सेना में मैनपावर को कम करके हथियार गोला बारूद एवं आधुनिक मारक क्षमता पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। इसी नीति का अनुसरण भारत को भी करना होगा। सेना के बजट को संतुलित करने में एवं स्थापना खर्च घटाने में भी अग्निपथ योजना कारगर सिद्ध होगी।

**-ललित महालकरी**, इंदौर

### कथनी-करनी में अंतर

**कोई** देश अगर अमीर हो तो, उसके द्वारा किए गए गुनाह पर दुनिया कोई तवज्जो नहीं देती। अब मानवाधिकार के मामले में सऊदी अरब को ही ले लीजिये। उसके खिलाफ कभी कोई देश बयानबाज़ी नहीं करता। 2018 में वाशिंगटन पोस्ट के स्तंभकार जमाल खशोगी की हत्या, इस्ताम्बुल स्थित सऊदी वाणिज्य दूतवास के लोगों द्वारा, कर दी गयी थी। तमाम साक्ष्यों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। सिर्फ तुर्की ने सऊदी अरब के खिलाफ एक्शन लेने के बात की थी। जिसके चलते दोनों देशों के बीच संबंधों में दरार पड़ गयी थी। मगर अब सऊदी क्राउन प्रिंस सलमान के तुर्की का यात्रा पर जाने, फिर वहां राष्ट्रपति रिस्प टेयिप एरडोगान से गले मिलने को देख कर लग रहा था दोनों देशों के बीच कोई अनबन कभी थी ही नहीं। अब जमाल खशोगी की आत्मा को कभी शांति नहीं मिलेगी। तुर्की को इस समय सऊदी अरब से आर्थिक पैकेज की सख्त दरकार है। कथनी-करनी में अंतर इसी को कहते हैं।

**-जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**इस** वर्ष हम 7.5 प्रतिशत वृद्धि की आशा करते हैं जो हमें सबसे तेज विकसित होने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना देती है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**अब** हमें सबसे नीचे पहुंचने के संकेत दिखने लगे हैं।

– **रनिल विक्रमसिंघे**
श्रीलंका के प्रधानमंत्री





**वन** रैंक वन पेंशन से यह सरकार नो रैंक नो पेंशन तक पहुंच गई है।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# एनडीआरआई में बनी पशुओं की व्यायामशाला, पशु करते हैं व्यायाम

## संस्थान की तरफ से पहले भी कई तरह के शोध किए जा चुके हैं

पायनियर समाचार सेवा। करनाल


फोटो25केएनएल04 बुल एक्सरसाइज में व्यायाम करते पशु।

**व्यायामशाला** में पशु व्यायाम करते दिखें तो हैरानी नहीं होनी चाहिए। चूंकि राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने संस्थान में पशुओं की व्यायामशाला (बुल एक्सरसाइज) बनाई है ताकि पशुओं का स्वास्थ्य ठीक रखा जा सके। व्यायामशाला में पशुओं को प्रतिदिन व्यायाम कराया जा रहा है, जो वैज्ञानिकों का नया शोध है।

राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान के आर्टिफिशियल ब्रीडिंग सेंटर इंचार्ज डॉ। पवन सिंह ने बताया कि अनुसंधान केंद्र में हमारे पास 120 बुल हैं, इनमें से 70 सीमन कलेक्शन में रहते हैं। इनमें रोजाना 10 बुल का सीमन कलेक्शन किया जाता है। सीमन कलेक्शन से पहले करीब पौन घंटे एक्सरसाइज कराई जाती है। एक्सरसाइज करने से शरीर सुडौल रहता है, पशु एक्टिव रहता है। इससे पशु सीमन जल्दी देता है। उसकी गुणवत्ता में अच्छी क्वालिटी होती है और उससे दोस्ती अच्छी तैयार होती है। जो किसान भाइयों के पशुओं के लिए काफी फायदेमंद होती है। एक्सरसाइज करने के बाद पशु को आराम करने में तनावमुक्त तो रहते ही साथ ही पशुओं को आनंद भी आता है और यह एक्सरसाइज भी बड़ी मस्ती के साथ करते हैं। बुल का सीमन भी अच्छी क्वालिटी का मिलेगा। एक्सरसाइज से पशु सुड़ौल बनेंगे साथ ही खुराख भी अच्छी लेंगे।

### रोजाना सुबह एक घंटे कराई जाती है एक्सरसाइज

**रोजाना** सुबह छह बजे से लेकर सात बजे के बीच एक्सरसाइज करवाई जाती है। कृत्रिम अनुसंधान केंद्र के सुपरवाइजर इशु धीमान ने बताया कि जैसे मनुष्य के लिए व्यायाम जरूरी है। उसी लिए पशुओं को भी उतनी ही जरूरत है। इसीलिए एक्सरसाइज के लिए एक यंत्र लगाया गया है। जिसमें एक मोटर लगी हुई है। जो पशुओं को घुमाती रहती है। पशुओं को इस प्रकार से रखा जाता है कि यह एक-दूसरे से लड़ाई नहीं कर सकते। इस एक्सरसाइज से स्वास्थ्य बना रहता है। जिससे तनाव मुक्त रहते हैं। एक्सरसाइज के बाद इन्हें एक-एक करके अलग-अलग कमरों में रखा जाता है।

# मोटर और तार चुराने वाले चार शातिर गिरफ्तार

**करनाल।** पुलिस की सीआईए-टू टीम ने कुंजपुरा-मधुबन एरिया में ट्यूबवेलों की मोटर चुराने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों रिमांड के दौरान 50 वारदातों का खुलासा किया है।

सीआईए-टू इंचार्ज मोहन लाल ने बताया कि पिछले करीब 7-8 माह से कुंजपुरा-मधुबन एरिया के खेतों में लगी मोटर्स चोरी हो रही थीं, किसान लगातार पुलिस के पास शिकायतें दर्ज करा रहे थे। ट्यूवबेल मोटर्स-तार चोरी की वारदातों को देखते हुए एसपी गंगा राम पूनिया ने आरोपियों को पकड़ने की जिम्मेदारी सीआईए-टू को सौंपी। सीआईए-टू टीम इंचार्ज ने टीमों का गठन करके एक के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश कर चार दिन का रिमांड हासिल किया।

# संक्षिप्त-समाचार

## आज का युग शिक्षा का युग : स्वीटी रंगा



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षा विकास ट्रस्ट द्वारा गांव यारी में होनहार विद्यार्थियों को कॉपियां देकर सम्मानित किया गया। ट्रस्ट की महिला प्रदेश अध्यक्ष स्वीटी रंगा ने कहा कि आज का युग शिक्षा का युग है। हम सबको अपने बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षित करना चाहिए, ताकि उनका भविष्य बन सके। स्वीटी रंगा ने कहा कि आज बच्चों में शिक्षा के प्रति काफी लगाव और आगे बढ़ने की लग्न दिखाई दे रही है। सभी बच्चों ने शैक्षाणिक प्रतियोगिता में भाग लिया। ट्रस्ट के चेयरमैन मिहा सिंह रंगा ने कहा कि ट्रस्ट काफी समय से गरीब परिवारों की लड़कियों को पढ़ाने में मदद कर रही है, ताकि वे अपना भविष्य बना सकें। कार्यक्रम के मंच संचालन मनी राम ने किया। मौके पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति, बुजुर्ग, युवा और बच्चे मौजूद रहे।

## प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों ने दिखाया दम-खम



**करनाल।** जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने बताया कि जिला बाल कल्याण परिषद्, करनाल द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति बाल भवन के प्रांगण में नए बने हुए भवन में इस वर्ष भी बच्चों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए 30 जून तक एक ग्रीष्मकालीन रूचि-कक्षा शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिला बाल कल्याण अधिकारी ने बताया कि शिविर में सक्षम परिवारों के बच्चों के साथ ही सरकारी स्कूलों, वंचित परिवारों, स्लम-एरिया एवं बाल ग्रहों के बच्चे भी निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करके अपनी प्रतिभा का विकास कर रहे हैं और बच्चे जो भी कुछ सीख रहे हैं अपनी प्रतिभा को खूब उजागर कर रहे हैं और यहां आने वाले प्रत्येक बच्चे को उसकी रुची की दो गतिविधियों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। सभी बच्चों के लिए प्रतिदिन मध्याह्न जलपान की भी व्यवस्था की जाती है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वे शिविर में अपने बच्चों को उनकी रूचि की गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर भाग दिलवाएं व बच्चों को अपने बचपन का आनंद उठाने में और उनका सर्वांगीण विकास करने में उनके सहायक बनें।

## महिला थाना परिसर में किया पौधारोपण



**कुरुक्षेत्र।** जिला के महिला थाना परिसर में पौधारोपण अभियान के तहत छायादार और फलदार पौधे लगाए गए। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र के मार्ग निर्देश में अभियान चलाया। उप पुलिस अधीक्षक रामदत्त नैन ने महिला थाना परिसर में पौधारोपण कर वातावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल ने बताया कि उप पुलिस अधीक्षक रामदत्त नैन ने बताया कि वातावरण स्वच्छ होगा तो हम सब स्वस्थ रह सकते हैं। वातावरण स्वच्छता का सीधा सा नाता पेड़-पौधों से है। ब्रह्मकुमारी आश्रम सेक्टर-8 कुरुक्षेत्र प्रभारी मधु व उनकी टीम ने पौधे लगाए और संकल्प लिया कि हम पेड़-पौधों को न सिर्फ लगाएंगे बल्कि उनकी देखभाल करके प्रकृति के प्रति अपना मानव धर्म निभाएंगे। मानव जीवन खतरे में है इसलिए सृष्टि के सरक्षंण के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करके विश्व कल्याण में अपना योगदान देना चाहिए। अभियान में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक मेवा देवी, ब्रह्मकुमारी आश्रम सेक्टर-8 कुरुक्षेत्र की संगत, उप निरीक्षक सतबीर सिंह, भीम सिंह और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## दक्ष प्रजापति जयंती समारोह को लेकर बैठक आज कुरुक्षेत्र में



**कुरुक्षेत्र।** प्रजापति धर्मशाला सभा कुरुक्षेत्र के प्रधान दर्शन लाडवा ने बताया कि 13 जुलाई को कुरुक्षेत्र धर्मशाला में गुरु दक्ष प्रजापति जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी, जिसमें समाज के अन्य राज्यों के साथ-साथ प्रदेश भर के हजारों लोग बढ़-चढ़कर शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि जयंती को लेकर प्रजापति धर्मशाला कुरुक्षेत्र में रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें समारोह को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। प्रधान दर्शन लाडवा ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी प्रणव टेक चंद प्रजापति करेंगे व कार्यक्रम की सह अध्यक्षता वेदप्रकाश प्रजापति, प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर लोकसभा सांसद नायब सैनी, राज्यसभा सांसद दिनेश भाई अनवाड़िया, विधायक सुभाष सुधा, डॉ. अंकित प्रजापति चेयरमैन बीसी आयोग शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि 13 जुलाई को सुबह छह बजे हवन यज्ञ से जयंती समारोह की शुरुआत होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच 11 बजे मुख्यातिथि का आगमन होगा और कार्यक्रम के बाद एक बजे विशाल भंडारा आयोजित होगा।

# जनहित को ईमानदारी से प्राथमिकता दें अधिकारी : सांसद रमेश कौशिक

## सांसद ने गैर-हाजिर अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश

## जिला विकास समन्वयन एवं मूल्यांकन समिति की ली बैठक

रणबीर रोहिल्ला। सोनीपत


लघु सचिवालय में जिला विकास समन्वयन एवं मूल्यांकन समिति की बैठक लेते सांसद रमेश कौशिक।

**सांसद** रमेश कौशिक ने अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया कि वे जनहित में जनहित को प्राथमिकता देते हुए पूर्ण ईमानदारी और कर्मठता के साथ कार्य करें। आम जनमानस को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का पूर्ण लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए योजनाओं का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करते हुए पात्र लोगों को फायदा पहुंचायें। साथ ही उन्होंने विकास कार्यों को भी समयबद्धता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए, ताकि लोगों का पूर्ण लाभ मिल सके। सांसद रमेश कौशिक ने इस दौरान बैठक से गैर-हाजिर अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए।

सांसद रमेश कौशिक शनिवार को लघु सचिवालय में आयोजित जिला विकास समन्वयन एवं मूल्यांकन समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने एजेंडा में शामिल विकास कार्यों व योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए। इसके पहले उन्होंने निर्देश दिए कि कामी रोड का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाए। उन्होंने अमृत सरोवर मिशन के अंतर्गत तालाबों के जीर्णोद्धार कार्य की रिपोर्ट भी तलब की। उन्होंने निर्देश दिए कि समयबद्धता के साथ तालाबों का जीर्णोद्धार किया जाए। मनरेगा के तहत भी उन्होंने अधिकाधिक विकास कार्य कराने पर बल दिया। जितना काम कराएंगे उससे आगामी वर्ष बजट में उतनी ज्यादा बढ़ोतरी मिलेगा, जिसका विशेष लाभ लोगों को मिलेगा।

सांसद कौशिक ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को मकानों के शीघ्र आवंटन के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि हर जरूरतमंद व पात्र व्यक्ति को मकान मिलना चाहिए, जिसके लिए योजना का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत मिले आवेदनों की रिपोर्ट तलब करते हुए मकान निर्माण व आवंटन की समीक्षा भी की। कुंडली में निर्मित मकानों में उन्होंने बिजली कनेक्शन देने के निर्देश दिए। पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने दिव्यांग पेंशन की रिपोर्ट लेते हुए निर्देश दिए कि कुछ नई पेंशन योजनाओं भी लागू की जा रही हैं। इस संदर्भ में कैंप लगाकर लोगों को जागरूक करने का काम किया जाए।

विभिन्न गांवों में बिजली आपूर्ति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रस्तावित 33 केवी सब-स्टेशनों के निर्माण की जानकारी लेते हुए सांसद कौशिक ने संबंधित अधिकारी की प्रार्थना पर संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इसके लिए जमीन उपलब्ध करवायें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि जो भी विभाग कोई भी विकास कार्य की शुरुआत करें तो उसकी सूचना उन्हें अवश्य दी जाए।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के तहत सांसद कौशिक ने एनएच-44 के निर्माण कार्य को शीघ्र आतिशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इस मार्ग पर एक साथ जगह-जगह काम न करें। ऐसा करने से जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। इसलिए पहले एक स्थान पर काम को पूरा करें, जिसके बाद दूसरे स्थान पर काम किया जाए। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत गोद लिए गांव झुंडपुर व ग्यासपुर में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि जिस विभाग को जो कार्य सौंपा गया है उसे शीघ्र पूरा करायें। सांसद कौशिक ने दीनदयाल अंत्योदय योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत चलाई जा रही योजनाओं के साथ विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# कर्मचारियों को वित्तीय और एसीपी के लाभ मिलेंगे


जानकारी देते हरियाणा रोडवेज जागृति मंच के राज्य उप-प्रधान राजबीर सैनी।

## डिपो के रोडवेज कर्मचारियों ने मुख्यालय द्वारा जारी निदेशों का किया स्वागत

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र

**कुरुक्षेत्र** डिपो में हरियाणा रोडवेज जागृति मंच द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया गया।

राज्य उप-प्रधान राजबीर सैनी ने बताया कि कुरुक्षेत्र डिपो प्रशासन द्वारा डिपो के चालक-परिचालक तथा निरीक्षक, उप-निरीक्षक कर्मचारियों का ट्रेनिंग पीरियड उनकी सर्विस में न जोड़कर सभी प्रकार लाभ नहीं दिए जा रहे थे, जिस कारण संघर्ष कमेटी कुरुक्षेत्र डिपो द्वारा कुरुक्षेत्र डिपो के सभी चालक-परिचालक और निरीक्षक, उप-निरीक्षक कर्मचारियों का ट्रेनिंग पीरियड उनकी सर्विस में जोड़कर उनके सभी प्रकार के लाभ देने के बारे में कई बार धरना-प्रदर्शन तथा भूख हड़ताल की गई थी। डिपो महा-प्रबंधक ने मुख्यालय को अर्द्धसरकारी पत्र लिखा। मुख्यालय ने कर्मचारियों के हित में निर्णय देते हुए सभी डिपो महा-प्रबंधकों को पुनः आदेश जारी करते हुए सभी कर्मचारियों को ट्रेनिंग पीरियड उनकी सर्विस में जोड़कर उनके सभी प्रकार के वितीय लाभ तथा एसीपी के लाभ दिए जाएं।

राजबीर सैनी ने बताया कि कुरुक्षेत्र डिपो के सभी कर्मचारी मुख्यालय द्वारा जारी निदेशों का स्वागत करते हुए आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कर्मचारी हित की लड़ाई का श्रेय तीन दिन तक भूख हड़ताल पर बैठे रोडवेज कर्मचारी महासंघ रजि नं 1004 के वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह, सुरेन्द्र बारवा और राजेश गोयल रोडवेज कर्मचारी एकता यूनियन के नेता गगनदीप सिंह ढिल्लो व पवन कुमार और हरियाणा रोडवेज जागृति मंच की डिपो कमेटी के नेता राजेन्द्र कुमार, बलकार सिंह, राकेश कुमार, महेंद्र पाल, विक्की तोमर, मेवा राम आदि साथियों को जाता है जिन्होंने कर्मचारी हित की लड़ाई के लिए तीन दिन तक अपना संघर्ष जारी रखा और प्रशासन को आखिरकार उनकी मांगों के समक्ष झुकना पड़ा। मीटिंग के दौरान हरियाणा रोडवेज जागृति मंच के सभी पदाधिकारियों ने भूख हड़ताली सभी कर्मचारियों का धन्यवाद किया।

# अग्निपथ योजना युवाओं के लिए फायदेमंद नहीं : प्रेम हिंगाखेड़ी


अग्निपथ योजना को लेकर बैठक में भाग लेते कांग्रेस कार्यकर्ता।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सत्याग्रह आंदोलन 27 को

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक शाहाबाद विश्राम गृह में हुई। बैठक में सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए केंद्र सरकार की नई अग्निपथ योजना को लेकर विचार-विमर्श हुआा। बैठक में निर्णय लिया कि 27 जून को योजना के विरोध में रैली निकाली जाएगी और एसडीम को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि 14 जून को घोषित अग्निपथ योजना में साढ़े सत्रह साल से 21 साल की आयु के युवाओं को चार साल के लिए भर्ती करने का प्रावधान किया गया है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अग्निपथ योजना को लाकर केंद्र सरकार ने युवाओं के साथ खिलवाड़ किया है। बैठक को प्रेम हिंगाखेड़ी, सुनीता नेहरा, जगमोहन सेठी व जीत सिंह शेर ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार गरीबों और युवाओं के लिए नहीं, बल्कि बड़े उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है। आज युवा बेरोजगारी की मार झेल रहा है और ऊपर से सरकार ने नई सेना भर्ती योजना की घोषणा की है, जोकि पूरी तरह से दिशाहीन है। सरकार योजना को तुरंत वापस ले। सोमवार को एसडीएम कार्यालय के समक्ष सत्याग्रह आंदोलन 10 से 12 बजे तक किया जाएगा और उसके उपरांत एसडीएम को ज्ञापन सौंपेंगे। रणधीर चढूनी, रणजीत त्यौड़ी, बलदेव सिंह कंबोज झरौली, शिवराम चढूनी, मोहित चढूनी, देवेंद्र खेड़ा, हरप्रीत ठसका अली, हरपाल रतनगढ़, रवि रतनगढ़, प्रद्युमन मंधेडी मौजूद रहे।

# साइबर अपराधों की रोजाना मिल रही आठ हजार शिकायतें

## साइबर अपराधों के खिलाफ शिकायत करें हेल्पलाइन नंबर 1930 पर

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


सेमिनार के बाद छात्राएं कॉलेज प्राचार्य और अन्य स्टाफ के साथ।

**छात्राओं** को साइबर अपराधों के चंगुल में फंसने से बचाने के उद्देश्य से जीवीएम गर्ल्ज कॉलेज में शनिवार को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत साइबर सिक्योरिटी एंड साइबर क्राइम रिपोर्टिंग विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें विषय विशेषज्ञ सन्नी त्यागी ने साइबर अपराधों से संरक्षण के उपायों की जानकारी दी। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी व प्राचार्य डॉ. रेनू भाटिया ने कहा कि साइबर अपराध ज्वलंत विषय है, जिससे बचाव के लिए जानकारी व जागरुकता जरूरी है।

जीवीएम की ई-लर्निंग सैल के तत्वावधान में आयोजित सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में साइबर सिक्योरिटी प्रोफेशनल सन्नी त्यागी ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वे स्वयं भी साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट बन सकती हैं, जिसके लिए जानकारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में साइबर अपराधों की रोजाना करीब आठ हजार शिकायतें मिल रही हैं। ऐसी स्थिति में हेल्पलाइन नंबर-1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। त्यागी ने कहा कि हमेशा डंप आधार कार्ड का प्रयोग करना चाहिए। हमें अपने आधार कार्ड की फोटोप्रति ऐसे ही किसी को नहीं देनी चाहिए। एटीएम का भी क्लोन बनाया जा सकता है। इलेक्ट्रोनिक माध्यमों से पैसों के लेन-देन में गड़बड़ी की आशंकाएं रहती हैं, जिसमें विशेष सावधानियां बरतनी चाहिए। विभिन्न प्रकार ऐप्स का प्रयोग भी पूर्ण अहतियात के साथ करना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर भी अपनी निजी जानकारियां शेयर न करने की बात कही। उन्होंने लोगों को मूर्ख बनाने वाले तरीकों की भी जानकारी दी। उन्होंने एक वेबसाइट के माध्यम से बताया कि हैकर किस प्रकार से फेक बोर्डिंग पास भी बना लेते हैं। इसके लिए उन्होंने हैकरों द्वारा दिल्ली से लंदन का फेक बोर्डिंग पास बनाने की जानकारी भी दी। उन्होंने ट्राई की भी विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने एसएमएस आने के सोर्स का पता लगाने की भी जानकारी दी। मौके पर ई-लर्निंग सैल की प्रभारी मीनू गोसाईं ने सबका धन्यवाद किया। इस अवसर पर राकेश जुनेजा, कृति अनेजा और डॉ. संगीता सिंह आदि उपस्थित रहे।

## प्रेरणा



विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

जो सही था हमेशा उसे आज गलत करार दिया
कई वर्षों के बाद आज ये इजहार किया
तुम तो बस मुनाफे का सौदा करना जानते हो
क्यों कहते रहे कि तुमने किसी से प्यार किया।

# एसपीआईईएफ सत्रों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के मुद्दे पर हुई बात

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**इंटरनेशनल** को-ऑपरेशन फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट इन द आर्कटिक में हिस्सा लेने वालों में नेशनल डिफेंस एकेडमी के पूर्व कमांडेंट एवं दक्षिणी कमान एवं पूर्वी कमान के कमांडर-इन-चीफ सतीश सोनी (भारत), रूस में चीनी उद्योगपतियों के प्रेसिडेंट झाउ लिकुन (चीन), यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ-ईस्टर्न नॉर्वे में प्रोफेसर ग्लेन डिजेन शामिल रहें।

भारतीय पक्ष ने इस बात को जोरदार तरीके से रखा कि वह एक सभ्यता से संबंधित जुड़ाव के लिए आर्कटिक क्षेत्र को काफी अहम मानता है। यह अहम है कि क्योंकि आर्कटिक में जलवायु परिवर्तन का असर मॉनसून और खाद्य सुरक्षा (फूड सिक्योरिटी) पर देखने को मिल सकता है। सतीश सोनी ने कहा, 25वें सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम के तत्वावधान में इंटरनेशनल को-ऑपरेशन फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट ऑफ आर्कटिक में हिस्सा लेते हुए हमें काफी अधिक खुशी हो रही है। यह समझना अहम है कि भारत के पास इच्छाशक्ति, भारत योगदान कर सकता है, उसके पास सामर्थ्य है और वह गंभीर है। वैज्ञानिक शोध, इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण, श्रमबल और अन्य गतिविधियों में भारत काफी अधिक योगदान कर सकता है। भारत ने कुछ महीने पहले ही आर्कटक पॉलिसी रिलीज की है। यह केवल विदेश मंत्रालय की पॉलिसी नहीं है बल्कि यह आर्कटिक में भागीदारी को लेकर भारत सरकार के पूरे रुख को दिखाता है।

सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम के तत्वावधान में आयोजित क्रिएटिव बिजनेस फोरम नामक सत्र में हिस्सा लेने वालों ने आर्कटिक और उत्तरी क्षेत्रों में क्रिएटिव इंडस्ट्री से जुड़े प्रोजेक्ट्स के क्रियान्वयन और सबसे अच्छी व्यवस्थाओं पर चर्चा की। 'मेड इन द आर्कटिक: ग्रांट्स ऐज अ ड्राइवर ऑफ द क्रिएटिव इकोनॉमी इन द नार्थ' वस्तुतः क्रिएटिव इंडस्ट्रीज ऑफ द नॉर्थ प्रोग्राम का हिस्सा था।

प्रेसिडेंशियल फंड फॉर कल्चरल इनिशिएटिव्स के सीईओ रोमन कारमनोव ने कहा कि उनके संगठन ने पिछले एक साल में रूस के 85 क्षेत्रों की करीब 3,000 क्रिएटिव टीमों को सपोर्ट किया है। इसके साथ फंड बनाए जाने से रूस में रोजगार के 8,000 मौके पैदा हुए। संगठन को कुल 127.832 बिलियन रूबल के लिए 75,000 से ज्यादा आवेदन मिले। इसमें से आवेदक 42 बिलियन रूबल का निवेश खुद से करने के लिए तैयार हैं। हमारे यहां विभिन्न क्षेत्रों में क्रिएटिव प्रोफेशन का काफी अधिक अभाव है। हमारे पास पर्याप्त लेखक, कम्पोजर, संगीतकार और कंटेंट जेनरेट करने वाले नहीं हैं। पैसों का निवेश हो रहा है और परिस्थितियों में बदलाव भी देखने को मिल रहा है और हम ये देख रहे हैं।

# एसटीएल ने एक समावेशी, एलजीबीटीक्यू + अनुकूल कार्यस्थल स्थापित करने में बड़ी प्रगति हासिल की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**प्रतिभा** का कोई लिंग नहीं होता और कार्यस्थलों को ज्यादा समावेशी बनाने तथा अभिनवता एवं वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डिजिटल नेटवर्क्स के लिए उद्योग का अग्रणी इंटीग्रेटर, एसटीएल सदैव से एलजीबीटीक्यू+ समुदाय के लिए मित्रवत रहा है।

समानतापूर्ण रोजगारप्रदाता बनने और लैंगिक बाधाओं को दूर करने के लिए एसटीएल कार्यस्थल पर समावेशन को बहुत गंभीरता से लेकर अपने कर्मचारियों को जागरुक बना रहा है और इस मामले में स्वतंत्र वार्ता को प्रोत्साहित करने तथा प्रतिभा के विकास के लिए एक सुरक्षित, समानतापूर्ण व गतिशील वातावरण स्थापित करने के लिए वर्चुअल जागरुकता गतिविधियों एवं कार्यशालाओं का आयोजन कर रहा है। एसटीएल की सीएचआरओ, अंजलि बाइस ने कहा, प्राईड माह एक बहुत महत्वपूर्ण माह है, जब हम समावेशन को सम्मानित कर उसकी खुशी मनाते हैं। एलजीबीटीक्यू+ समुदाय एक बड़ी आबादी है, जिसके पास अपार प्रतिभा है। विविधतापूर्ण टीमों का निर्माण से समाज में उनका सही प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होता है।

## प्राइड माह एक बहुत महत्वपूर्ण माह है

इस माह, ग्लोबल ऑफिसेज में अनेक वर्चुअल गतिविधियों में, एसटीएल ने एक फायरसाईड वार्ता का आयोजन किया, ताकि कर्मचारियों को जागरुक बनाया जा सके, जाने-अनजाने होने वाले पक्षपात के बारे में जागरुकता बढ़ाई जा सके और मनोवैज्ञानिक रूप से एक सुरक्षित कार्यस्थल की स्थापना हो सके। डॉ. कानन खटाऊ, मनोवैज्ञानिक और इमोशनल सेफ्टी इवांजेलिस्ट (टेडक्स स्पीकर) ने अभिना अहर, ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट, भारत (टेडेक्स स्पीकर) का एक संवादपूर्ण एवं प्रतिभागितापूर्ण इंटरव्यू आयोजित किया।

बाइस ने कहा, हमारा दृढ़ विश्वास है कि समुदाय के लिए सहयोग सोशल मीडिया पर की जाने वाली लुभावनी पोस्ट से ज्यादा महत्वपूर्ण है। लोगों पर केंद्रित हमारे अभियानों और केयर की संस्कृति के तहत, हमने एक मजबूत 'सुनने वाले' संगठन का गठन किया है।

नीति की दृष्टि से संगठन ने एक समावेशी कार्यस्थल के लिए कुछ मजबूत अभियान शुरू किए हैं। एसटीएल की अवकाश की नीतियां सरोगेसी, आईवीएफ, और एडॉप्शन को स्वीकार करती हैं, यह दुनिया में कर्मचारियों को डीईआई गतिविधियों द्वारा सशक्त बनाता है और बेहतर समझ, स्वीकार्यता तथा गतिशील एलजीबीटी समुदाय के साथ सहअस्तित्व के साधन प्रदान करता है एवं मनोवैज्ञानिक रूप से एक सुरक्षित कार्यस्थल का निर्माण करता है।

# बाजरे की दो किस्में बचाएंगी शुगर, दिल के रोग और मोटापे की बीमारी से

## करनाल की बेटी निधि ने बाजरे की दो किस्मों की खोज की

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**करनाल** की बेटी निधि कौशिक को देश बाजरे की दो किस्मों पर काम करने के लिए निफ्टेम ने पीएचडी की डिग्री प्रदान की है। उन्हें यह उपाधि देश के खाद्या प्रसंस्करण उद्योग विभाग के राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल तथा निफ्टैम की कुलपति तथा फूड प्रोससिंग इंडस्ट्रीज तथा जल शक्ति विभाग की सचिव अनीता प्रवीण ने प्रदान की। उनके पिता एसके शर्मा सीएसएसआरआई में लंबे समय तक पीआरओ रहे हैं। डॉ. निधि कौशिक के शौध कायों की केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शौध कार्यों से देश को नई दिशा मिलती है। मोदी सरकार इस उद्योग को गांव-गांव तक ले जाना चाहती हैं। निधि ने बताया कि बाजरे की दो किस्में कोदो और कुटकी मधुमेह, मोटापा व हृदय रोग से बचाएगी। डॉ. निधि ने बाजरे की दोनों किस्मों का प्रयोग चूहों पर किया। अध्ययन में पाया गया कि बाजरे की दोनों किस्मों के सेवन से मधुमेह, मोटापा और हृदय संबंधी



रोग ठीक हो गया।

निधि कौशिक ने शोधकर यह साबित किया है। इस संबंध में छह शोध अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित हो चुके हैं तथा चार और शोध प्रकाशित होने हैं। डॉ. निधि कौशिक ने मार्गदर्शन के लिए यूपीटीयू के पूर्व कुलपति एवं श्रीराम इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल रिसर्च के पूर्व निदेशक उपाधि दी गई। उन्होंने डॉ. आरके खंडाल का आभार जताया। उन्होंने बताया बाजरे की दो किस्म कोदो व कुटकी से बना भोजन करने से मधुमेह और हृदय रोगों से छुटकारा मिल सकता है। प्रधानमंत्री मोदी के निवेदन पर एएफ पीओ ने भी वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय बाजार वर्ष मनाया जाएगा।

### अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुए शोध

निधि द्वारा किए गये शोध अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। विश्व में गेहूं या चावल के स्थान पर यदि बाजरा उगाया जाए तो खाद्य की कभी कमी ना हो और क्लाइमेट चेंज और ग्लोबल वार्मिंग से भी खेती को बचाया जा सकेगा। खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टम) सोनीपत की बेसिक एंड अप्लाइड साइंस विभाग की शोधार्थी डॉ. निधि कौशिक ने प्रधानमंत्री मोदी की रुचि को देखते हुए इस प्रोजेक्ट पर काम किया। कृषि संगठन (एफएओ) ने बाजरे की किस्मों की खेती करने की सलाह दी थी।

### ग्लोबल वार्मिंग व पर्यावरण परिवर्तन के लिए बाजरे की खेती ही उपाय

आगाह किया कि ग्लोबल वार्मिंग व पर्यावरण परिवर्तन से बचने के लिए बाजरे की खेती ही उपाय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाजरे के विशिष्ठ गुणों वाली किस्मों की पड़ताल कराई। पता चला कि मध्य प्रदेश में आदिवासी क्षेत्रों में कोदो व कुटकी किस्में बोई जाती थीं, लेकिन अब किसानों ने इन्हें छोड़ दिया है। इस समस्या के समाधान के लिए 2016 में पांच वर्षीय शोध प्रोजेक्ट का जिम्मा निफ्टम की वैज्ञानिक डॉ. मंजीत अग्रवाल और डॉ. कोमल ने लिया। इन वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में शोधार्थी डॉ. निधि ने यह काम किया।

## संक्षिप्त-समाचार

### पेड़-पौधों के बिना नहीं है जीवन की कल्पना : अंकित गुप्ता



कोर्ट परिसर में पौधारोपण करते एडवोकेट अंकित गुप्ता व अन्य।

**कुरुक्षेत्र।** आल इंडिया लॉयरस फौरम के हरियाणा स्टेट सेक्रेट्री व जिला कष्ट निवारण समिति के निवर्तमान सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कोर्ट परिसर में अपने जन्मदिन पर पौधारोपण करने के बाद कहा कि पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। ये पर्यावरण के रक्षक होने के साथ उनको स्वच्छ भी बनाते हैं। आज हम लोग अपने भौतिक सुख-सुविधाओं के लिए जंगल काटकर इस धरती को पेड़ विहीन बना रहे हैं, जबकि पेड़ पौधे लगाने से हमें ऑक्सीजन तो मिलती ही है साथ ही पशु-पक्षी व अन्य जीव-जंतु भी खुश होते हैं। गुप्ता ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि व पेड़ पौधों की कमी के कारण ही ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बढ़ रही है, जिसे कम करने के लिए वृक्षारोपण ही महत्वपूर्ण जरिया है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 में ऑक्सीजन के लिए भी दर-दर भटकना पड़ा, इसलिए जितना हो सके हमें अपने आस पास पेड़-पौधे लगाने चाहिए, और मानसून का समय पेड़ पौधे लगाने के लिए सर्वोत्तम समय है। अंकित गुप्ता ने कहा कि जन्मदिन व सालगिरह आदि पर हमें फलदार या छायादार पौधा लगाकर उस दिन को सार्थक करना चाहिए। श्रीकृष्ण श्रद्धा सहयोग समिति के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, राधेश्याम, अशोक कुमार, सोहनलाल, आंशिका, सार्थक, आराध्या व आदित्य आदि उपस्थित रहे।

### स्टालवार्ट फाउंडेशन ने चलाई 'पेड़ लगाओ' मुहिम



**कुरुक्षेत्र।** स्टालवार्ट फाउंडेशन की ओर से पर्यावरण को हरा-भरा करने के लिए लाडवा विधानसभा क्षेत्र में पेड़ लगाओ मुहिम चलाई। गांव चकचानपुर में सैकड़ों पौधे लगाने का काम किया। मुनीष कुमार ने बताया कि स्टालवार्ट फाउंडेशन की ओर से लाडवा हल्के में लगभग 15 हजार पौधे लगाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्य फाउंडेशन के चेयरमैन संदीप गर्ग की ओर से करवाया जा रहा है। शुरुआत बाबैन ब्लॉक के चकचानपुर से शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि गांव चकचानपुर में लगभग 500 पौधे लगाने का काम किया गया है। इस मौके पर राजीव कुमार, कर्म चंद, राजिन्द्र यारा, रवि कुमार, प्रदीप कुमार, पारस सैनी, जितेन्द्र कुमार, कुलदीप कुमार, नवदीप कौर, पूजा रानी, सुदेश रानी सहित भारी संख्या में गांववासी मौजूद थे।

अग्निवीर योजना को लेकर

# यूथ कांग्रेस प्रदेश भर में चलाएगी 'फौज बचाओ देश बचाओ' अभियान

**हरियाणा यूथ कांग्रेस दिव्यांशु बुद्धिराजा ने किया ऐलान**

**प्रदेश भर में निकलेगी मशाल व तिरंगा यात्रा**

**जिला मुख्यालयों पर करेंगे विरोध प्रदर्शन**




पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**केंद्र** सरकार द्वारा शुरू की गई अग्निवीर योजना के विरोध में हरियाणा यूथ कांग्रेस ने 'फौज बचाओ देश बचाओ' अभियान शुरू करने का ऐलान किया है। इस अभियान के तहत पूरे प्रदेश में ब्लॉक, गांव स्तर पर युवाओं को इसके प्रति सचेत करेंगे और पूरे प्रदेश में अलग-अलग जगह सरकार का घेराव करेंगे।

यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा ने शनिवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अग्निपथ योजना ने देशभर के करोड़ों युवाओं के देश सेवा करने के अरमानों को आग लगाने का व देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का कार्य किया है। बुद्धिराजा ने कहा कि इस योजना से नौजवानों के भविष्य के साथ साथ देश की सुरक्षा को भी बहुत भारी खतरा पैदा हो जाएगा। अग्निपथ जैसी बहुत ही अपरिपक्व योजना लाकर केंद्र सरकार द्वारा देश की सुरक्षा के साथ प्रयोग करना बेहद खतरनाक साबित होगा।

यूथ कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सेवानिवृत्त सैनिकों का मानना है कि एक सैनिक को तैयार होने में सात से आठ साल लगते हैं। सरकार चार साल में ही उन्हें रिटायर करना चाहती है। बुद्धिराजा ने कहा कि पहले किसानों ने संघर्ष कर सरकार के घुटने टिकवाए और बिल वापिस करवाये, अब यह सरकार देश के जवान को मारना चाहती है लेकिन देश का नौजवान सरकार की इस योजना का मुंहतोड़ जवाब देगा और किसी भी हालत में यह योजना को लागू होने नहीं दिया जाएगा।

### कहा, देश की सुरक्षा के साथ किया जा रहा खिलवाड़

हरियाणा युवा कांग्रेस गांवों, शहरों व कस्बों में जाकर इस योजना का विरोध करते हुए मशाल यात्रा, तिरंगा यात्रा, पद यात्रा निकाल जिला मुख्यालयों पर विशाल प्रदर्शन कर सरकार का घेराव करेगी। दिव्यांशु ने बताया कि देश की सेना का प्रत्येक दसवां जवान हरियाणा से आता है। एक तरफ युवाओं के रोजगार छीने जा रहे हैं और देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

बुद्धिराजा ने प्रदेश के नौजवानों से आह्वान किया कि वह अपने वजूद की लड़ाई में,अपने भविष्य की लड़ाई के लिए इस अभियान से जुड़ें।

दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कहा कि युवा कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता ने शपथ ली है कि जब तक युवाओं के भविष्य को तबाह करने वाली अग्निपथ योजना को वापिस नहीं लिया जाता तब तक इसका विरोध किया जाएगा। बुद्धिराज ने कहा कि युवा कांग्रेस एक हफ्ते में गांव-गांव जाकर युवाओं को अभियान से जोड़ेगी।

सात दिन के बाद आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। सरकार जल्दबाजी में योजना को लागू करके भडक़ाना चाहती है। युवाओं को सरकार डरा रही है। लोकतंत्र में विरोध करने का अधिकार है। युवा कांग्रेस लोगों के साथ मिलकर इसका विरोध करेगी।

# मानव जीवन बचाने में सहायता करती है औषधि का काम : डॉ. अग्रवाल

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** रेडक्रॉस सोसायटी के राज्य महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल ने कहा कि समय पर मिलने वाली प्राथमिक सहायता मानव जीवन बचाने में औषधि का काम करती है। रेडक्रॉस मानव सेवा में सबसे अग्रणी संस्थान है और प्राथमिक सहायता सहित रक्तदान शिविर के जरिये आमजन को सेवाभावी कार्यों के प्रति प्रेरित करती है।

वे चंडीगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय प्राथमिक सहायता एवं गृह परिचर्या प्रवक्ता प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर डॉ. अग्रवाल ने रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी डुनांट, स्वामी विवेकानंद और भारतमाता के चित्र पर पुष्प अर्पित किए एवं दीप प्रज्वलित किया है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। समय पर चिकित्सीय सहायता न मिलने के चलते घायल व्यक्ति दम तोड़ देता है। इसलिए प्राथमिक सहायता की जानकारी होना बेहद जरूरी है, क्योंकि यह आपदा के समय यदि किसी की नई जिंदगी मिल जाए तो इससे बड़ा कोई मानव कार्य नहीं हो सकता है।

उद्योगों में काम कर रहे मजदूरों को प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे आपात स्थिति में एक दूसरे को चिकित्सा सहायता मुहैया करवा सकें। उन्होंने प्रतिभागियों को आह्वान किया कि प्राथमिक सहायता एवम गृह परिचर्या का ज्ञान प्राप्त करके जो भी प्रतिभागी उत्तीर्ण होंगे वह अपने-अपने जिलों में जाकर अन्य लोगों को भी इन विषयों में प्रशिक्षित करेंगे ताकि बहुमूल्य जीवनों को बचाया जा सके। उन्होंने युवाओं को स्वैच्छिक रक्तदान व सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का भी आह्वान किया।

### हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड को मिला सर्वश्रेष्ठ सम्मान

**चंडीगढ़।** नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित भारतीय डेयरी उद्योग और तकनीकी एक्सपो-2022 के आयोजन में हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड (एचएलडीबी) को प्रदेश में पशुधन को बढ़ावा देने के प्रयासों और उपलब्धियों को मान्यता प्रदान करने के अलावा भारत के सर्वश्रेष्ठ पशुधन बोर्ड के रूप में सम्मानित किया गया है। इस एक्सपो में हरियाणा के पशुधन विकास बोर्ड ने किसानों और पशु पालकों के लिए क्रियान्वित सरकारी उपलब्धियों और योजनाओं की श्रेणी के तहत भाग लिया। हरियाणा पशुधन बोर्ड के प्रबंध निदेशक डॉ.एसके बगोरिया ने एक्सपो के अतिथि के रूप में हिस्सा लिया और सम्मान ग्रहण गया। डॉ. बागोरिया ने तकनीकी एक्सपो में बोर्ड और विभाग की विभिन्न चल रही योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला और राज्य में प्रजनन सेवाओं को मजबूत करने में बोर्ड के योगदान से भी अवगत कराया।

# शार्ट-सर्किट से घर में लगी आग, सामान जलकर राख

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



घर में लगी आग के बाद मौके पर जानकारी लेते भाजपा नेता राजीव जैन।

**गढ़ी** ब्राह्मण में चौपाल के निकट बीती रात विजय सैनी के घर में बिजली के शार्ट-सर्किट से आग लग गई। जिससे घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। पड़ोसियों ने पानी डाल- डालकर आग पर काबू किया। घटना की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने मौका देखा और जानकारी ली।

पीड़ित विजय ने बताया कि अपनी पत्नी के साथ घर से बाहर गया हुआ था, इस बीच पीछे घर में आग लग गई। फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी थी, लेकिन कोई गाड़ी नहीं पहुंची। पीड़ित ने बताया कि आग की लपटों में घर का कीमती सामान जलकर खाक हो गया है।

राजीव जैन ने पीड़ित को आश्वासन दिया कि उसकी आर्थिक मदद करवाएंगे, ताकि नुकसान की भरपाई हो सकें। इस मौके पर जिले सिंह चौहान, गुलशन चौहान, डॉ फूलकुमार, सतनारायण सैनी, सतबीर सैनी, बीरा सैनी, साहब सिंह कश्यप, चमन लाल, अमन मौजूद थे।

# अग्निपथ योजना के खिलाफ कांग्रेस का धरना 27 को



कांग्रेसी कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए प्रभारी विवेक बंसल व अन्य नेता।

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**हरियाणा** प्रदेश कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा करनाल में 27 जून को अग्रिपथ योजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन में हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी विवेक बंसल तथा हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान सिंह विशेष तौर से शिरकत कर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करेंगे।

कांग्रेस पार्टी के जिला संयोजक तरलोचन सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियों के लिए कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व विधायक लहरी सिंह आज करनाल पहुंचे। उन्होंने पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि अग्निपथ के खिलाफ देश भर में धरना दिया जा रहा है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में धरना दिया जा रहा है। इस अवसर पर भीमसेन मेहता, त्रिलोचन सिंह, जिले राम शर्मा, नरेंद्र सांगवान, अनिल राणा, डॉ. नवजोत कश्यप, रघुवीर सन्धु, राजेन्द्र कल्याण, कृष्ण बसताड़ा, धर्मपाल कौशिक,राजेश वैद्य, अमरजीत धीमान, ललित बुटाना, राजेन्द्र बल्ला, उषा तुली, सुरेंद्र कौर, एडवोकेट चांद राम, जोगेंद्र वाल्मीकि, इंद्रजीत गोराया, ओमप्रकाश सलूजा, राजेन्द्र नम्बरदार, संजीव काम्बोज, बसन्त राणा, इंद्रपाल विर्क, नरेंद्र जोगा, मीनू दुआ, अशोक काम्बोज, अरुण पंजाबी, अनिल शर्मा, जागीर सैनी, सुनेहरा वाल्मीकि, गगन मेहता, ललित अरोड़ा, पम्मी वाल्मीकि, जानकी, भोली, नीलोखड़ी आदि उपस्थित थे।

# ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटरों को पिछले चार माह से नहीं मिला वेतन, जताया रोष

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र /शाहबाद

**ग्रामीण** ट्यूबवेल ऑपरेटरों की बैठक शनिवार को पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) यूनियन कार्यालय शाहाबाद में हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के ब्रांच प्रधान कुलवंत शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटरों को पिछले 4 माह से वेतन न मिलने रोष व्यक्त किया।



बैठक के बाद ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए।

मीटिंग में जिला प्रधान कुलवंत शर्मा ने बताया कि ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर मामूली वेतन पर काम करते हैं। गांवों में जनस्वास्थ्य विभाग के तहत ट्यूबवेल ऑपरेटर लगे हुए हैं, उनका वेतन ग्राम पंचायत के जरिए बीडीपीओ द्वारा जारी किया जाता है। अप्रैल 2022 से ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटरों का वेतन रुका हुआ है, जिसके बारे में संगठन कई बार अलग-अलग अधिकारियों को लिख चुका है। शर्मा ने कहा कि वेतन न मिलने के कारण सभी ऑपरेटर और उनके परिजन परेशान हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार ने जल्द ही ऑपरेटरों के वेतन का भुगतान नहीं कराया, तो मजबूर होकर वे धरना प्रदर्शन व हड़ताल करने को बाध्य होंगे।

इसकी पूरी जिम्मेदारी कुरुक्षेत्र जिला प्रशासन की होगी। मीटिंग में ब्लॉक शाहाबाद के प्रधान रणजीत सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार ने कर्मचारियों को जो सुविधाएं दी है, उनको जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी कुरुक्षेत्र कार्यालय लागू करने में आना-कानी कर रहा है। ऐसे में कार्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारियों को जिला विकास एवम् पंचायत अधिकारी कुरुक्षेत्र के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने कि लिए मजबूर कर रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत हैंडओवर जलघरों के मैंटिनेंस का कार्य न तो जन स्वास्थ्य विभाग करवा रहा है और न ही जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी करवा रहे हैं। इससे वाटर सप्लाई को सुचारू रूप से चलाने में दिक्कत आ रही है, इसका समाधान तुरंत किया जाना चाहिए। इस बैठक में सुशील सैनी, गुरबक्श सिंह, जसपाल सिंह, जसविन्द्र सिंह, हरनेक सिंह, बलवीर सिंह बल्ली, काका राम, रोशन लाल और रविन्द्र कुमार मौजूद रहे।

### लबाना व बंजारा समाज के महापुरुषों की जयंती पर कार्यक्रम 10 को होगा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं हरियाणा भाजपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेशाध्यक्ष कर्णदेव कांबोज ने कहा कि कुरुक्षेत्र का पावन धरा पर पहली बार लबाना व बंजारा समाज के लोग एक साथ अपने अपने समाज के महापुरुषों की जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह करेंगे।

इन दोनों समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि दस जुलाई को कुरुक्षेत्र अनाज मंडी में जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री होंगे। पूर्व मंत्री कर्णदेव कांबोज शनिवार को सर्किट हाउस में 10 जुलाई के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर दोनों समाज के प्रमुख लोगों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस निर्णय के तहत ही लबाना व बंजारा समाज के महापुरुषों की जो जयंती 4 व 7 जुलाई को है, इन दोनों समाज के लोगों की सहमति से 10 जुलाई को एक संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर बंजारा समाज से जसमेर सिंह, लबाना समाज से हरजोत सिंह, पूर्व सरपंच जसबीर सैनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# लैंक्सेस इंडिया को मिला गोल्डन पीकॉक एचआर एक्सीलेंस अवॉर्ड

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**स्पेशियल्टी** केमिकल्स कंपनी लैंक्सेस ने प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक एचआर एक्सीलेंस अवॉर्ड 2021 प्राप्त किया है। कंपनी को यह अवॉर्ड मानव संसाधन प्रबंधन के सभी क्षेत्रों में अपनी प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये दिया है।

भारत सरकार के संसदीय मामलों एवं संस्कृति राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सभी विजेताओं को प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किए। पीटीएसई के कार्यकारी निदेशक एवं प्रमुख नमितेश रॉय चौधरी और मानव संसाधन के वाइस प्रेसिडेंट एवं हेड सुनील एंटोनी ने हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में लैंक्सेस इंडिया की ओर से एचआर एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त किया।

इस अवसर पर लैंक्सेस इंडिया के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक नीलांजन बनर्जी ने कहा कि लैंक्सेस में हम मानव संसाधनों के विकास और प्रबंधन में उत्कृष्टता हासिल करने के लिये लगातार प्रयास करते हैं। हमारे कर्मचारी हमारी सबसे महत्वपूर्ण संपत्ति हैं और उनकी सेहत सुनिश्चित करना हमारी सफलता और वृद्धि का अभिन्न हिस्सा है। हमारा लक्ष्य काम के लिए ऐसा सकारात्मक माहौल बनाना है, जो अभिनव युक्तियों के विस्तार को प्रोत्साहित करता हो और कर्मचारियों के साथ हमारे अच्छे रिश्ते, वृद्धि और विकास को सुनिश्चित करता हो।

# नंदिता चक्रवर्ती की लेटेस्ट बुक डर्टी लिटिल सीक्रेट्स हुई लॉन्च

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारतीय**-ऑस्ट्रेलियाई लेखिका नंदिता चक्रवर्ती ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट बुक डर्टी लिटिल सीक्रेट्स लॉन्च की है, जिसमें उन्होंने भारत और ऑस्ट्रेलिया में बिताये अपने जीवन के पिछले दस वर्षों की चौंकाने वाली घटनाओं का उल्लेख किया है।

किताब में उन्होंने बिना किसी बंदिशों के अपने जीवन की कई पर्सनल डिटेल्स को बड़ी ही गहराई के साथ वर्णन करने की कोशिश की है। उन्होंने महसूस किया कि कहानी को एक लार्जर ऑडियंस तक बताने की जरूरत है, क्योंकि ऐसी कई अन्य महिलाएं भी उसी नाव में सवार थीं।

नंदिता 2000 में मेलबर्न चली गई, उन्होंने अपने तीन उपन्यासों को एक खूबसूरत आकार दिया। नंदिता चक्रवर्ती कठिन अनुभव से गुजर चुकी हैं, अपनी इस बुक लॉन्च के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, जब मैंने पहली बार डर्टी लिटिल सीक्रेट्स बुक को लिखना शुरू किया, तो मेरा इरादा इसे सिर्फ अपने लिए ही लिखने का था। लेकिन जितना अधिक मैंने इसे लिखा और जितना अधिक मैंने इसके बारे में सोचा, मुझे एहसास हुआ कि यह लोगों को बताने लायक एक कहानी है नंदिता का मानना है कि स्नेह, प्रेम सभी मनुष्यों के लिए सार्वभौमिक है।

उन्होंने कहा मुझे उम्मीद है कि मेरी इस कहानी को साझा करने से भविष्य में अन्य लोग अधिक सतर्क रहेंगे और उस पीड़ा का अनुभव करने से बचेंगे जो कि मैंने सहन की है।

# शिवानी दहिया ने गोल्ड पर लगाया पंच

## बेटी के गोल्ड मेडल जीतने पर परिजनों ने किया भव्य स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**शिवानी** दहिया ने दिल्ली में आयोजित 24वीं महिला (यूथ) दिल्ली स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शिवानी दहिया ने गोल्ड मेडल हासिल कर अपने माता-पिता के साथ सोनीपत जिले का भी नाम रोशन किया है। बॉक्सिंग खिलाड़ी शिवानी दहिया का सोनीपत पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। शिवानी दहिया मेडल जीतकर घर पहुंची तो परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। शिवानी के पिता बिजली विभाग के ड्राइवर हैं और मां गृहणी। शिवानी ने बताया कि



घर पहुंचने पर खिलाड़ी शिवानी दहिया व कोच संदीप मलिक का स्वागत करते परिजन व गांव के अन्य लोग।

उन्होंने 5 साल पहले बॉक्सिंग खेलना शुरू किया था। शिवानी के कोच संदीप मलिक का कहना है कि कड़े अभ्यास के बल पर ही शिवानी ने अपने प्रतिद्वंद्वी पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। पिता वेदपाल व माता मुकेश देवी व दादी ओमपति का कहना है कि उनकी बेटी मेडल जीतकर आई है तो उन्हें बेहद खुशी हुई है। शिवानी दहिया सत्यम स्कूल में एसएम बॉक्सिंग क्लब में कोच संदीप मलिक के नेतृत्व में कड़ा अभ्यास कर रही है। दिल्ली में 24वीं महिला (यूथ) दिल्ली स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप 19 से 24 जून तक आयोजित की गई थी। कोच संदीप मलिक ने बताया कि शिवानी दहिया ने पहले राउंड में वंशिका को 5-0 से हराकर सेमीफाइन में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में शिवानी ने मानसी टोकस को कड़ी टक्कर देते हुए 5-0 से पराजित किया। फाइनल राउंड में अपने जोरदार पंच से सिया को 4-1 से हराकर गोल्ड मेडल हासिल किया। चैंपियनशिप में दिल्ली के करीब 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

## सुकवि-संवाद



सुकवि डॉ. एस. एन. भारद्वाज 'अश्क'

कवि, लेखक एवं वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार
विश्व भारती शिक्षण संस्थान समूह,
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627

प्राइवेट बैंकर्स

इन प्राइवेट बैंकर्स का अपना ही स्वैग है
माथे पे इनके 'मैनिपुलेटर' का टैग है
इन्सान कहाँ इनको दिखता है इन्सान
इनके लिए इन्सान रुपयों का बैग है

# काशी, मथुरा मंदिरों के मूल स्थलों को हासिल करने पर काम करेगी विहिप

## मंदिरों को राज्य सरकारों के चंगुल से मुक्त कराने पर होगा जोर : अशोक कुमार

### कहा, मामला अदालत में विचाराधीन है फिलहाल फैसले का इंतजार करें

एजेंसी। चेन्नई

**विश्व** हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने शनिवार को कहा कि संगठन शांतिपूर्ण तरीकों से कानून और संविधान के ढांचे के भीतर काशी विश्वनाथ मंदिर और मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्म स्थान के मूल स्थलों को पुनः प्राप्त करने का प्रयास करेगा।

उन्होंने कहा कि चूंकि मामले अदालत में हैं, इसलिए यह उचित होगा कि दोनों पक्ष अदालत के फैसले का इंतजार करें। यहां कांचीपुरम में आयोजित विहिप केंद्रीय संचालन परिषद की बैठक में कुमार ने कहा कि विहिप ने नुपुर शर्मा और नवीन जिंदल की टिप्पणियों को लेकर देशभर में धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा हाल में की गई हिंसा और संपत्तियों, सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाए जाने तथा पुलिस पर हमले किए जाने की निंदा की।



तमिलनाडु के मंदिर में तोड़ी गई प्रतिमाओं की निंदा की

उन्होंने तमिलनाडु में हिंदू मंदिरों में देवताओं की मूर्तियां तोड़े जाने की घटनाओं की कड़ी निंदा की। निकटवर्ती कांचीपुरम जिले के तुलसापुरम गांव में शुक्रवार को एक मंदिर के दर्शन करने पहुंचे आलोक कुमार ने कहा कि हमले में मंदिर के अंदर 22 मूर्तियों को तोड़ दिया गया। उन्होंने कहा, इस तरह का कृत्य मानसिक रूप से अस्थिर व्यक्तियों या नशे में धुत व्यक्ति द्वारा नहीं किया जा सकता, जैसा कि पुलिस ने दावा किया है। तोड़फोड़ के पीछे एक योजनाबद्ध तंत्र है। देवताओं को आसनों से उखाड़ दिया गया और क्षतिग्रस्त कर दिया गया तथा सड़कों पर फेंक दिया गया। कुमार ने तमिलनाडु सरकार से असली दोषियों को न्याय के कठघरे में लाने का आग्रह किया।

विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि दुश्मन देश और कुछ राष्ट्र विरोधी समूहों के दुष्प्रचार के चलते धार्मिक कट्टरपंथियों ने नुपुर शर्मा और नवीन जिंदल का सिर काटने तथा आंखें निकालने की धमकी दी और हिंदुओं की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया तथा सड़कों पर हिंसा की। उन्होंने कहा, विश्व हिंदू परिषद इस तरह के जघन्य कृत्यों की निंदा करती है और राज्य सरकारों से अपेक्षा करती है कि वे इन अपराधियों से सख्ती से निपटें और हिंदुओं को न्याय दिलाएं।

कुमार ने कहा, भारत संविधान से चलता है, शरिया कानूनों से नहीं। किसी भी भीड़ को किसी को भी दोषी घोषित करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि विहिप मंदिरों को राज्य सरकारों के चंगुल से मुक्त कराने और इनका प्रबंधन हिंदू समाज को सौंपने के लिए अपना आंदोलन तेज करेगी।

उन्होंने कहा कि मंदिरों से प्राप्त राजस्व का उपयोग केवल हिंदू मंदिरों के रखरखाव के लिए और हिंदू कल्याण के लिए किया जाना चाहिए, न कि सरकारी प्रशासनिक खर्च के लिए। कहा, यह खेद की बात है कि कुछ राज्य सरकारों द्वारा हिंदू मंदिरों का प्रबंधन जारी है। विश्व हिंदू परिषद इसे ब्रिटिश शासन के बाद से मंदिरों के निरंतर औपनिवेशीकरण का प्रतीक मानती है।

# सत्ता के लालच में एक परिवार ने देश पर थोपा था आपातकाल : ब्रजेश पाठक

एजेंसी। लखनऊ



### कहा, 47 साल पहले कांग्रेस ने आपातकाल थोपा था, जो प्रजातंत्र के लिए कायराना हमला रहा

**उत्तर** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता की लालच में एक परिवार ने देश पर आपातकाल थोपा था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश मुख्यालय पर लोकतंत्र के काला अध्याय: आपातकाल (काला दिवस) विषयक संगोष्ठी में आपातकाल के विरोध में आवाज उठाने वाले लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मानित करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए पाठक ने कहा, सत्ता की लालच में एक परिवार ने देश पर आपातकाल थोपा था। आज ही के दिन 47 वर्ष पूर्व कांग्रेस द्वारा थोपा गया आपातकाल देश के प्रजातंत्र पर किया गया सबसे बड़ा और कायराना हमला था।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में हमेशा से गांधी परिवार के हितों को पार्टी और देश हित से ऊपर रखा गया तथा देश में आपातकाल लागू करना भी इसी नीति का हिस्सा रहा। उन्होंने कहा, यह अलोकतांत्रिक निर्णय जो आपातकाल के रूप में जबरन देश पर थोपा गया, भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज है, इस अनैतिक और दमनात्मक कृत्य के लिए देश की जनता कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने दावा किया, आपातकाल के दौरान लोगों से अंग्रेजी शासन से भी बुरा व्यवहार किया गया, इस निर्णय का विरोध करने वालों को कड़ी यातनाएं दी गईं, अकारण ही लाखों लोगों को जेल में ठूंस दिया गया और अदालतों और प्रेस पर भी सेंसरशिप लगा दी गई।

वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि इसके बावजूद लाखों लोकतंत्र सेनानियों ने यातनाओं को सहते हुए इस अनैतिक निर्णय का न सिर्फ विरोध किया बल्कि तानाशाह सरकार को सबक भी सिखाया। उन्होंने आपातकाल के खिलाफ संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनर्स्थापना में लोकतंत्र सेनानियों का बड़ा योगदान है।

# मुंबई आतंकी हमले के साजिशकर्ता को साढ़े 15 साल की जेल

एजेंसी। लाहौर

### आतंकवाद के वित्त पोषण मामले में पाकिस्तान की अदालत ने सुनाई सजा

**पाकिस्तान** की एक आतंकवाद निरोधक अदालत ने 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले के साजिशकर्ता साजिद मजीद मीर को आतंकवाद के वित्त पोषण मामले में 15 साल से अधिक की जेल की सजा सुनाई है।

साजिद मजीद मीर 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों में अपनी भूमिका के लिए भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों की सूची में शामिल है। उस पर अमेरिका ने भी 50 लाख डॉलर का इनाम घोषित कर रखा है। मीर को सजा ऐसे समय में सुनाई गई है, जब पाकिस्तान वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) की ग्रे सूची से बाहर निकलने के लिए संघर्ष कर रहा है। पंजाब पुलिस का आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी), जो अक्सर मीडिया को ऐसे मामलों में संदिग्धों के दोषी करार दिए जाने की जानकारी देता है, उसने साजिद मजीद मीर की दोषसिद्धि की सूचना नहीं दी। दरअसल, धनशोधन और आतंकवाद के वित्त पोषण के खिलाफ इस्लामाबाद की ओर से उठाए गए कदमों और इस संबंध में किए गए सुधारों के क्रियान्वयन की समीक्षा करने के लिए आतंकी फंडिंग पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था एफएटीएफ के अधिकारी जल्द ही पाकिस्तान का दौरा करने वाले हैं।

आतंकवाद के वित्त पोषण मामले में लश्कर-ए-तैयबा और जमात-उद-दवा के नेताओं का पक्ष रखने वाले एक वरिष्ठ वकील ने कहा, इस महीने की शुरुआत में लाहौर की एक आतंकवाद निरोधक अदालत ने आतंकवाद के वित्त पोषण मामले में प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक कार्यकर्ता साजिद मजीद मीर को साढ़े 15 साल की जेल की सजा सुनाई थी।

## पीएम हसीना ने बांग्लादेश के सबसे लंबे पुल का उद्घाटन किया

**ढाका।** प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार को बांग्लादेश के सबसे लंबे पुल का उद्घाटन किया, जो पूरी तरह से देश के धन से निर्मित हुआ है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पद्मा पुल केवल ईंट और सीमेंट का ढेर नहीं, बल्कि बांग्लादेश के गौरव, क्षमता और शान का प्रतीक है। पद्मा नदी पर बने इस पुल की लंबाई 6.15 किलोमीटर है और यह दक्षिण पश्चिमी बांग्लादेश को राजधानी तथा देश के अन्य भागों से जोड़ता है। इस बहुउद्देशीय सड़क-रेल पुल के निर्माण का खर्च, तीन अरब 60 करोड़ डॉलर है, जिसे पूरी तरह बांग्लादेश सरकार ने वहन किया है। हसीना ने पद्मा पुल के निर्माण से जुड़े लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। पद्मा पुल का उद्घाटन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह पूरी तरह घरेलू खर्च से निर्मित हुआ है।

## पन्ना की खदान में मजदूर को 12 लाख का हीरा मिला

**मध्य प्रदेश।** पन्ना मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में एक खदान में खुदाई के दौरान एक मजदूर को करीब 10 से 12 लाख रुपये कीमत का 3.15 कैरेट का हीरा मिला है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पन्ना हीरा कार्यालय के अधिकारी अनुपम सिंह ने बताया कि मजदूर सुरेंद्र पाल लोधी को कृष्णा कल्याणपुर की एक पट्टे की खदान में 3.15 कैरेट का हीरा मिला है और उसने इसे शुक्रवार को कार्यालय में जमा करा दिया है। विशेषज्ञों के मुताबिक, नीलामी में इस हीरे पर 10 से 12 लाख रुपये की सफल बोली लग सकती है। लोधी को उम्मीद है कि हीरे की नीलामी से अर्जित रकम से उसकी माली हालत सुधरेगी और वह अपने बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठा सकेगा।

## नॉर्वे में गोलीबारी, दो की मौत

**ओस्लो।** नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में शनिवार तड़के एक बार के बाहर हुई गोलीबारी की घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक घायल हो गए। नॉर्वे पुलिस ने यह जानकारी दी नॉर्वे की पुलिस का कहना है कि वह ओस्लो में हुई गोलीबारी की घटना को आतंकवादी हमला मानकर इसकी जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गोलीबारी के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया संदिग्ध व्यक्ति ईरानी मूल का नॉर्वे का नागरिक है, जिसकी आपराधिक पृष्ठभूमि रही है। पुलिस ने हमलावर के पास से एक पिस्तौल और एक स्वचालित हथियार समेत दो आग्नेयास्त्र जब्त किए हैं। ओस्लो में गोलीबारी की यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब शहर में समलैंगिकों के समर्थन में एक वार्षिक रैली के आयोजन की तैयारियां चल रही थीं।

# जर्मनी और यूएई की यात्रा के दौरान 15 से अधिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रधानमंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली

### मोदी म्यूनिख में भारतीय समुदाय से संबंधित कार्यक्रम को करेंगे संबोधित

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी जर्मनी और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अपनी यात्रा के दौरान 12 से अधिक विश्व नेताओं के साथ बैठक करेंगे और 15 से अधिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। मोदी म्यूनिख में भारतीय समुदाय से संबंधित एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। यह कोविड-19 महामारी फैलने के बाद से इस तरह का सबसे बड़ा कार्यक्रम होने की उम्मीद है।

मोदी 26 और 27 जून को होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए जर्मनी जाएंगे। प्रधानमंत्री 28 जून को यूएई के पूर्व राष्ट्रपति शेख खलीफा बिन जायद अल नाहयान के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए खाड़ी देश जाएंगे। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि जर्मनी और संयुक्त अरब अमीरात में लगभग 60 घंटे के प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री दुनिया के सात सबसे अमीर देशों के समूह जी 7 की बैठक में भाग लेने के अलावा कई द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।

विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने शुक्रवार को कहा था कि मोदी शिखर सम्मेलन से इतर जी-7 और अतिथि देशों के नेताओं साथ द्विपक्षीय मुलाकात और चर्चा करेंगे।

## कर्नाटक में महसूस हुए भूकंप के हल्के झटके

**मंगलुरु।** कर्नाटक में दक्षिण कन्नड़ (डीके) जिले के सुलिया तालुका के कई हिस्सों में शनिवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सुलिया के कई निवासियों ने कहा कि उन्होंने सुबह करीब 9.10 बजे भूकंप के हल्के झटके महसूस किए। उन्होंने कहा कि धरती करीब 45 सेकेंड तक कांपती रही और इस दौरान तेज आवाज सुनाई दी। तालुका के कल्लुगुंडी, संपाजे, गूनाडका, अरनथोडु, इवरनाडु, थोडिक्काना और पेराजे इलाकों के निवासियों ने भी झटके महसूस किए। सुलिया में कुछ घरों और इमारतों में दरारें भी आई हैं। सूत्रों ने बताया कि झटके महसूस होते ही लोग घरों से बाहर भाग निकले। इस दौरान घरों में फर्नीचर और अलमारी में रखा सामान जमीन पर गिर गया। दक्षिण कन्नड़ के उपायुक्त के वी राजेंद्र ने एक बयान में कहा कि कई लोगों ने सुलिया से फोन करके सूचित किया कि कुछ सेकेंड के लिए धरती हिली और उन्होंने झटके महसूस किए।

# राष्ट्रपति चुनाव के लिए बसपा का द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने का फैसला : मायावती

एजेंसी। लखनऊ

### कहा, हमारा यह फैसला न तो भाजपा या राजग के समर्थन में है और न विपक्ष के खिलाफ



**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को शनिवार को समर्थन देने की घोषणा की।

बसपा प्रमुख मायावती ने कहा, हमने राष्ट्रपति चुनाव के लिए राजग की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, हमारा यह फैसला न तो भाजपा या राजग के समर्थन में है और न ही विपक्ष के खिलाफ है, बल्कि अपनी पार्टी और आंदोलन को ध्यान में रखते हुए हमने यह फैसला किया है। मायावती ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी के विचार और देश में एक सक्षम एवं समर्पित जनजातीय महिला को राष्ट्रपति बनाने के आंदोलन को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है।

राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का फैसला करते समय बसपा को परामर्श से बाहर रखने के लिए मायावती ने विपक्षी दलों की भी आलोचना की और कहा कि उनकी पार्टी राष्ट्रपति चुनाव पर अपना निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र है।

गौरतलब है कि सत्तारूढ़ राजग की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी समेत विपक्षी दलों के संयुक्त उम्मीदवार यशवंत सिन्हा 27 जून को राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले हैं। मतदान 18 जुलाई को होगा और वोटों की गिनती 21 जुलाई को होगी।

# तनाव की राजनीति देशहित में नहीं: गहलोत

## कहा, देश में तनाव, अविश्वास और हिंसा का है माहौल

### पूर्व विधायक की मूर्ति के अनावरण और बालिका महाविद्यालय के लोकार्पण में कहा

एजेंसी। जयपुर



**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को कहा कि देश में तनाव और हिंसा का माहौल है। उन्होंने यह भी कहा कि तनाव की राजनीति देश और प्रदेश के हित में नहीं है। गहलोत शनिवार को कोटड़ायी, लक्ष्मणगढ़ (सीकर) में पूर्व विधायक सांवरमल मोर की मूर्ति के अनावरण एवं श्री श्रद्धा शिक्षा भवन (बालिका महाविद्यालय) के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, हम बार-बार कहते हैं कि देश और प्रदेश में तनाव की राजनीति उचित नहीं है, क्योंकि जिस परिवार में तनाव होता है, वह आगे नहीं बढ़ता और बर्बाद हो जाता है। यही बात गांव, देश और प्रदेश पर भी लागू होती है। गहलोत ने कहा, आज देश में तनाव, अविश्वास और हिंसा का माहौल है...। कुछ लोग खुश हो सकते हैं कि बुलडोजर चल रहे हैं। पर मत भूलें कि यह बुलडोजर कभी आपके यहां भी आ सकता है।

उन्होंने कहा कि बिना कानून के आप किसी को अपराधी नहीं ठहरा सकते और जब तक दोष सिद्ध न हो, तब तक आप दोषी को भी दोषी नहीं कह सकते। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को लेकर गहलोत ने केंद्र की भाजपा सरकार व केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर निशाना साधा। साल 2020 में अपनी सरकार पर आए राजनीतिक संकट को लेकर शेखावत के एक बयान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, वह कहते हैं कि अगर राजस्थान में सरकार बदल जाती और सचिन पायलट चूकते नहीं तो राज्य में पानी आ जाता। क्या कोई केंद्रीय मंत्री ऐसी भाषा बोल सकता है? इससे अधिक शर्म की बात क्या हो सकती है कि सरकार बदलो तो पानी मैं भेज दूंगा?

उल्लेखनीय है कि गहलोत ईआरसीपी को लगातार केंद्रीय परियोजना का दर्जा दिए जाने की मांग कर रहे हैं। 37,000 करोड़ रुपये से अधिक की यह परियोजना राज्य के 13 जिलों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कर सकेगी। कार्यक्रम को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

## तबाह हो चुके इलाकों को छोड़कर

# सुरक्षित ठिकानों की ओर बढ़ रही है यूक्रेन की सेना

एजेंसी। कीव

**कई** सप्ताह की भीषण लड़ाई के बाद यूक्रेन की सेना ने देश के पूर्वी हिस्से में तबाह हो चुके इलाकों को छोड़कर अपने गढ़ माने जाने वाले इलाकों की ओर जाना शुरू कर दिया है। यूक्रेन की सेना के एक क्षेत्रीय अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।



### लुहांस्क क्षेत्र का 95 प्रतिशत इलाका रूस के कब्जे में

यूक्रेन के लुहांस्क क्षेत्र के प्रशासनिक केंद्र माने जाने वाले सिविएरोदोनेत्स्क शहर पर रूसी सेना की भीषण बमबारी के कारण औद्योगिक शहर के अधिकतर इलाके तबाह हो चुके हैं। रूसी हमले से पहले शहर की आबादी करीब 10 लाख थी, जो अब घटकर मात्र 10 हजार रह गई है।

बड़ी संख्या में लोग शहर से पलायन कर चुके हैं। सिविएरोदोनेत्स्क शहर के बाहरी इलाके में बने विशाल अजोत रासायनिक कारखाने की ओर लौटने से पहले यूक्रेन के सैनिकों ने रूसी सेना का डटकर मुकाबला किया। यूक्रेन के सैनिकों ने शहर के भूमिगत ठिकानों में रहकर रूसी सेना का मुकाबला किया। इन ठिकानों में करीब 500 आम लोगों ने भी शरण ली हुई थी। हाल के दिनों में यूक्रेनी सेना को घेरने के प्रयास में रूसी सैनिकों ने सिविएरोदोनेत्स्क और पड़ोसी शहर लिसिचन्स्क के अधिकतर इलाकों पर कब्जा कर लिया है।

रूस ने पूरे डोनबास क्षेत्र पर कब्जा करने के उद्देश्य से सिविएरोदोनेत्स्क और लिसिचन्स्क शहर को प्रमुख रूप से निशाना बनाया था और इन दोनों ही शहरों पर भीषण हमले हुए थे। डोनबास के लुहांस्क क्षेत्र का 95 प्रतिशत इलाका रूस के कब्जे में आ चुका है।

## सहारनपुर में 40 लाख रुपये की स्मैक के साथ महिला गिरफ्तार

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में अपराध शाखा और देहात कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने एक महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 395 ग्राम स्मैक बरामद की है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिला से बरामद स्मैक की कीमत 40 लाख रुपये आंकी गई है।

सहारनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आकाश तोमर ने बताया कि नशीले पदार्थ के तस्करों के खिलाफ जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत देहात कोतवाली पुलिस और अपराध शाखा की संयुक्त टीम ने दादा पीर के कब्रिस्तान के पास से इंदिरा कॉलोनी निवासी कासिम की पत्नी सोनम को गिरफ्तार किया। तोमर के मुताबिक, पुलिस ने सोनम के कब्जे से 395 ग्राम स्मैक बरामद की है, जिसकी कीमत 40 लाख रुपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि महिला के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम (एनडीपीएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और उसे अदालत में पेश किया जाएगा।

# महाराष्ट्र : पैगम्बर मोहम्मद पर कथित आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

एजेंसी। ठाणे (महाराष्ट्र)

### आरोपी निकेश राजू पश्ते भिवंडी शहर के संगमपाड़ा थोक बाजार में है कुली

**महाराष्ट्र** के ठाणे जिले में पुलिस ने सोशल मीडिया पर पैगंबर मोहम्मद को लेकर आपत्तिजनक और भड़काऊ पोस्ट करने के आरोप में 28 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आरोपी निकेश राजू पश्ते जिले के भिवंडी शहर के संगमपाड़ा में एक माथाडी कार्यकर्ता (थोक बाजार में कुली) है, जिसे शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया।

निजामपुर थाने के अधिकारी ने कहा, एक प्लंबर ने व्हाट्सऐप ग्रुप में पैगंबर पर की गई कथित आपत्तिजनक और भड़काऊ पोस्ट के बारे में पुलिस से शिकायत की। शिकायत के आधार पर, पुलिस ने मामला दर्ज कर उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता ने कहा कि पोस्ट दो समुदायों के बीच तनाव पैदा कर सकता है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 (ए) (विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना), 295 (ए) (जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य, जिसका उद्देश्य किसी भी वर्ग की धार्मिक भावनाओं, उसके धर्म या धार्मिक मान्यताओं का अपमान करना है), 499 (मानहानि) के तहत मामला दर्ज किया है।

गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पैगंबर के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के बाद भारत और खाड़ी देशों में आक्रोश फैलने के बाद पांच जून को अपनी राष्ट्रीय प्रवक्ता नुपुर शर्मा को निलंबित कर दिया था और दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख नवीन जिंदल को पार्टी से निष्कासित कर दिया था।

# ब्रिटेन की खुशी पटेल ने जीता मिस इंडिया वर्ल्डवाइड का खिताब

एजेंसी। वाशिंगटन



**ब्रिटेन** की बायोमेडिकल छात्रा खुशी पटेल को सौंदर्य प्रतियोगिता मिस इंडिया वर्ल्डवाइड 2022 का विजेता घोषित किया गया है। यह भारत के बाहर सबसे लंबे समय से आयोजित हो रही सौंदर्य प्रतियोगिता है।

शुक्रवार रात अमेरिका की वैदेही डोंगरे को प्रथम उपविजेता घोषित किया गया, जबकि श्रुतिका माने को द्वितीय उपविजेता घोषित किया गया। सौंदर्य प्रतियोगिता में शीर्ष 12 प्रतियोगी विश्व स्तर पर विभिन्न अन्य प्रतियोगिताओं की विजेता थीं। पटेल बायोमेडिकल साइंस की छात्रा हैं। उन्होंने कहा कि वह मिस इंडिया वर्ल्डवाइड 2022 प्रतियोगिता जीतकर खुश हैं। मॉडल कपड़ों की दुकान की भी मालिक है। वह अगले एक साल में बहुत सारे परमार्थ कार्यक्रम करने और तीसरी दुनिया के देशों की मदद करने की योजना बना रही हैं। इंडिया फेस्टिवल कमेटी (आईएफसी) के अनुसार, गुयाना की रोशनी रजाक को मिस टीन इंडिया वर्ल्डवाइड 2022 घोषित किया गया।

# राजनीतिक बदले से 16 बागी विधायकों का सुरक्षा कवच वापस लिया : शिंदे

## मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में विधायकों ने मांग की है कि सुरक्षा बहाल की जाए

एजेंसी। मुंबई

### विधायकों ने कहा अगर उनके परिजनों को कुछ हुआ तो सीएम ठाकरे और एमवीए होंगे जिम्मेदार



**शिवसेना** के बागी नेता एकनाथ शिंदे ने शनिवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र सरकार ने 16 बागी विधायकों के आवास पर उपलब्ध कराई गई सुरक्षा वापस ले ली है। शिंदे ने कहा कि उनकी भी सुरक्षा वापस ले ली गई है। यह राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से किया गया है।

इस समय बागी विधायकों के साथ गुवाहाटी में डेरा डाले हुए शिंदे ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और गृह मंत्री दिलीप वलसे पाटिल के नाम एक पत्र ट्वीट किया, जिस पर 16 विधायकों के हस्ताक्षर हैं। इस पत्र में विधायकों ने कहा है कि अगर उनके परिवार के लोगों को कुछ हुआ तो मुख्यमंत्री ठाकरे और सत्तारूढ़ महा विकास आघाडी गठबंधन के नेता उसके लिए जिम्मेदार होंगे।

शिंदे ने ट्वीट में कहा कि राजनीतिक प्रतिशोध की भावना के चलते ठाकरे और वलसे पाटिल के आदेश पर शिवसेना के 16 विधायकों की सुरक्षा वापस ले ली गई है। उन्होंने कहा, इन विधायकों की सुरक्षा के लिए सरकार जिम्मेदार है। पत्र में विधायकों ने मांग की है कि उनकी सुरक्षा बहाल की जाए।

पत्र में कहा गया, यदि हमारे परिवार के सदस्यों को नुकसान पहुंचा तो मुख्यमंत्री, महा विकास आघाडी के नेता, जैसे शरद पवार, संजय राउत और आदित्य ठाकरे इसके जिम्मेदार होंगे। विधायकों ने कहा कि उनके परिवार के सदस्यों और उनके आवास को प्रोटोकॉल के तहत मिला सुरक्षा कवच अवैध रूप से और बदले की भावना से हटाया गया है।

## होटल का बिल कौन भर रहा है, काले धन के स्रोत का पता लगाया जाए : राकांपा

**मुंबई।** शिवसेना के विधायकों के एक बड़े वर्ग की बगावत के कारण महाराष्ट्र में उपजे राजनीतिक संकट के बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने शनिवार को जानना चाहा कि गुवाहाटी और सूरत में होटल के बिल का भुगतान कौन कर रहा है। शिवसेना के ये बागी विधायक फिलहाल असम में डेरा डाले हुए हैं। राज्य में शिवसेना और कांग्रेस के साथ सत्ता साझा कर रही शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने आयकर विभाग (आईटी) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से काले धन के स्रोत का पता लगाने के लिए भी कहा। राकांपा के मुख्य प्रवक्ता महेश तापसे ने पूछा, सूरत और गुवाहाटी के होटल के साथ-साथ विशेष विमानों के बिल कौन चुका रहा है? क्या यह सच है कि खरीद-फरोख्त की कीमत 50 करोड़ रुपये है? उन्होंने कहा, अगर ईडी और आईटी विभाग सक्रिय हो जाते हैं, तो काले धन के स्रोत का खुलासा हो जाएगा। शिवसेना के ज्यादातर विधायक एकनाथ शिंदे के प्रति समर्थन दिखाते हुए, गुवाहाटी में डेरा डाले हुए हैं, जिससे मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार संकट में है।

# ग्रेनो में बिजली दरों पर घमासान, ज्यादा हो रही वसूली!

## उत्तर प्रदेश उपभोक्ता परिषद ने यूपी सरकार व उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक बोर्ड से सीबीआई जांच कराने की मांग की

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**बिजली** दर के प्रस्ताव पर सुनवाई को दौरान उस समय घमासान मच गया वो दावा किया गया कि पिछले साल औसत से ज्यादा की बिल थमाये गए है। अगर शिकायत सच पाई गई तो ग्रेना ग्रेटर नोएडा वासियों को एक साल बेहत सस्ती बिजली मिल सकती है। इसके अलावा नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड के खिलाफ सीबीआई जांच भी हो सकती है। इसकी मांग उत्तर प्रदेश उपभोक्ता परिषद ने की है।

एनपीसीएल के लिए बिजली दर के प्रस्ताव को लेकर सुनवाई के दौरान मुद्दा उठा कि एनपीसीएल द्वारा उपभोक्ताओं से 2.05 रुपये ज्यादा पैसा वसूला जा रहा है। इस मामले को लेकर उत्तर प्रदेश उपभोक्ता परिषद ने उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग से सीबीआई जांच कराने की मांग की है। दरअसल, वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए हाईलेवल ऑनलाइन बैठक हुई है। इस बैठक के दौरान जन सुनवाई की गई। यह जनसुनवाई एनपीसीएल और ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन के टैरिफ को लेकर हुई है। सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष और राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने मुद्दा उठाया कि एनपीसीएल द्वारा एवरेज बिलिंग से ज्यादा पैसा वसूला गया है। जबकि, औसत विद्युत लागत बेहद कम है। उन्होंने मुद्दा उठाया कि औसत विद्युत लागत कम होने के बावजूद भी बिजली की दर कम क्यों नहीं की गई है, उन्होंने एनपीसीएल से सवाल पूछते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2020.21 में एबीआर 8.34 रुपये और लागत 7.39 रुपये थी। इस तरीके से कंपनी ने लागत से 2.05 रुपये यूनिट तक ज्यादा पैसा कमाया है। उन्होंने इस पूरे मामले को लेकर सीबीआई जांच की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने दावा किया कि एनपीसीएल ने इस तरीके से ग्रेटर नोएडा के उपभोक्ताओं से अरबों रुपये कमाए हैं।

अवधेश वर्मा ने एनपीसीएल कंपनी की बैलेंस शीट का हवाला देते हुए कंपनी के प्रबंध निदेशक द्वारा प्रति वर्ष 6.50 करोड़ रुपये का भारी वेतन लेने का भी मुद्दा उठाया है। इसके अलावा एनपीसीएल के जितने भी अधिकारियों के पास महंगी गाड़ी है। इसके बारे में भी काफी सवाल पूछे गए हैं। अवधेश वर्मा का दावा है कि कंपनी ने उपभोक्ताओं से ज्यादा पैसा लेकर अपने शौक पूरे किए हैं।


फाइल फोटो

### ग्रेटर नोएडा वासियों को एक वर्ष तक मुफ्त बिजली देने की मांग

उत्तर प्रदेश विद्युत परिषद के अध्यक्ष ने ग्रेटर नोएडा वासियों के लिए बड़ी मांग की है। अध्यक्ष ने कहा है कि कंपनी ने अभी तक 1176 करोड़ रुपये जरूरत से ज्यादा कमाए हैं। इसको देखते हुए ग्रेटर नोएडा के उपभोक्ताओं को एक वर्ष तक मुफ्त बिजली मिलनी चाहिए। आपको बता दें कि एनपीसीएल को ग्रेटर नोएडा में बिजली सप्लाई करने के लिए 30 साल के लिए लाइसेंस दिया गया था। जिसकी अवधि अगले साल 30 अगस्त को समाप्त हो रही है।

# गाजियाबाद और नोएडा एक बार फिर बढ़ रहा है कोरोना

- पिछले 24 घंटे में दोनों शहर में 208 नए मामले सामने आए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**नोएडा**-गाजियाबद एक बार फिर कोरोना का डर सताने लगा है। जैसे-जैसे दिल्ली में मामलों को ग्राफ बढ़ रहा है वैसे-वैसे एनसीआर में भी कोनो के केसों में इजाफा हो रहा है।

नोएडा में 24 घंटे में कोरोना के 134 नए मरीज सामने आए हैं। सक्रिय मरीजों की संख्या 747 हो गई है। इनमें से 98 प्रतिशत से अधिक मरीजों में कोरोना के लक्षण या तो बहुत हल्के हैं या फिर दिख ही नहीं रहे हैं। ऐसे में 730 संक्रमित लोगों को होम आईसोलेशन में रखा गया है। इनमें कम सीटी वैल्यू वालों की जिनोम सिक्रेंसिंग की जाएगी। कोविड अस्पताल के क्रिटिकल केयर इंचार्ज डॉ टीके सक्सेना ने बताया कि अस्पताल में चार संक्रमित भर्ती हैं। सभी ऑब्जर्वेशन में हैं, अभी तक किसी भी मरीज को वेंटिलेटर और ऑक्सीजन सपोर्ट की जरूरत नहीं पड़ी है। संक्रमण के असर को जानने के लिए सभी मरीजों का हाई रेजोल्यूशन कॉम्प्यूटेड टोमोग्राफी एचआरसीटी और चेस्ट एक्स-रे भी कराया गया था। कुछ मरीज जेपी, मेट्रो, फोर्टिस और कैलाश में भी भर्ती हैं। सभी की हालत स्थिर बताई गई है। सभी में हल्के लक्षण हैं। वहीं गाजियाबाद में पिछले 24 घंटे के भीतर 74 नए केस मिले हैं। गाजियाबाद में बीते 24 घंटे के भीतर 4626 एंटीजन जांच हुई। इसमें 74 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। इनमें पांच बच्चे भी शामिल हैं। 4 मरीज विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं और बाकी होम आइसोलेटेड हैं। गाजियाबाद में अब कोरोना के एक्टिव केस 393 हो गए हैं, जबकि इस महीने में कुल केस 868 मिल चुके हैं। बीते महीने यानि मई में कोरोना के 938 केस आए थे।

### अलग-अलग स्थानों में तीन बच्चे लापता

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले में विभिन्न जगहों पर रहने वाले तीन बच्चे लापता हो गए हैं। इस बाबत उनके परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि सलारपुर कॉलोनी में रहने वाले विजय ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके दोनों बेटे ऋषभ (8) और हरिशंकर (12 वर्ष) शुक्रवार से लापता हैं। कुमार ने बताया कि विजय की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और बच्चों की तलाश के लिए दो टीमें बनाई गई हैं। बच्चों को जल्द बरामद कर लिया जाएगा। कुमार के मुताबिक, सेक्टर 39 थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव से 14 वर्षीय किशोर निशांत दो दिन से लापता है और उसकी मां ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गाजियाबाद के मंदिर के कमरे में हथियार फैक्ट्री पकड़ी

- 29 तमंचों सहित तीन तस्कर गिरफ्तार, वेस्ट यूपी में थे सप्लाई

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**गाजियाबाद** की निवाड़ी थाना पुलिस ने शनिवार को अवैध हथियार बनाने और बेचने की फैक्ट्री पकड़ी है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनसे 29 अवैध हथियार तमंचे और अन्य उपकरण मिले हैं।

एसपी देहात ईरज राजा के अनुसार, यह फैक्ट्री गांव पतला से खिंदोड़ा जाने वाले रास्ते पर एक मंदिर के पुराने कमरे में चल रही थी। आरोपियों की पहचान अनस उर्फराजा निवासी अर्थला गाजियाबाद, अरसलान निवासी महलका मेरठ और लवी निवासी नंदलोई अलीगढ़ के रूप में हुई है। इस गिरोह का मास्टरमाइंड लवी है। यह पहले भी अलीगढ़ के थाना लोधा से जेल जा चुका है। पुलिस ने बताया कि मौके से 315 बोर के 9 तमंचे, 20 तमंचे अधबने और तमंचे बनाने के उपकरण मिले हैं। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वह पूर्व में मेरठ के हथियार सप्लायरों से हथियारों की सप्लाई लेते थे। बाद में इन्होंने गाजियाबाद के जंगल मेंफैक्ट्री खोल ली और हथियार असेंबल करके सप्लाई शुरू कर दी।

# कटहल खराब निकलने पर सब्जी वाले की हत्या

- ठेले पर रखे एलईडी लाइट से किया सिर पर वार, मौके से फरार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




**मामला** मधुबन थानाक्षेत्र के मरोटा गांव का है। एक व्यक्ति ने सब्जी बेचने वाले व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया है। आरोपी ने ठेले पर लगी एलईडी लाइट के स्टैंड से व्यक्ति के सिर पर तब तक वार किया, जब तक सब्जी वाला बेहोश ना हो गया।

मृतक के बेटे ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर फरारा आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। अनिल कुमार 38 हरदोई का निवासी था, जो करीब 20 वर्ष से मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र के गांव मरोटा में रहता था। वह सब्जी का ठेला लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था।

अनिल के ठेले पर गांव का ही एक व्यक्ति संदीप त्यागी सब्जी खरीदने के लिए आया। संदीप त्यागी उससे कटहल लेकर गया था। मिली जानकारी के मुताबिक संदीप त्यागी ने सब्जी वाले अनिल कुमार से जो कटहल खरीदा था, वो खराब निकल गया। जिाके बाद वो वापस ठेले पर गया और खराब सब्जी देने का आरोप लगाया। जिसके बाद अनिल कुमार उसको पैसे वापस देने के लिए तैयार हो गया, लेकिन फिर भी संदीप के गुस्से में कोई कमी नहीं थी। जिससे संदीप त्यागी ने सब्जी बचने वाले व्यक्ति अनिल कुमार के ठेले पर लगी एलईडी लाइट के स्टैंड से अनिल कुमार के सिर पर कई बार वार किया।

अनिल कुमार के परिजनों का आरोप है कि संदीप ने सब्जी वाले के सिर पर तब तक वार किया, जब तक वह बेहोश होकर जमीन पर नहीं गिरा। जब अनिल कुमार जमीन पर गिर गया तो आरोपी संदीप त्यागी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद परिवारवालों ने घायल को नोएडा के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर इलाज के दौरान व्यक्ति की मौत हो गई है।

# 15 बिल्डर और 13 संस्थागत आवंटियों को नोटिस जारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**यमुना** एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने 7000 किसानों को 64.7 प्रतिशत की दर से मुआवजा देना है प्राधिकरण बकायेदार आवंटियों को नोटिस भेज रहा है।

सीईओ अरुणवीर सिंह ने कहा कि जिन बिल्डरों और संस्थागत आंवटियों पर करीब 3000 करोड़ रुपये बकाया है। उनको नोटिस जारी किया गया है। ऐसे करीब 15 बिल्डर है। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार 3 महीनों में किसानों को अतिरिक्त मुआवजा दिया जाना है। जो बकायेदार पैसा जमा नहीं करेगा, उसके जमीन का आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा। एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने यमुना एक्सप्रेस.वे प्राधिकरण के किसानों को अतिरिक्त मुआवजा देने का आदेश दिया है।

सबसे ज्यादा पैसा बिल्डरों से वसूला जाएगा। 15 बिल्डरों से 1600 करोड़ रुपये और संस्थागत के 13 बड़े आवंटियों से 600 करोड़ रुपये अधिक वसूला जाएगा। इनमे शकुंतला वेलफेयर सोसाइटी और जीएल बजाज जैसे आवंटी शामिल हैं।

# दुकानों का किराया बढ़ाने के विरोध में व्यापारियों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**बढ़े** किराए और दुकानों के नामांत्रण शुल्क के विरोध में महानगर उद्योग व्यापार मंड़ल ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। आंदोलन की अगुवाई महानगर अध्यक्ष गोपीचंद ने की।

निगम द्वारा दुकानों का किराया आवंटन होने से अब हर वर्ष 10 प्रतिशत बढ़ाने और नामांत्रण शुल्क बढ़ाकर तीन लाख रुपये करने का व्यापारी विरोध कर रहे है। कल मंडल की और से घंटाघर के पास धरना दिया गया था। सिटी मजिस्ट्रेट ने जिले में धारा 144 लगी होने का हवाला देकर उसे समाप्त करा दिया था। इसके बाद व्यापारियों ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। बाद में उन्होंने डीएम को संबोधित एक ज्ञापन दिया। निगम बोर्ड की बैठक में सभी 1702 दुकानों का किराया प्रति वर्ष दस प्रतिशत की दर से बढ़ाने और नामांत्रण शुल्क बढ़ाकर तीन लाख करने का विरोध किया गया। मंडल का कहना है कि दोनों ही फैसले न्यायोचित नहीं है। निगम ने पहले नामांत्रण शुल्क 100 तय किया था। अब उसे बढ़ाकर तीन लाख कर व्यापारियों के संग भेदभाव किया।

# नोएडा चौराहों पर शराब पीने पर 796 लोगों का चालान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** में खुलेआम सड़कों, चौराहों और बीच बाजार शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की।

शुक्रवार रात स्पेशल ऑपरेशन के तहत पुलिस ने 796 लोगों पकड़कर शांतिभंग में चालान कर दिया। इन सभी के नाम, पता, मोबाइल नंबर और फोटो पुलिस ने अपने रिकॉर्ड में दर्ज किए हैं। दोबारा सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले लोगों के खिलाफ विशेष अभियान चला रखा है। शाम होते ही पुलिस सड़कों, चौराहों और बाजारों में सक्रिय हो जाती है। रेहड़ी, पटरी, खोखों के आसपास पार्क में और सड़क किनारे कारों में बैठकर सार्वजनिक रूप से शराब पीने वाले लोगों की धरपकड़ की जा रही है। पिछले एक महीने के दौरान ऐसे करीब 3000 लोगों को गौतमबुद्धनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन सभी के खिलाफ आईपीसी की धारा 290 के तहत कार्रवाई की गई है।


वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चलाता पुलिसकर्मी।

# तुस्याना घोटाला: यूपी शासन ने अफसरों से मांगी रिपोर्ट

- जल्द ग्रेटर नोएडा आ सकती है हाईपावर कमेटी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




**ग्रेटर** नोएडा के तुस्याना गांव में करीब 100 करोड़ का घोटाला हुआ है। यूपी शासन के आदेश पर इस मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी का गठन हुआ है, जो जांच कर रही है।

इस मामले में सूचना मिल रही है कि आगामी 48 घंटे के भीतर जिले में एक बार फिर एसआईटी टीम आ सकती हैं। राजस्व परिषद के अध्यक्ष संजीव मित्तल की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय कमेटी इस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। कमेटी में एडीजी जोन मेरठ और कमिश्नर मेरठ भी शामिल हैं। दरअसल, ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण क्षेत्र के तुस्याना गांव में वर्ष 2014 से लेकर 2017 तक भूमाफि याओं के गठजोड़ ने सरकारी जमीन हड़प ली। करीब 100 एकड़ जमीन कुछ स्थानीय लोगों की मिलीभगत से अपने नाम कर ली गई। इसमें राजस्व विभाग के कर्मचारी शामिल रहे। ग्राम पंचायत से ताल्लुक रखने वाले पदाधिकारी भी इस घोटाले में शामिल बताए जा रहे हैं। इसके बाद जमीन ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण को बेच दी गई। प्राधिकरण से करीब 100 करोड रुपये मुआवजा ले लिया गया। कुछ ग्रामीणों ने वर्ष 2018 के आखिर में तत्कालीन जिलाधिकारी बीएन सिंह से इस मामले की शिकायत की। बताया कि भूमाफि या ने सरकारी जमीन का मुआवजा अथॉरिटी से उठाया है। जिलाधिकारी ने मामले में जांच का आदेश दिया। जांच रिपोर्ट में ग्रामीणों की शिकायतों को सही पाया गया है। वर्ष 2019 में तत्कालीन जिलाधिकारी ने रिपोर्ट शासन को कार्यवाही के लिए भेजी थी। जिसके बाद इस मामले में शासन ने एक हाईपावर कमेटी का गठन किया है।

राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव सुधीर गर्ग ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर जिले की दादरी तहसील के गांव तुस्याना में खाता संख्या 1104, 480, 1106 और 1105 में सरकारी भूमि निहित थी। इस सरकारी भूमि को भूमाफियाओं ने हड़प लिया और ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण से 100 करोड़ रुपये का मुआवजा उठाया गया है। इस मामले में राजस्व परिषद के अध्यक्ष संजीव कुमार मित्तल की अध्यक्षता में एक हाईपावर जांच समिति गठित की गई है।

# सेक्टर 18 व 20 के पॉकेट मयूरी-नंदिनी के नाम से जाने जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**यमुना** प्राधिकरण ने अपने आवासीय सेक्टरों के पॉकेटों के नाम तय कर दिए हैं। आवासीय सेक्टर-18 व 20 के पॉकेट आराध्या, गोवर्धनी, मयूरी खंड, नंदिनी, मंगला, धारा आदि खंड के नाम से जाने जाएंगे। सेक्टर.18 में 26 और सेक्टर-20 में 19 पॉकेट हैं। सेक्टरों में बसावट के साथ ही ये नाम भी चलन में आ जाएंगे।

यीडा ने अपने शहर का नामकरण पहले ही कर चुका है। यह शहर यीडा सिटी के नाम से जाना जाएगा। प्राधिकरण ने सेक्टरों के पॉकेटों का भी नामकरण कर दिया है। गौतमबुद्ध नगर में इसकी शुरुआत ग्रेनो प्राधिकरण ने की थी। ग्रेनो के सेक्टरों में पॉकेट के नाम पेड़.पौधों के नाम से जाने जाते हैं। अब यीडा अपने आवासीय सेक्टर-18 और सेक्टर.20 के पॉकेट नदी के पर्यायवाची व अन्य नाम दिए हैं। इन नामों में आध्यत्मिक एहसास भी होता है। पॉकेट-1, को कालिंदी खंड, 1बी को यमुना खंड, 6 डी को मयूरी खंड, 7 ए को नन्दनी खंड, 7 बी को रागिनी खंड, व पॉकेट जे को मनोहरा खंड का नाम दिया गया है। आवासीय सेक्टर-20 पॉकेट ए को सारंगी खंड, पॉकेट बी को जीवा खंड, सी को मंगला खंड, पी को प्रवाहिनी खंड, क्यू को तन्वी खंड, आर को रुक्मिणी खंड, एस भव्या खंड, टी प्रतिमा खंड और पॉकेट यू को विशाखा खंड का नाम दिया गया है।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष
दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में भागदौड़ रहेगी। नौकरी में तरक्की के योग हैं। बेरोजगारों को जॉब के अवसर मिलेंगे। छात्र सफलता से प्रसन्न रहेंगे। धन का अनावश्यक खर्च होने की संभावना रहेगी। स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। खान-पान का ध्यान रखें। धार्मिक आयोजन में भाग लेने से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दांपत्य जीवन सुखमय होगा। किसी बात तनाव भी मिल सकता है। नयी योजनाएं आगे बढ़ेंगी।

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

**भाग्यांक :** 4
**विशेष :** गुड़ का दान करें।

### वृष
दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा। कार्य-विस्तार की योजना बना सकते हैं। नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। आकस्मिक धनागमन की संभावना रहेगी। परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। दोस्तों और परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। सेहत अच्छी रहेगी। परिवार का माहौल सुखमय रहेगा। यात्रा को टालें।

(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

**भाग्यांक :** 4
**विशेष :** अनार का दान करें।

### मिथुन
दिन अच्छा रहेगा। धन के आगमन की संभावना रहेगी। आर्थिक आयोजन सफल कर सकेंगे। धार्मिक कार्यों में अधिक समय व्यतीत करेंगे। छात्रों को सफलता की प्राप्ति होगी। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकते हैं। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। स्वास्थ्य सुख बेहतर रहेगा। नए अनुबंध का प्रयास फलीभूत होगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। नयी योजनाएं आगे बढ़ेंगी।

(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

**भाग्यांक :** 2
**विशेष :** कुत्ते को दूध रोटी खिलाएं।

### कर्क
दिन शुभ रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा, पारिवारिक सदस्य से तनाव भी मिल सकता है। व्यवसाय कार्य सफल होंगे। पुराने दोस्तों से मुलाकात हो सकती है, जो लाभदायक रहेगी। कार्यभार बढ़ने से शारीरिक और मानसिक थकान का अनुभव कर सकते हैं। सेहत अच्छी रहेगी। यात्रा पर जा सकते हैं।

(ही, हूं, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

**भाग्यांक :** 5
**विशेष :** धर्म स्थल पर देसी घी का दान करें।

### सिंह
दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में नए अवसर प्राप्त होंगे। कारोबार में धनलाभ की स्थिति रहेगी, कार्यभार अधिक रहेगा और कड़ा परिश्रम करना पड़ेगा। सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में शामिल हो सकते हैं। समाज में सम्मान बढ़ेगा। क्रोध पर नियंत्रण और वाणी पर संयम रखें। बेवजह विवाद की संभावना रहेगी। परिजनों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे जिन कामों को करने के लिए चुनेंगे, वे उम्मीद से ज्यादा फायदा देंगे।

(मा, मी, मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

**भाग्यांक :** 3
**विशेष :** सूर्य देवता को जल अर्पित करें।

### कन्या
दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में भागदौड़ रहेगी। कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं, चुनौतियों का सामना भी करना पड़ेगा। अनावश्यक खर्च बढ़ने से आर्थिक स्थिति कमजोर होगी। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। परिवार का भरपूर सहयोग मिलेगा। दाम्पत्य जीवन में खुशहाली रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धार्मिक यात्रा पर जाने के योग बनेंगे। आज लोगों से मेल-जोल भरा दिन रहेगा और वे आपसे राय भी मांगेंगे।

(टो, पा, पी, पू, ष, श, ण, ठ, पे, पो)

**भाग्यांक :** 2
**विशेष :** भूरे रंग की चीटियों को देसी खांड डालें।

### तुला
दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। धन के आगमन से मन प्रफुल्लित होगा। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। पारिवारिक दायित्वों का ठीक से निर्वहन कर सकेंगे। किसी की बात का बुरा लग सकता है। परिवार में कलह होने की संभावना रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरूरत है। धन के लेन-देन से बचें। साथी के प्रति प्रेमभाव रहेगा।

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते,)

**भाग्यांक :** 4
**विशेष :** सूर्य के मंत्रों का जाप करें।

### वृश्चिक
दिन संघर्षमय रहेगा। कार्यभार की अधिकता रहेगी। कठिन परिश्रम से कार्य सफल होंगे। रुके हुए कार्य भी पूर्ण होंगे। प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। शारीरिक रूप से थकान हो सकती है। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। खान-पान का ध्यान रखें। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा है। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाने से बचें। शारीरिक रूप से तंदरुस्त रहेंगे।

तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

**भाग्यांक :** 6
**विशेष :** गले में लाल रंग का धागा धारण करें।

### धनु
दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा। कार्य विस्तार की योजना बना सकते हैं, सफलता मिलेगी। सहयोगियों का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी करने वालों को संघर्ष करना पड़ सकता है। क्रोध पर नियंत्रण रखें, अन्यथा विवादों में फंस सकते हैं। दूसरों से सहयोग से कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। वैवाहिक जीवन सुखमय होगा। सेहत का ख्याल रखें। यातायात नियमों का अच्छे से पालन करें।

(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

**भाग्यांक :** 3
**विशेष :** भगवान सूर्य देव को लाल गुलाब के फूल अर्पित करें।

### मकर
दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में विस्तार की संभावना रहेगी और आय प्राप्ति के नए अवसर मिल सकते हैं। कारोबार में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे, आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मेहनत से उच्चाधिकारी को प्रसन्न रख सकेंगे। छात्र सफलता प्राप्त करेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सेहत भी अच्छी रहेगी। अचानक से धन प्राप्त हो सकता है।

(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

**भाग्यांक :** 3
**विशेष :** छेद वाला तांबे का सिक्का गले में धारण करें।

### कुंभ
दिन मिला-जुला रहेगा। आदमनी के नए स्रोत मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अधिक परिश्रम से सफलता मिलेगी। अनावश्यक खर्च बढ़ने से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव करेंगे। क्रोध पर नियंत्रण और वाणी पर संयम रखें। वाद-विवाद में उलझ सकते हैं। व्यावसाय विस्तार की योजना में सफलता प्राप्त करेंगे। हितकारी ग्रह कई ऐसे कारण पैदा करेंगे, जिनसे आप खुशी महसूस करेंगे।

(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)

**भाग्यांक :** 1
**विशेष :** मांसाहार का त्याग करें।

### मीन
दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में उन्नति की संभावना रहेगी। आय प्राप्ति के नये स्रोत बन सकते हैं। रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। कार्यभार बढ़ने से बहुत व्यस्त रह सकते हैं। यात्रा की योजना बनेगी। वैवाहिक जीवन सुखी रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें, बेवजह विवाद में फंस सकते हैं। सेहत को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। लोग आपसे राय मांगेंगे और जो भी आप कहेंगे, उसे बिना सोचे मान भी लेंगे।

(दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

**भाग्यांक :** 7
**विशेष :** वृक्षारोपण करें।

**नोट :** कुंडलियों व राशियों के ग्रहों के आधार पर जीवन में घटित हो रही घटनाओं में भिन्नता हो सकती है। जानकारी के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।

# एक माह का अंतर होने पर दोनों प्रतियोगिताओं में भाग लूंगा : बजरंग

## लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप से पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करना है

**एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप**

**एजेंसी।** नई दिल्ली



भारत के शीर्ष पहलवान बजरंग पुनिया ने शनिवार को कहा कि अगर स्थगित किए गए एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप के बीच कम से कम एक महीने का अंतर होता है तो वह अगले साल इन दोनों प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।

चीन में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के कारण एशियाई खेल 2022 को स्थगित कर दिया गया था और आयोजकों ने अभी तक इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता की नई तारीखों की घोषणा नहीं की है। विश्व चैंपियनशिप सितंबर 2023 में रूस में होगी और वह ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। बजरंग ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के सम्मान समारोह के दौरान वर्चुअल बातचीत में कहा, 2023 महत्वपूर्ण वर्ष है। मेरा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप से पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करना रहेगा। हमें अभी नहीं पता कि एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप के बीच कितना अंतर रहेगा।

उन्होंने कहा, लेकिन यदि दोनों के बीच एक या डेढ़ महीने का समय होता है, तो मैं दोनों में भाग लूंगा। तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले 28 वर्षीय बजरंग पिछली गलतियों से परेशान नहीं होना चाहते हैं और अपना ध्यान पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने पर लगाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं चोटिल हो गया था और ओलंपिक के बाद आठ महीनों तक इससे उबर रहा था। ओलंपिक किसी भी खिलाड़ी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। स्वर्ण नहीं जीत पाना झटका था, लेकिन फिर भी मैंने कांस्य पदक जीता। विश्व में 65 किग्रा सबसे मुश्किल भार वर्ग है। बजरंग ने कहा, ओलंपिक पदक जीतने के बाद मैं जरा भी नहीं बदला हूं। मेरा लक्ष्य 2024 में बेहतर प्रदर्शन करना है। मैं फिर से अभ्यास कर रहा हूं। भारत ने पिछले चार ओलंपिक में कुश्ती में पदक जीते हैं। कांस्य और रजत जीते हैं लेकिन स्वर्ण नहीं।

### राष्ट्रमंडल खेलों के लिए आज अमेरिका होंगे रवाना

बजरंग राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों के सिलसिले में रविवार को अमेरिका रवाना होंगे। विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता ने कहा कि जब वह बाहर अभ्यास करते हैं तो उन्हें अभ्यास के लिए बेहतर साथी मिल जाता है। उन्होंने कहा, मैं मिशिगन विश्वविद्यालय में अभ्यास करूंगा। कई शीर्ष पहलवान वहां अभ्यास करते हैं। जैसे मैं 70 किग्रा में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी (एर्नाजर अकमातालिव, किर्गिस्तान) के साथ अभ्यास करूंगा। ओलंपिक में 86 किग्रा का पदक विजेता भी वहां होगा। इसलिए मुझे वहां अभ्यास करना पसंद है।

## संक्षिप्त समाचार

### गौरव गिल डब्ल्यूआरसी सफारी रैली से बाहर



**नई दिल्ली।** भारत के अर्जुन पुरस्कार विजेता चालक गौरव गिल को विश्व रैली चैम्पियनशिप (डब्ल्यूआरसी) सफारी रैली कीनिया में शानदार शुरुआत के बाद इंजन में खराबी के कारण बाहर होना पड़ा। तीन बार के एशिया पैसिफिक रैली चैंपियन और सात बार भारतीय राष्ट्रीय रैली चैम्पियनशिप जीतने वाले गिल का वाहन धूल में फंस गया जिससे उनका इंजन खराब हो गया। गिल ने डब्ल्यूआरसी-दो के पहले और तीसरे चरण में जीत दर्ज की थी और उन्हें यहां खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। इस रैली को दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण रैंलियों में से एक माना जाता है। गिल ने कहा, मैं इस रैली से बाहर होने पर निराश हूं, लेकिन अन्य आयोजनों की तरह मेरे लिए यह शानदार अनुभव था।

### चिली से 1-3 से हारी भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम



**एक्विलेया।** भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम बेहतर प्रदर्शन के बावजूद यहां चार देशों के टूर्नामेंट के दूसरे मैच में चिली से 1-3 से हार गई। अपने शुरुआती मैच में इटली की टीम 0-7 से हारने के बाद भारतीय टीम इस मैच में उतरी थी। दोनों टीम की धीमी शुरुआत के बावजूद भारत को डिफेंडर नाकेता के प्रयास से बढ़त हासिल करने का मौका मिला, लेकिन उनकी फ्री-किक पर चिली ने गोल नहीं होने दिया। कैटरीन रामोस ने 11वें मिनट में चिली की तरफ से पहला गोल किया जबकि मैटी ने 19वें मिनट में उसकी बढ़त दोगुनी कर दी। चिली मध्यांतर तक 2-0 से आगे था। भारत दूसरे हॉफ में वापसी के लिए बेताब दिखा और नेहा के पास पर काजोल गोल करने में सफल रही। चिली की अंबर रोलिनो ने हालांकि 67वें मिनट में अपनी टीम के लिए तीसरा गोल करके भारत की वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

### मोहन बागान ने फ्लोरेंटिन से करार किया

**कोलकाता।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब एटीके मोहन बागान (एटीकेएमबी) ने शनिवार को सेंटर बैक फ्लोरेंटिन पोग्बा से करार किया जो 2018 विश्व कप विजेता फ्रांस टीम के मिडफील्डर पॉल पोग्बा के भाई हैं। इक्कतीस साल के पोग्बा ने क्लब के बयान में कहा, एटीके मोहन बागान जैसे बड़े क्लब के साथ जुड़कर अच्छा महसूस हो रहा है। मुझे गर्व हो रहा है कि क्लब की विरासत इसकी जर्सी है और मैं हरी और महरून रंग की जर्सी पहनने के लिए बेताब हूं। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए एक नई चुनौती है। इससे मुझे देश, नई चैम्पियनशिप और कई क्लबों को जानने का मौका मिलेगा। यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। क्लब इससे पहले आस्ट्रेलिया की ए लीग के स्टार डिफेंडर ब्रैंडन हामिल से करार कर चुका है जिससे सितंबर में एएफसी कप अंतरक्षेत्रीय सेमीफाइनल में उनका रक्षण मजबूत होगा।

### लाहिड़ी लगातार तीसरे टूर्नामेंट में कट से चूके

**क्रोमवेल (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी की चुनौती यहां ट्रैवलर्स चैम्पियनशिप में दूसरे दौर में ही समाप्त हो गई जिसमें वह बैक नाइन में दो बोगी के कारण कट से चूक गए। लाहिड़ी ने तीन ओवर 73 के कार्ड में चार बर्डी, तीन बोगी और दो डबल बोगी की। इससे 36 होल में उनका कुल स्कोर तीन ओवर का रहा जिससे वह पांच शॉट से कट से चूक गए। कट दो अंडर का था। लाहिड़ी इस तरह लगातार तीसरे टूर्नामेंट में कट में जगह नहीं बना सकें वह अमेरिकी पीजीए चैम्पियनशिप और मेमोरियल में भी कट से चूक गए थे।

### अदिति अशोक ने वापसी करते हुए कट में प्रवेश किया

**बेथेस्डा (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने अंतिम तीन होल में दो बर्डी लगाकर समय पर वापसी करते हुए एक अंडर 71 का कार्ड खेला और यहां महिला पीजीए चैम्पियनशिप के कट में जगह बनाई। अदिति ने पहले दौर में 76 का कार्ड खेला था और वह 15 होल के बाद एक ओवर पर चल रही थी जिससे उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा था। लेकिन अंतिम तीन होल में दो बर्डी लगाने से वह टूर्नामेंट में बनी रहीं। तीन ओवर से वह संयुक्त 54वें स्थान पर थीं और 72 खिलाड़ियों ने कट हासिल किया।

### हार्दिक ने कहा, मैदान में कप्तानी का आनंद लेता हूं

**मालाहाइड (आयरलैंड)।** इंडियन प्रीमियर लीग में पदार्पण सत्र में गुजरात टाइटन्स को खिताब दिलाने वाले हार्दिक पंड्या ने स्वीकार किया कि जिम्मेदारी आने से वह क्रिकेट के मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। हार्दिक को रविवार से यहां आयरलैंड के खिलाफ शुरू हो रही दो मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का कप्तान चुना गया है। इस आल राउंडर ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा, पहले भी मुझे जिम्मेदारी लेने में मजा आता था और अब भी ऐसा ही है लेकिन अब थोड़ी ज्यादा जिम्मेदारी आ गई है। मेरा हमेशा मानना है कि मैंने जिम्मेदारी लेने के बाद बेहतर किया है। हार्दिक ने कहा, अगर मैं अपनी चीजों की जिम्मेदारी लेता हूं और अपने फैसले करता हूं तो वे मजबूत होते हैं। क्रिकेट इस तरह का खेल है जिसमें अलग अलग परिस्थितियों के दौरान मजबूत बने रहना बहुत अहम है। उन्होंने कहा, मुझे हमेशा जब भी जिम्मेदारी दी गई तो मैंने इसे संभाला इसलिए ही मैं बेहतर बना। कप्तानी करते हुए मैं देखूंगा कि में प्रत्येक खिलाड़ी को यही जिम्मेदारी कैसे दे सकता हूं। दो करिश्माई कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली के नेतृत्व में खेलने से हार्दिक ने अगुआई करने की काबिलियत सीखी लेकिन उनका कहना है कि हर कप्तान का अपना तरीका।

## हरमनप्रीत ने तोड़ा मिताली राज का रिकॉर्ड

# हरमनप्रीत की अगुवाई में भारत ने श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला जीती

## श्रीलंका की टीम सात विकेट पर केवल 125 रन बना सकी

**तीसरा और अंतिम मैच सोमवार को खेला जाएगा**

**एजेंसी।** दाम्बुला



कप्तान हरमनप्रीत कौर के गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शनिवार को यहां दूसरे ट्वेंटी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रीलंका को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला जीत ली।

अनुभवी उप कप्तान स्मृति मंधाना (34 गेंद में 39 रन) के अलावा शेफाली वर्मा (10 गेंद में 17 रन) और सभिनेनी मेघना (10 गेंद में 17 रन) की मदद से भारत ने 126 रन का लक्ष्य 19.1 ओवर में हासिल कर लिया। लक्ष्य इतना बड़ा भी नहीं था, लेकिन भारतीय टीम इस आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ा गई जिसके बाद हरमनप्रीत ने 32 गेंद में नाबाद 31 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। श्रीलंका ने अच्छी शुरुआत की लेकिन वह सात विकेट पर 125 रन ही बना सकी। तीसरा और अंतिम टी20 मैच सोमवार को यहां खेला जाएगा। मंधाना टी20 में 2,000 रन तक पहुंचने वाली दूसरी सबसे तेज भारतीय महिला क्रिकेटर बन गई, जिससे दिन यादगार बन गया। मंधाना ने अपनी 84वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल की, वह महान क्रिकेटर मिताली राज (70 पारियों) और मौजूदा कप्तान हरमनप्रीत कौर (88 पारियों) के बाद यह कारनामा हासिल करने वाली तीसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बन गईं। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम ने कप्तान चामरी अटापट्टू (41 गेंद में 43 रन) और विषमी गुणरत्ने (50 गेंद में 45 रन) की मदद से आदर्श शुरुआत की। इन दोनों ने श्रीलंका के लिए पहले विकेट के लिए टी20 में 87 रन की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी निभाई जिससे भारतीय गेंदबाज विकेट लेने के लिए बेताब दिखीं।



लेकिन अटापट्टू और गुणरत्ने के आउट होने के बाद श्रीलंका ने लगातार विकेट गंवा दिए और टीम इतना कम स्कोर बना पाई। दीप्ति शर्मा (चार ओवर में 34 रन देकर दो विकेट) निश्चित रूप से सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहीं लेकिन राधा यादव और पूजा वस्त्राकर ने भी गेंद से अच्छे प्रदर्शन के बूते भारत को शिकंजा कसने में मदद की।

### मजबूत शुरुआत के बाद लड़खड़ाई श्रीलंका की पारी

श्रीलंका की ओर से विशमी गुणारत्ने और चमारी अटापट्टू ने पहले विकेट के लिए 87 रनों की पार्टरनशिप कर टीम को मजबूत शुरुआत दी। लेकिन, इन दोनों के आउट होने के बाद टीम लड़खड़ा गई और 20 ओवर में सात विकेट खोकर 125 रन ही बना सकी। गुणारत्ने ने 45 और अटापट्टू ने 43 रन बनाए।

### मंधाना और शेफाली ने की तेज शुरुआत

साधारण टारगेट का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत तेज रही। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने 3.4 ओवर में ही 30 रनों की साझेदारी कर डाली। हालांकि, शेफाली बड़ी पारी नहीं खेल सकीं और 10 गेंदों पर 17 रन बनाकर आउट हो गईं। सभीनेनी मेघना भी 17 रन बनाकर आउट हुईं। मंधाना ने अपनी पारी में 34 गेंदों का सामना किया और आठ चौके जमाए। बाद में हरमनप्रीत ने 32 गेंदों पर 31 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।



# नीरज को डायमंड लीग मीट में मिलेगी कड़ी चुनौती

**ओलंपिक के तीनों पदक विजेता एक साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे**

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**ओलंपिक** भाला फेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा को स्टॉकहोम में 30 जून को प्रतिष्ठित डायमंड लीग मीट में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। इस टूर्नामेंट से उन्हें अगले महीने अमेरिका के यूजीन में होने वाली विश्व चैंपियनशिप की तैयारियों के बारे में भी पता चलेगा।

तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले 24 साल के नीरज ने इस सत्र में अच्छी शुरुआत की है। फिनलैंड में कुओर्टेन खेलों में 18 जून को सत्र की अपनी पहली जीत हासिल करने के बाद वह आत्मविश्वास के साथ स्वीडन की राजधानी पहुंचेंगे। इस महीने उन्होंने ग्रेनाडा के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स को दो बार हराया है। इस भारतीय सुपरस्टार ने 14 जून को फिनलैंड के तुर्कू में पावो नूरमी खेलों में 89.30 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड थ्रो के साथ सत्र की अपनी पहली प्रतियोगिता में रजत पदक जीता था। नीरज इसके बाद कुओर्टेन खेलों में अपने तीसरे प्रयास के दौरान बुरी तरह गिर गए थे, लेकिन उन्हें कोई चोट नहीं लगी। भाला फेंक के लिए वहां हालात खतरनाक थे क्योंकि बारिश के कारण रन-अप पर फिसलन थी। उनका 86.64 मीटर का पहले दौर का थ्रो हालांकि उन्हें स्वर्ण दिलाने के लिए काफी था।

स्टॉकहोम में प्रतिभागियों की सूची में पीटर्स का भी नाम है लेकिन दोहा डायमंड लीग में 93.07 मीटर के शानदार प्रयास के साथ सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला यह खिलाड़ी लय में नहीं हैं। उन्होंने बुधवार को फिनलैंड के ओरिमत्तिला में एक स्पर्धा में अपने सभी थ्रो पूरे नहीं किए। यहां उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास महज 71.94 मीटर का था। उन्होंने पावो नूरमी खेलों में 86.60 मीटर और कुओर्टाने खेलों में 84.75 मीटर फेंका और दोनों जगह तीसरे स्थान पर रहे। मौजूदा सत्र में यह पहली बार होगा जब तोक्यो ओलंपिक के तीनों पदक विजेता एक साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## मलिक को टी20 विश्व कप टीम में होना चाहिए : वेंगसरकर

**एजेंसी।** मुंबई



**उमरान** मलिक की तेज गेंदबाजी से प्रभावित भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर का मानना है कि जम्मू-कश्मीर के इस युवा गेंदबाज को इस साल होने वाले टी20 विश्व कप की टीम में चुना जाना चाहिए।

बेंगसरकर ने यहां संवाददाताओं से कहा, मुझे उम्मीद है क्योंकि वह (उमरान) एक बहुत शानदार प्रतिभा है। उसने आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया और वह एक मौके का हकदार है। मुझे उम्मीद है कि वह ऑस्ट्रेलिया जाने वाले विमान में होगा। टी20 विश्व कप को इस साल के अंत में अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में खेला जाना है। राष्ट्रीय चयन समिति के इस पूर्व अध्यक्ष ने कहा, वह युवा है और अच्छा करने के लिए उत्सुक है। आपको किसी ऐसे व्यक्ति को मौका देना चाहिए जो लय में हो। उमरान ने इस साल आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 14 मैचों में 22 विकेट लिए थे। उन्होंने हालांकि लगातार 95 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सुर्खियां बटोरी। इसका इनाम उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए टीम में जगह के साथ मिला। वह आयरलैंड दौरे पर गई टी20 टीम में भी शामिल है।

वेंगसरकर की 1983 विश्व कप विजेता टीम के साथी और भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी रोजर बिन्नी को भी लगाता है कि उमरान को तीनों प्रारूपों में मौका दिया जाना चाहिए।

## बीसीसीआई ने आस्ट्रेलियाई एस एंड सी संघ से करार किया

**बेंगलुरू।** ट्रेनिंग प्रणाली में एकरूपता लाने की मुहिम में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने देश में विश्व स्तरीय ट्रेनर (एस एंड सी कोच) का एक पूल बनाने के लिए आस्ट्रेलियाई स्ट्रेंथ एवं कंडिशनिंग संघ (एएससीए) से समझौता किया है। हाल में बीसीसीआई ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपना खेल विज्ञान वर्ग बनाया था, जिसकी जिम्मेदारी राष्ट्रीय टीम के पूर्व मुख्य फिजियो डाक्टर नितिन पटेल को दी गई। अब वे एक ऐसे कार्यक्रम के विचार के साथ आए हैं, जिससे बीसीसीआई में सभी स्तर पर फिटनेस ट्रेनर का ज्ञान बढ़ेगा।

बीसीसीआई ने राज्य इकाईयों के ट्रेनर के साथ जो जानकारी साझा की है उससे पता चला है कि अंडर-19 (पुरुष और महिला) से लेकर सीनियर राज्य टीमों और फिर राष्ट्रीय टीम तक एक ही तरह के ट्रेनिंग मॉड्यूल का अनुकरण किया जाए।

# सजन प्रकाश, श्रीहरि नटराज तैराकी में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे

## तैराकी स्पर्धाएं 29 जुलाई से तीन अगस्त तक होंगी

**राष्ट्रमंडल खेल**

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**साजन** प्रकाश और श्रीहरि नटराज की स्टार जोड़ी अगले महीने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) में चार सदस्यीय भारतीय तैराकी टीम का नेतृत्व करेगी। प्रकाश और नटराज के अलावा, तेजी से उभरते दिल्ली के तैराक कुशाग्र रावत और मध्य प्रदेश के अद्वैत पेज 28 जुलाई से आठ अगस्त तक ब्रिटेन के बर्मिंघम में होने वाले इन खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

भारतीय तैराकी महासंघ (एसएफआई) ने 2022 सीडब्ल्यूजी के लिए चार कोटा स्थान हासिल किए थे और राष्ट्रीय निकाय ने घोषणा की थी कि 2018 में गोल्ड कोस्ट सीडब्ल्यूजी में अपनी संबंधित स्पर्धाओं में छठा स्थान हासिल करने वाले तैराकों के बराबर समय निकाले वाले खिलाड़ियों को इस बार जगह देने पर विचार किया जाएगा। एसएफआई की महासचिव मोनल चोकसी ने कहा, एक साल की क्वालिफिकेशन अवधि में श्रीहरि, साजन, अद्वैत और कुशाग्र ने पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में छठे स्थान के परिणाम (समय) को हासिल किया है। एसएफआई ने यह कट ऑफ मानक तय किया है। अनुभवी प्रकाश 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में भारत के लिए पहले पदक की तलाश में होंगे, जिसके लिए उन्होंने छठा स्थान हासिल किया।

# आयरलैंड के खिलाफ गायकवाड़, सैमसन पर होंगी निगाहें

## मैच में टीम के कप्तान के रूप में नजर आएंगे पंड्या

**एजेंसी।** मलाहाइड (आयरलैंड)



**रुतुराज** गायकवाड़ और संजू सैमसन सहित भारत के दूसरी कतार में शामिल खिलाड़ियों को सीनियर क्रिकेटरों की वापसी से पहले आयरलैंड के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाली दो मैचों की टी20 श्रृंखला में खुद को साबित करने का एक और मौका मिलेगा, जिसमें हार्दिक पंड्या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कप्तानी की शुरुआत भी करेंगे।

ऋषभ पंत के इंग्लैंड में टेस्ट टीम में शामिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी कप्तानी से प्रभावित करने वाले पंड्या को टीम की कमान सौंपी गई है। रोहित शर्मा को विश्राम दिए जाने और केएल राहुल के चोटिल होने के बाद पंत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला में टीम की अगुवाई की थी। अब हार्दिक को जिम्मेदारी सौंपी गई है और गुजरात टाइटन्स के कप्तान के रूप में उनके शानदार प्रदर्शन से उनसे काफी उम्मीद की जा रही है। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण इस श्रृंखला में कोच की भूमिका निभा रहे हैं क्योंकि मुख्य कोच राहुल द्रविड़ टेस्ट टीम के साथ इंग्लैंड में हैं।

उनके अपने पूर्व साथी की रणनीति पर ही चलने की उम्मीद है। इन दोनों मैच से इस साल के आखिर में आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए कोर ग्रुप और अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले तीन मैचों के लिए टीम तैयार करने में मदद मिलेगी।

पंत और श्रेयस अय्यर के टेस्ट टीम में शामिल होने से आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में संजू सैमसन और दीपक हुड्डा जैसे खिलाड़ियों को मौका मिल सकता है। सैमसन कई मौके मिलने के बावजूद टी20 टीम में खुद को स्थापित नहीं कर पाए और ऐसे में उनके लिए मौका बेहद महत्वपूर्ण होगा।

### आयरलैंड की टीम नहीं छोड़ेगी कोई कसर

आयरलैंड के खिलाड़ी मजबूत भारत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके लोगों का ध्यान खींचने की कोशिश करेंगे। स्टीफन डोहेनी और कॉनर ओलफर्ट को एंड्र्यू बालबर्नी की अगुवाई वाली टीम में पहली बार जगह मिली है। बालबर्नी पहले ही कह चुके हैं कि रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति के बावजूद भारत की टीम बेहद मजबूत है।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, ईशान किशन, रुतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, दिनेश कार्तिक, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, हर्षल पटेल, अवेश खान, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक।

**आयरलैंड :** एंड्र्यू बालबर्नी (कप्तान), मार्क अडायर, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, स्टीफन डोहेनी, जोश लिटिल, एंड्र्यू मैकब्राइन, बैरी मैकार्थी, कॉनर ओल्फर्ट, पॉल स्टर्लिंग, हैरी टेक्टर, लोर्कन टकर, क्रेग यंग।

**मैच रात नौ बजे से शुरू होगा**

## गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया : मंधाना

**दाम्बुला।** भारत की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में शनिवार को यहां टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली गेंदबाजी इकाई की सराहना की। भारतीय टीम ने श्रीलंका को सात विकेट पर 125 रन पर रोकने के बाद पांच विकेट की जीत के साथ तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। श्रीलंका की टीम एक समय 14 ओवर में बिना किसी नुकसान के 87 रन पर थी लेकिन इसके बाद गेंदबाजों ने शानदार वापसी की। मंधाना ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, उन्होंने (गेंदबाजों) ने आज और पिछले मैच में वास्तव में अच्छा काम किया है। पिछले मैच में भी उन्होंने 139 रन के स्कोर का बचाव किया था। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम ने कप्तान चामरी अटापट्टू (41 गेंद में 43 रन) और विषमी गुणरत्ने (50 गेंद में 45 रन) की मदद से अच्छी शुरुआत की थी और इस दौरान भारतीय गेंदबाजों को संघर्ष करना पड़ा था।

## अभिषेक-ज्योति की जोड़ी ने पहला मिश्रित टीम स्वर्ण जीता

**तीरंदाजी विश्व कप**

**एजेंसी।** पेरिस



**फाइनल में फ्रांस के अनुभवी प्रतिद्वंद्वियों को हराया**

**अभिषेक** वर्मा और ज्योति सुरेखा वेन्नम की जोड़ी ने शनिवार को यहां विश्व कप के तीसरे चरण के फाइनल में फ्रांस के अनुभवी प्रतिद्वंद्वियों को हराकर कम्पाउंड मिश्रित टीम तीरंदाजी स्पर्धा में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया।

भारतीय जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए फ्रांस की जोड़ी जीन बौल्च और 48 वर्षीय ओलंपिक पदक विजेता सोफी डोडेमोंट करे करीबी मुकाबले में 152-149 से हराकर पीला तमगा हासिल किया। यह भारत का कम्पाउंड मिश्रित टीम में पहला विश्व कप का पहला स्वर्ण है। इस स्वर्ण पदक के साथ ही भारत ने विश्व कप के इस चरण में अपने पदक का खाता खोला। महिला रिकर्व टीम ने स्पर्धा में दूसरा पदक पक्का किया है, जहां दीपिका कुमारी, अंकिता भक्त और सिमरनजीत कौर की तिकड़ी रविवार को शीर्ष स्थान के लिए चुनौती पेश करेगी।

ज्योति को एशियाई खेलों के ट्रायल में नजरअंदाज कर दिया गया था।

उन्होंने सात महीने से अधिक समय के बाद टीम में वापसी कर जश्न इस पदक के साथ मनाया। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज यह तीरंदाज अभी एक और पदक की दौड़ में है। वह व्यक्तिगत सेमीफाइनल में बीजिंग ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता फ्रांस की दिग्गज सोफी से भिड़ेगी।

# भूपेंद्र हुड्डा की गारंटी फेल, अपने ही घर में हारे



सुभाष शर्मा
( लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं )

**गौरतलब है कि प्रदेश में हाल ही में 18 नगर परिषदों और 28 नगर पालिकाओं के चुनावी नतीजे आये हैं, जिसमें कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों का करीब-करीब सूपड़ा साफ ही साफ हो गया। यहां तक कि हुड्डा के गढ़ रोहतक, सोनीपत, झज्जर में भी कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार चुनाव हार गए। कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार केवल नारायणगढ़ व ऐलानाबाद में ही कुछ जलवा दिखा पाए, जबकि ज्यादातर सीटों पर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार तीसरे स्थान पर रहे।**

मंथन



हरियाणा में पिछले लम्बे समय से कांग्रेस पार्टी में यह घमासान मचा हुआ था कि जब तक पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा को कांग्रेस में फ्री हैंड नहीं दिया जाता, प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में वापसी नहीं कर सकती। हाईकमान ने आखिरकार भूपेंद्र हुड्डा के इन दावों और गारंटी को सही मानते हुए उनके समर्थक उदयभान को प्रदेश अध्यक्ष का पद देना और कुमारी सैलजा से इस्तीफा देने को कहा गया, जिसका सैलजा ने पालन भी किया। इतना ही नहीं नानजाट नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल के पुत्र कुलदीप बिश्नोई भी इस मुद्दे पर कांग्रेस से नाराज हो गए, जिस कारण राज्यसभा चुनावों में कांग्रेस उम्मीदवार अजय माकन मात्र एक वोट से चुनाव हार गए। अब हुड्डा को विरोध करने वाले नेता इस बात का जोर-शोर से उठा रहे हैं।

गौरतलब है कि प्रदेश में हाल ही में 18 नगर परिषदों और 28 नगर पालिकाओं के चुनावी नतीजे आये हैं, जिसमें कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों का करीब-करीब सूपड़ा साफ ही साफ हो गया। यहां तक कि हुड्डा के गढ़ रोहतक, सोनीपत, झज्जर में भी कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार चुनाव हार गए। कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार केवल नारायणगढ़ व ऐलानाबाद में ही कुछ जलवा दिखा पाए, जबकि ज्यादातर सीटों पर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार तीसरे स्थान पर रहे। हालांकि कांग्रेस ने पहले की तरह इस बार भी अपने उम्मीदवारों को सिम्बल पर नहीं उतारा था, जबकि भाजपा-जजपा गठबंधन ने अपने उम्मीदवारों को पार्टी सिम्बल पर उतारा था, इसके पीछे कारण यह बताया गया कि कांग्रेस स्थानीय निकाय के चुनावों में अपने सिम्बल पर चुनाव नहीं लड़ती क्योंकि इससे आपसी रिश्तों में खटास आती है, जबकि उनके विरोधियों का यह कहना है कि ऐसा नहीं है। कांग्रेस पार्टी में हिम्मत ही नहीं है कि वो अपने सिम्बल पर उम्मीदवार उतारे क्योंकि उन्हें पता है ऐसा करने पर हुड्डा का भ्रम टूट जाता है और उनकी पोल खुल जाती, जबकि अब नतीजों के बाद अपने बचाव में हुड्डा समर्थक यह कह रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी ने तो खुलकर चुनाव ही नहीं लड़ा, जबकि हकीकत यह है कि हुड्डा की गारंटी फेल हो गई, जो नेता यह दावा किया करते थे कि उन्हें प्रदेश में फ्री हैंड कर दो कांग्रेस को सत्ता में लाकर दिखाएंगे।

खैर अभी तक यह देखा जाए तो भूपेंद्र सिंह हुड्डा राज्यसभा चुनावों व स्थानीय निकाय चुनावों में पूरी तरह फेल साबित हुए हैं। प्रदेश के मतदाताओं से कांग्रेस पर भरोसा नहीं जताया। कांग्रेस के पूर्व नेता कुलदीप बिश्नोई ने भी तंज कसा है कि अब कांग्रेस की दुकान में माल नहीं बचा है, जबकि कुमारी सैलजा का कहना है कि अगर पार्टी अपने उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न पर चुनाव मैदान में उतारती तो नतीजे बेहतर होते, जबकि दूसरी ओर भाजपा-जजपा गठबंधन आधी से ज्यादा सीटें जीतने में सफल रहे हैं, जबकि कांग्रेस पार्टी 46 में से 35 स्थानों पर तीसरे स्थान पर खिसक गई।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान भी कोई कमाल नहीं कर पाये, उन पर यह कहावत फिट बैठती है कि सिर मुंडाते ही औले पड़े यानी उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद राज्याभा चुनावों के साथ-साथ स्थानीय निकाय चुनावों में भी पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। कुल मिलाकर कांग्रेस के लिए हरियाणा में सत्ता में लौटना आसान नहीं होगा क्योंकि मौजूदा चुनावों के रुझानों के अनुसार अभी तक प्रदेश की जनता का विशेषकर शहरी क्षेत्रों में लोगों का मोह भाजपा से भंग नहीं हुआ है। कांग्रेस के एक बड़े नेता कुलदीप बिश्नोई का पार्टी से बगावत करना और हुड्डा द्वारा पार्टी को मजबूत न कर पाना भी हाईकमान की चिंता बढ़ा रहा है। हालांकि अभी 2024 तक कोई चुनाव नहीं है परंतु अगर भूपेंद्र हुड्डा आम वोटरों से संपर्क साधने में सफल नहीं हुए तो फिर वो किस दम पर पार्टी को सत्ता में लाएंगे, जबकि अब उन्हें फ्री हैंड कर दिया गया है। रणदीप सुरजेवाला को राजस्थान से राज्यसभा में चुना गया है, कुमारी सैलजा का इस्तीफा ले लिया गया है, कुलदीप बिश्नोई को निष्कासित कर दिया गया है, बावजूद इसके हुड्डा कांग्रेस की नाव को पार नहीं लगा पाये हैं।

## 8 सालों के शासन में तीसरी बार कदम पीछे खींच सकती है मोदी सरकार

**केंद्र** की मोदी सरकार के समक्ष एक बार फिर अग्निपथ योजना पर कदम पीछे खींचने का दबाव बनना शुरू हो गया है। गौरतलब है कि इससे पूर्व प्रधानमंत्री मोदी विपक्ष और किसानों के दबाव के चलते अपने पहले कार्यकाल में वर्ष 2015 में भूमि अधिग्रहण विधेयक वापस लिया था, यह सरकार की पहली हार थी। इसके बाद कृषि कानूनों के खिलाफ पूरे देश में किसानों ने एक वर्ष से अधिक समय तक आंदोलन किया। भाजपा सरकार किसानों को व देश को इस कानून के लाभ समझाने में नाकाम रही थी। आखिरकार किसानों के दबाव के चलते तीनों कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा जो एक अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बन गया था। सरकार की इस मामले में खासी किरकिरी हुई थी। अभी इस आंदोलन को खत्म हुए चंद महीने ही बीते हैं कि अब सरकार के अग्निपथ भर्ती प्रक्रिया पर बवाल हो गया। बिहार से लेकर पूरे उत्तर भारत व बंगाल तक युवाओं ने देश में हिंसक प्रदर्शन कर करोड़ों की सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया।



देशभर में उठे इस विरोध को देखते हुए सरकार के संकटमोचन अनेक अधिकारी, नेता सामने आये और अग्निपथ भर्ती योजना के लाभ गिनवाने लगे परंतु अब देश के युवा आंदोलनकारियों पर इसका कोई असर नहीं हुआ तो फिर इसमें क्या संशोधन हो सकते हैं, उस पर भी विचार-विमर्श शुरू हो गया है। इस आंदोलन की आग देश के 13 राज्यों तक जा फैली। सरकार की पेशानी पर पसीने आ गए है और अब इस योजना को वापस लिए बिना क्या संशोधन हो सकते हैं, इस पर विचार-विमर्श किया जा रहा है परंतु अगर आंदोलनकारी इस पर शांत नहीं हुए तो फिर पहले की तरह इस भर्ती प्रक्रिया को भी वापस लेने की नौबत आ सकती है, अगर ऐसा हुआ तो यह मोदी सरकार की तीसरी नाकामी साबित होगी। अब सवाल यह उठता है कि आखिरकार मोदी की हर योजना का विरोध क्यों हो रहा है। पहले नोटबंदी फिर जीएसटी, धारा 370 को कश्मीर से हटाना, तीन तलाक अधिनियम को मंजूरी, नागरिक संशोधन अधिनियम, 10 सरकारी बैंकों का विलय की घोषणा, वगैरा-वगैरा कृषि कानूनों में बदलाव को लेकर किसानों ने लंबा आंदोलन छेड़ा तो नागरिक संशोधन अधिनियम के विरोध में मुस्लिमों द्वारा शाहीनबाग में लंबा आंदोलन चलाना अपने आप में मिसाल है। दरअसल ऐसा नहीं है कि मोदी ने जो भी कानून पिछले पांच सालों में बनाए उनका लाभ नहीं हुआ परंतु उनके हर फैसले का विरोध कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने जमकर किया। हालांकि कांग्रेस पार्टी का वजूद अनेक प्रदेशों में हाशिये पर पहुंच गया है। लोकसभा में भी उसकी सीटें 10 प्रतिशत से भी नीचे आ पहुंची हैं, बावजूद इसके कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार को हर मोर्चे पर जमकर घेरती है। विपक्ष को साथ लेकर उसकी तमाम अच्छी योजनाओं और बदलावों का भी विरोध इसलिए किया जाता है क्योंकि उन्हें मोदी का विरोध करना है। हिन्दु व मुस्लिमों का मुद्दा भी अब देशभर में सुर्खियों पर है, कहीं मंदिर के नाम पर तो कभी मस्जिदों में लाउड स्पीकरों पर अजान के नाम पर हिन्दू-मुस्लिम संगठन आमने-सामने हैं। अयोध्या के बाद काशी, मथुरा का मुद्दा भी अब सड़कों पर आ चुका है, मुस्लिम समुदाय भाजपा सरकार को अपने लिए उतना बड़ा खतरा नहीं मानता परंतु विपक्षी पार्टियां व अंतरराष्ट्रीय कट्टरपंथी संगठन मुस्लिम बिरादरी को उकसाने से बाज नहीं आ रहे कि अगर मोदी देश के प्रधानमंत्री बने रहे तो मुस्लिमों के लिए भारत सुरक्षित नहीं है।

# अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस

## नशे की लत से हैं परेशान, इन 10 खास तरीकों से पाएं निजात



**नशे की लत बहुत बुरी चीज है। यह खुद को तो नुकसान पहुंचाती है। साथ ही परिवार और करीबियों को भी बहुत परेशान करती है। पिछले दिनों खबर आई थी कि बॉलीवुड के कई बड़े सितारे नशे की लत से जूझ रहे हैं।**

**नशे** की लत बहुत बुरी चीज है। यह खुद को तो नुकसान पहुंचाती है। साथ ही परिवार और करीबियों को भी बहुत परेशान करती है। पिछले दिनों खबर आई थी कि बॉलीवुड के कई बड़े सितारे नशे की लत से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि विकासशील देशों के मुकाबले विकसित देशों में ड्रग्स का उपयोग ज्यादा है। कोकेन जैसे ड्रग्स का इस्तेमाल दुनिया के कई अमीर हिस्सों में किया जा रहा है। किसी भी लत का कोई भी रामबाण इलाज नही होता। पर हर नशे या लत से छुटकारा पाया जा सकता है। आप भी अपने किसी संबंधी को जिसे नशे की लत लगी हो छुटकारा दिलाने के लिए उपायों की खोज कर रहे हैं तो यह कुछ प्राकृतिक उपाय आपके लिए मददगार हो सकते हैं।

### आत्मविश्वास

नशा छोड़ने में सबसे बड़ी भूमिका मजबूत मन और इरादा निभाता है। अगर आपने मन में ढान लिया कि अब आप दोबारा नशे को हाथ नहीं लगाएंगे, तो पहले मन में आत्मविश्वास बढ़ाएं। खुद पर भरोसा करना शुरू करें कि इस काम को फिर से नहीं दोहराएंगे।

### घर वालों का सपोर्ट

नशा छोड़ने में घर वालों का सपोर्ट अहम भूमिका निभाता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इस दौरान सबसे जरूरी चीज घर का सपोर्ट होता है। अगर रिश्तेदार लगातार लत से जूझ रहे व्यक्ति को ताना देते रहेंगे तो उनका शराब या किसी भी तरह के नशे को छोड़ना मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में परिवार इस बात को तय करें कि उनका समर्थन करें, न कि कम समझें।



### दूरी बनाएं

कोई भी नशा छोड़ने के लिए पहले उसकी मात्रा कम करें। मसलन शराब का पैग छोटा कर दें या सिगरेट पीने से पहले उसे तोड़कर छोटी कर दें। अपने पास लाइटर, माचिस, गुटखे की पुड़िया, तंबाकू रखना छोड़ दें। डायरी बनाएं और उसमें लिखें कि नशा कब और कितनी मात्रा में, किसके साथ लेते हैं। उसे बार-बार पढ़ें। अगर किसी खास मौके या किसी खास शख्स के साथ आप ज्यादा नशा करते हैं तो उसे नजरअंदाज करें।

### दूसरे ऑप्शन तलाशें

सिगरेट या गुटखे की तलब हो तो इनकी जगह इलायची, सौंफ आदि ले सकते हैं। सिगरेट के ऑप्शन के रूप में ई-सिगरेट (इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट) या हर्बल सिगरेट यूज कर सकते हैं। हालांकि डल्यूएचओ ने ई-सिगरेट का विरोध किया है। फिर भी कुछ एक्सपर्ट मानते हैं कि कम मात्रा में यूज की जाए तो ये सिगरेट छोड़ने में मददगार हो सकती हैं। इनमें निकोटिन होता है, लेकिन कम मात्रा में।

### एकदम से नशा छोड़ें

ज्यादातर लोग धीरे-धीरे नशा छोड़ने के बारे में सोचते हैं। हालांकि, एक्सपर्ट्स इससे विपरीत सलाह देते हैं। डॉक्टर विजयवर्गीय के अनुसार, अगर आप लत छोड़ना चाहते हैं, तो एकदम से नशे की चीजों से दूरी बना लें।

### नया प्लान बनाएं

लत छोड़ने से पहले यह जानना बहुत जरूरी है कि आपने नशा करना शुरू क्यों किया था। क्योंकि अगर आप यह कारण जानते हैं, तो आपको भविष्य के लिए रणनीति तैयार करने में मदद मिलेगी। कारण जानने के बाद प्लान बनाएं कि अगर पुरानी स्थिति दोबारा आपके सामने आती है, तो आप क्या करेंगे।

### लाइफस्टाइल बदलें

एक्सपर्ट ने बताया कि नशा छोड़ने के लिए आपको मानसिक ही नहीं शारीरिक तौर पर भी तैयार होना होगा। नशा छोड़ने की प्रक्रिया के दौरान अपनी फिजिकल हेल्थ का ख्याल रखें। संतुलित डाइट लें, रात में अच्छी नींद लें और एक्सरसाइज को रुटीन में शामिल करें।

### पुरानी बीमारी का इलाज कराएं

कई बार कोई व्यक्ति किसी बीमारी के कारण ही नशा करना शुरू कर देता है। एक बीमारी को भुलाने के लिए नशे का सहारा लेता है और बाद में इसकी लत स्वास्थ्य पर और बुरा असर डालती है। ऐसे में नशे का कारण जानें और अगर वह कारण एक बीमारी है, तो पहले उसका इलाज कराएं।

### अदरक का इस्तेमाल

अदरक के छोटे छोटे टुकड़े काट ले। अब इन पर सेंधा नमक बुरक ले, अब इन टुकड़ो पर निम्बू निचोड़ कर धुप में सूखने के लिए रख दे। यह जैसे ही सूखते हैं वैसे ही आपकी दवा तैयार हो जाती हैं। अब जब भी किसी नशे की लत लगे तो ये टुकड़ा निकाल कर चूसते रहे। ये अदरक मुह में घुलती नहीं इसे आप सुबह से शाम तक मुह में रख सकते हैं।

